CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 21 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 250 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार की नीयत साफ हो, तो योजनाएं अपना रास्ता बना लेती हैं: योगी पेज 2



भारत को पाकिस्तान के 'पलटवार' से सतर्क रहना होगा खेल टाइम्स



सऊदी अरब को परमाणु हथियार देगा पाकिस्तान: रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ पेज 11



शाहरुख खान की 'किंग' पर सबकी नजर बॉलीवुड


## टैरिफ के नशे में चूर ट्रम्प को चढ़ा नया फितूर

# H-1B वीजा के लिए 88 लाख रुपये वसूलेगा अमेरिका, यात्री जहाज से उतरे

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिका अब** एच-1बी वीजा के लिए हर साल एक लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपये) एप्लिकेशन फीस वसूलेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इस ऑर्डर पर साइन किए। नए चार्ज 21 सितम्बर से लागू होंगे। एच-1बी वीजा के लिए पहले औसतन 5 लाख रुपये लगते थे। यह 3 साल के लिए मान्य होता था। इसे 3 साल के लिए रिन्यू किया जा सकता था।

अब अमेरिका में एच-1बी वीजा के लिए 6 साल में 5.28 करोड़ लगेंगे, यानी खर्च करीब 50 गुना से ज्यादा बढ़ जाएगा। अमेरिकी सरकार हर साल लॉटरी से 85,000 एच-1बी वीजा जारी करती है, जिनका इस्तेमाल ज्यादातर तकनीकी नौकरियों में होता है। सबसे ज्यादा भारतीय (72 फीसदी) इसका इस्तेमाल करते हैं। अब वीजा फीस बढ़ने से 3 लाख से ज्यादा भारतीयों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। ट्रम्प ने 19 सितम्बर को एच-1बी वीजा को लेकर




**छह साल का खर्च 50 गुना बढ़ा, तीन लाख भारतीयों पर असर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में ऑर्डर पर किए हस्ताक्षर**

**2023 में एच-1बी वीजा लेने वालों में से 1,91,000 लोग भारतीय थे, ये आंकड़ा 2024 में बढ़कर 2,07,000 हो गया**

नियमों में बदलाव से जुड़े ऑर्डर पर साइन किए। ट्रम्प ने एच-1बी में बदलाव के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लॉन्च किए हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड, ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड और कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड (8.8 करोड़ कीमत) व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। एच-1बी वीजा एक नॉन-इमिग्रेंट वीजा है। यह वीजा लॉटरी के जरिये दिए जाते रहे हैं, क्योंकि हर साल कई सारे लोग इसके लिए आवेदन करते हैं। यह वीजा स्पेशल टेक्निकल स्किल जैसे आईटी, आर्किटेक्चर -**शेष पृष्ठ दो पर**

### एच-1बी वीजा की फीस बढ़ने के बाद भारतीय यात्रियों में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच-1बी वीजा की फीस बढ़ा दी है। इससे देश लौट रहे भारतीय यात्रियों में हड़कंप मच गया है। सैन फ्रांसिस्को से भारत आ रही फ्लाइट में कई भारतीय यात्रियों ने बैठने के बाद ही विमान से उतरने की मांग कर दी। इसके अलावा दुबई से अमेरिका जा रही फ्लाइट में बैठे कई यात्री भी एयरपोर्ट पर ही उतर गए। उन्हें डर था कि वे समय पर अमेरिका नहीं पहुंच पाएंगे और नए नियम लागू होने के बाद दोबारा एंट्री मुश्किल होगी। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और जेपी मार्गन जैसी कंपनियों ने भी अपने कर्मचारियों को अमेरिका से बाहर न जाने की सलाह दी है। वहीं, छुट्टियों या त्योहारों के लिए भारत आए कई भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स अब फंस गए हैं। ट्रम्प के ऐलान के तुरंत बाद भारत-अमेरिका फ्लाइट का किराया दोगुना हो गया। दिल्ली से न्यूयॉर्क के लिए एकतरफा टिकट जो 37 हजार रुपये में मिल रहा था, वह 70-80 हजार रुपये तक पहुंच गया।

### लुढ़के अमेरिका में सूचीबद्ध भारतीय आईटी कंपनियों के शेयर

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा की फीस में बेतहाशा बढ़ोतरी सेअमेरिका में भारतीय आईटी और बैंकिंग कंपनियों के शेयर गिर गए। अउस समय तक भारत में शेयर बाजार बंद हो चुके थे, लेकिन अमेरिका में भारतीय आईटी और बैंकिंग कंपनियों पर उसका असर देखा गया। नैसडेक में सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों कॉग्निजेंट का शेयर 4.73 प्रतिशत लुढ़क गया। इंफोसिस में 3.41 प्रतिशत और विप्रो में 2.10 प्रतिशत की गिरावट रही। सिफी टेक्नोलॉजीज का शेयर 0.17 प्रतिशत टूट गया। एचडीएफसी बैंक का शेयर 0.48 फीसद और आईसीआईसीआई बैंक का 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## विकसित भारत में वर्तमान न्यायिक व्यवस्था बड़ी बाधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री की इकोनॉमिक एडवाइजर काउंसिल (ईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत के लिए हमारा ज्यूडिशियल सिस्टम सबसे बड़ी बाधा है। कई कानून ऐसे हैं, जो समस्या को आसान की बजाय जटिल बना देते हैं।

कोर्ट में माई लॉर्ड जैसे शब्दों से भी आपत्ति है, जो अंग्रेजों के जमाने के हैं। इन्हें बदलना चाहिए। इसके साथ ही सान्याल ने अदालतों में महीनों तक छुट्टी होने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका भी राज्य के किसी भी अन्य हिस्से की तरह एक सार्वजनिक सेवा है। क्या आप पुलिस विभाग या अस्पतालों को महीनों तक बंद रख सकते हैं। संजीव सान्याल ने ये बातें दिल्ली में भारतीय महाधिवक्ता के सम्मेलन में कहीं। इस सम्मेलन का विषय 2047 में विकसित भारत के लिए भारत के कानूनी आधार की पुनर्कल्पना था। सान्याल ने आगे कहा कि भारत की सबसे बड़ी दिक्कत कानून और न्याय को समय पर लागू न कर पाना है। हमारे देश में समझौते और न्याय समय पर पूरे नहीं होते। इस वजह से भले ही हम सड़कों, इमारतों या शहरों पर बहुत पैसा

**पीएम के एडवाइजर बोले- माई लॉर्ड शब्द अंग्रेजों ने दिया, इसे बदलना चाहिए, कोर्ट में महीनों तक छुट्टी गलत**

खर्च करें, असली विकास रुक जाता है। उन्होंने एक 99-1 समस्या का जिक्र किया। असल में सिर्फ 1 फीसदी लोग नियमों का गलत इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्योंकि हमें भरोसा नहीं है कि अदालतें ऐसे मामलों को जल्दी सुलझा देंगी, तो सरकार सारे नियम ऐसे बनाती है कि उस 1 फीसदी को भी रोका जा सके। नतीजा ये होता है कि बाकी 99 फीसदी ईमानदार लोग भी उन जटिल नियमों में फंस जाते हैं। सान्याल ने कहा कि मुकदमा दायर करने से पहले अनिवार्य मध्यस्थता का नियम सही सोच के साथ लाया गया था, लेकिन असल में उल्टा असर कर गया।

### वोट चोरी कर सत्ता में आए मोदी हमारे पास पक्के सबूत: राहुल गांधी

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को फिर से वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास एक हाइड्रोजन बम सबूत है, जो पूरी सच्चाई को सामने लाएगा और साबित करेगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की। उन्होंने वायनाड में कहा कि हम एक हाइड्रोजन बम लाने जा रहे हैं, जो स्थिति को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हम जो कह रहे हैं, उसके हमारे पास स्पष्ट प्रमाण हैं। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह रहा हूं।

### सिंगर जुबीन की मौत मामले में ऑर्गेनाइजर व मैनेजर पर FIR

**गुवाहाटी।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आर्गेनाइजर श्यामकानु महंत और सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ असम के मोरीगांव पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। दोनों पर आरोप है कि जुबीन को इवेंट के बहाने विदेश ले जाया गया, लेकिन असली मकसद उनकी हत्या करना था। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि सरकार जुबीन की मौत की जांच कराएगी। राज्य भर में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसलिए डीजीपी हरमीत सिंह को निर्देश दिया है कि सभी एफआईआर मिलाकर एक केस दर्ज करें और जांच सीआईडी को सौंपी जाए।

### बर्खास्त IAS पूजा खेडकर का फैमिली बॉडीगार्ड अरेस्ट

**पुणे।** बर्खास्त आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के परिवार के बॉडीगार्ड प्रफुल सालुंखे को नवी मुंबई पुलिस ने धुले से गिरफ्तार किया है। पूजा के पिता दिलीप और मां मनोरमा फरार हैं। इन तीनों पर एक ट्रक हेल्पर के अपहरण और मारपीट करने का आरोप है। इससे पहले 15 सितम्बर को जब पुलिस हेल्पर के अपहरण मामले में खेडकर के घर पहुंची थी, तो मनोरमा खेडकर ने पुलिस से बदसलूकी की और उन पर कुत्ता छोड़ दिया था। हालांकि, पुलिस ने हेल्पर को छुड़ा लिया था। इस दौरान दिलीप व मनोरमा ने अगले दिन थाने आने का वादा किया था, लेकिन दोनों एसयूवी समेत फरार हो गए थे। पुलिस ने मनोरमा पर सरकारी काम में बाधा डालने, सबूत नष्ट करने और आरोपी को बचाने का मामला दर्ज किया है।

### दिल्ली के कई स्कूलों को फिर बम की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह फिर एक बार फिर कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी सुबह करीब साढ़े नौ बजे फोन कॉल्स और संदेशों के माध्यम से मिली, जिसके तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमकी पाने वाले स्कूलों में डीपीएस द्वारका, कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल, सर्वोदय विद्यालय और सर्वोदय को-एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुतुब मीनार (महरौली) शामिल हैं।

## एच-1बी वीजा: राहुल व खड़गे ने मोदी को बताया कमजोर पीएम

**नई दिल्ली।** पार्टी के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता ने श्री मोदी को फिर कमजोर प्रधानमंत्री बताया और कहा कि मैं दोहराता हूं, भारत के पास एक कमजोर प्रधानमंत्री है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मोदी को कमजोर प्रधानमंत्री कहने वाले श्री गांधी के पांच जुलाई 2017 के ट्वीट का हवाला देते हुए कहा कि आठ साल बाद राहुल गांधी एक बार फिर सही साबित हुए हैं। उन्होंने 2017 में भी यही कहा था और कुछ नहीं बदला। भारत अभी भी एक कमज़ोर प्रधानमंत्री के साथ फंसा हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के एच-1-बी1 वीजा शुल्क में भारी वृद्धि करने के निर्णय को भारतीयों के लिए निराशाजनक बताते हुए

**कहा: मोदी एक बार फिर अमेरिका के सामने कमजोर प्रधानमंत्री साबित हुए**

कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर अमेरिका के सामने कमजोर प्रधानमंत्री साबित हुए हैं। श्री खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री जी जन्मदिन की फोन पर मिली बधाई के बाद आपको मिले रिटर्न गिफ्ट्स से देश के लोग दुखी हैं। ट्रम्प सरकार की ओर से आपके 'अबकी बार, ट्रम्प सरकार' जन्मदिन का रिटर्न गिफ्ट है, एच-1बी वीज़ा पर एक लाख डॉलर का वार्षिक शुल्क का सबसे ज्यादा असर भारतीय तकनीकी कर्मियों पर है, क्योंकि 70 प्रतिशत एच-1बी वीजा धारक भारतीय हैं।

### गैर न्यायिक ट्रिब्यूनल सदस्य नहीं पारित करते सरकार के खिलाफ आदेश: गवई

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने न्यायाधिकरणों (ट्रिब्यूनल) के गैर न्यायिक सदस्यों को लेकर अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरणों के कुछ गैर-न्यायिक सदस्य सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से बचते हैं। इसमें से अधिकतर गैर न्यायिक सदस्य पूर्व नौकरशाह होते हैं। उनको इस पर विचार करना चाहिए। नई दिल्ली में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण 2025 के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन सीजेआई बीआर गवई ने ट्रिब्यूनल और न्याय प्रणाली से जुड़े मुद्दों को लेकर बात की। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुए आयोजन में सीजेआई गवई ने कहा कि प्रशासनिक न्यायाधिकरण न्यायालयों से अलग हैं।

## चिप हो या शिप, हमें बनाने होंगे: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के भावनगर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने समुद्र से समृद्धि कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे भारत में समुद्र से समृद्धि से जाने की ओर हमारी दिशा क्या है, उसके लिए शनिवार को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। गुजरात और भावनगर के लोगों को बहुत-बहुत बधाई। 17 सितम्बर को आप सबने अपने नरेन्द्र भाई को जो शुभकामनाएं भेजी हैं, देश

**कहा: इसी सोच के साथ आज भारत समुद्री क्षेत्र में भी नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म करने जा रहा है**

और दुनिया से जो मुझे शुभकामनाएं मिली हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत आज विश्वबंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है।

### उधमपुर में मुठभेड़, एक जवान शहीद, एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ जवान शनिवार सुबह शहीद हो गया। वहीं एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मुठभेड़ दूदू-बसंतगढ़ और डोडा के भद्रवाह में सोजधार के जंगलों में हो रही है। शुक्रवार रात करीब 8 बजे सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान वहां छिपे जैश के 2-3 आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ वाले इलाके में रातभर कड़ी घेराबंदी कर शनिवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। उधमपुर और डोडा दोनों तरफ से हवाई निगरानी के लिए ड्रोन, हेलीकॉप्टर और जमीन पर खोजी कुत्तों से लैस फोर्स आतंकियों की तलाश कर रही है।

## इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा MIG-21

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की रीढ़ कहे जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट 26 सितम्बर को रिटायर हो जाएगा। 62 साल की सर्विस के दौरान इसने 1971 युद्ध, कारगिल और कई मिशनों में अहम भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एलसीए एमके1ए को शामिल किया जाएगा।

चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी जाएगी। इसके बाद विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी। मिग-21 जेट 1963 में पहली बार भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की

**मिग-21 फाइटर जेट 26 सितम्बर को रिटायर हो जाएगा**

**62 साल पहले एयरफोर्स में शामिल हुआ था मिग-21, 3 जंग में शामिल रहा, अब तक 400 क्रैश**

गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता है। फाइटर जेट की आखिरी 2 स्क्वाड्रन (36 मिग.21) राजस्थान के बीकानेर में नाल एयरबेस पर तैनात है। इन्हें नंबर 3 स्क्वाड्रन कोबरा और नंबर 23 स्क्वाड्रन पैंथर्स के नाम से जाना जाता है। मिग-21 जेट ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम



और 1999 के कारगिल युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एमके1ए फाइटर एयरक्राफ्ट लेंगे। रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 400 से ज्यादा मिग-21 विमान क्रैश हुए हैं। इसमें 200 से ज्यादा पायलट मारे गए गए हैं। इसी वजह से फाइटर प्लेन को 'उड़ता ताबूत' और 'विडो मेकर' कहा जाता है। अक्टूबर 2023 में मिग-21 लड़ाकू विमान ने राजस्थान के बाड़मेर शहर के ऊपर से आखिरी बार उड़ान भरी थी। भारत ने 900 मिग-21 फाइटर जेट खरीदे थे। इनमें से 660 हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एलएएल) ने देश में ही बनाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समय भारतीय वायुसेना के बेड़े में सिर्फ 36 मिग-21 फाइटर जेट ही बचे हैं। इसने कई दशकों तक बेहतरीन सेवा दी। फरवरी 2019 पुलवामा अटैक में भारत के 40 जवान शहीद हुए थे। इसके 2 हफ्ते बाद 26 फरवरी को वायुसेना ने मिराज जेट्स से बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कैंप पर एयर स्ट्राइक की थी।



## संक्षिप्त समाचार

### आज अपराधियों में दिखता है कानून का खौफः ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि 2017 के बाद से मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए अभियान शुरू हुआ। आज आलम यह है कि अपराधी मुख्यमंत्री योगी का नाम सुनकर ही कांप जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2017 से पहले क्या हालात थे किसी से छुपे नहीं। हमारी बहनें 2017 से पहले प्रदेश की स्थिति को एक बार याद करें। 2017 से पहले बेटी 5 बजे घर नहीं आती थी, तो परिवार घबराता था।नारा चलता था देख सपाई बिटिया घबराई। श्री पाठक ने कहा कि आज अपराधी गले में तख्ती लटका कर कह रहे हैं अपराध नहीं करना है।आज अपराधी अपराध से तौबा तौबा चिल्ला रहे हैं।

### इस्लाम में फिल्में देखना और दिखाना नाजायजः रजवी

**बरेली।** ऑल इंडिया जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बरेली में एक बयान जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनी फिल्म को देखना और दिखाना दोनों को नाजायज बताया है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में फिल्में देखना शरीयत के नजरिए से गलत है और जो भी इसे देखता है, उसे तौबा करनी चाहिए। मौलाना ने यह बयान पीएम मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जोड़ते हुए दिया, जहां उन्होंने फिल्म को लेकर सख्त रुख अपनाया। मौलाना शहाब. द्दीन ने कहा कि इस्लाम में फिल्में देखना नाजायज है। अगर कोई इसे देखता है, तो वह शरीयत के हिसाब से गलत है। उनका यह बयान सोशल मीडिया और स्थानीय समुदाय में चर्चा का विषय बन गया है।

# यूपी में नियुक्तियों में हुए घोटालेः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 9 साल में नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए हैं, सरकार खुद शामिल है इन घोटालों में। बड़े पैमाने पर भेदभाव पीडीए परिवार के साथ हो रहा है।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में योगी सरकार पर हमला बोलते हुए अखिलेश ने कहा कि सरकार यह आंकड़े भी बताए कि सबसे ज्यादा असुरक्षित बेटियां कहां है? सबसे ज्यादा कस्टोडियल डेथ कहां हो रही है? उन्होंने कहा कि सरकार यह



■ योगी सरकार के नौ साल के कार्यकाल में पीडीए के साथ भेदभाव

आंकड़े भी बताए कि सबसे ज्यादा असुरक्षित बेटियां कहां है? सबसे ज्यादा कस्टोडियल डेथ कहां हो रही है? हिमालयों को बचाया नहीं जा रहा, उनमें डायनामाइट लगाकर सड़के बनाई जा रही है।

छुट्टा जानवर, अन्ना पशुओं की समस्या के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार ने देश के प्रधानमंत्री जी से भी आश्वासन दिलवा दिया था, सोचिए डबल इंजन क्या कर रहा है।

### हमारे देश की विदेश नीति फेलः सपा

**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1बीजा आवेदकों को प्रायोजित करने वाली कंपनियों द्वारा दी जाने वाली फीस को बढ़ाकर 100,000 डॉलर करने के आदेश पर यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार को घेरा है।

सपा मुखिया ने कहा कि हमारी विदेश नीति कमजोर ही है। हमारी तैयारी क्या है? हमारे देश को आर्थिक रूप से जितना मजबूत दिखाई देना चाहिए था, हमें नहीं दिख रहे हैं। हम दूसरे देशों पर निर्भर होते जा रहे हैं।

# घरेलू हिंसा में अंतिम घटनास्थल की अदालत को सुनवाई का अधिकारः हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा में अंतिम बार जहां घटना होती है, वहां की अदालत को मामले की सुनवाई का अधिकार है। इस टिप्पणी संग कोर्ट ने बरेली की अपर सत्र अदालत के आदेश को रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की एकल पीठ ने चरनजीत कौर की याचिका पर दिया है।

बरेली निवासी युवती की शादी उत्तराखंड में हुई थी, लेकिन वह राजस्थान में रह रही थी। घरेलू हिंसा की शिकायत के बाद वह बरेली आ गई और वहां पुलिस से शिकायत की। इस पर थाने में दोनों पक्ष एकत्र हुए तो ससुरालवालों ने उसे धमकी दी। इसी घटना के आधार पर उसने बरेली की अदालत में गुजारा भत्ता के लिए याचिका दायर की।

■ बरेली की महिला की याचिका पर निचली अदालत का आदेश रद्द

इस पर मजिस्ट्रेट ने पति को 9,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। इस आदेश को अपर सत्र अदालत ने यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि बरेली की अदालत को इस मामले की सुनवाई का अधिकार नहीं है। इस आदेश को पीड़िता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा कानून के अनुसार जहां पीड़ित स्थायी या अस्थायी रूप से रहता है या जहां विपक्षी रहता है या जहां हिंसा की आखिरी घटना हुई हो, वहां की अदालत को मामले की सुनवाई का अधिकार है। बरेली में ही पीड़िता के साथ आखिरी बार घरेलू हिंसा की घटना हुई थी। इसलिए वहां की अदालत को उसकी याचिका पर सुनवाई का अधिकार है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुरादाबाद के सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को सशर्त अग्रिम जमानत दे दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने आरोपी अनुज सिरोही की अर्जी पर दिया। अनुज के खिलाफ मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा थाने में अश्लील वीडियो बनाने, वायरल करने के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उसने जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की। याची के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि उसे झूठे आरोपों में फंसाया गया है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप सीधे तौर पर सही नहीं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सह-अभियुक्त विजय की याचिका पर हाईकोर्ट ने पहले ही रोक लगा रखी है और शिकायतकर्ता के बयानों में विरोधाभास है। वहीं सरकारी वकील ने जमानत का विरोध किया।

## सीएम ने यूपी के थानों में लॉन्च किया मिशन शक्ति-5 अभियान

# यूपी की बेटियां खुद बना रहीं अपने रास्तेः योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 1,647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का बटन दबाकर उद्घाटन किया। साथ ही मिशन शक्ति केंद्रों की एसओपी पुस्तिकाओं, बुकलेट और सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश फोल्डर का विमोचन भी किया। सीएम ने कहा कि पहले बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, लेकिन आज वे खुद अपने रास्ते बना रही हैं।

उन्होंने कहा कि नारी सम्मान उनकी प्राथमिकता है, यही वजह है कि 2017 के बाद से प्रदेश में महिलाओं की स्थिति में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। सरकार की नीयत साफ होती है, तो योजनाएं खुद अपना रास्ता बना लेती हैं। सीएम योगी ने कहा कि मिशन शक्ति के 5वें चरण का शुभारंभ करते हुए गर्व हो रहा



■ महिला पुलिस कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 44 हजार हुई

है। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने नारी को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का मार्ग दिखाया है, जिसे तेजी से आगे बढ़ाया गया। आजादी के बाद से 2017 तक पुलिस में महिला कर्मचारियों की संख्या महज 10,000 थी, लेकिन 2017 से अब तक यह संख्या 44,000 से अधिक हो गई है। हर भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जा रहा है। हाल ही में संपन्न 60,200 पुलिस कर्मचारियों की भर्ती में 12 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई हैं, जो वर्तमान में ट्रेनिंग ले रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और अन्य विभागों में भी महिला भर्ती को बढ़ावा दिया गया। 2017 से पहले ट्रेनिंग की कमी एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में ही 60,200 से अधिक पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग संभव हो रही है।

इसके अलावा, बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना पर कहा कि बेटी के जन्म से स्नातक तक 25,000 रुपये का पैकेज दिया जाता है। जन्म पर 5,000 रुपये, एक वर्ष पर 2,000 रुपये (टीकाकरण के बाद), पहली और छठी कक्षा में 3,000-3,000 रुपये, 9वीं में 5,000 रुपये और 12वीं पास करने पर 7,000 रुपये दिए जाते हैं।

### उप्र में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं

**लखनऊ।** फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर पर फायरिंग के मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में जो भी महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करेगा और कानून व्यवस्था को तोड़ेगा उसका बुरा हश्र होगा। कहा कि यूपी में अपराधियों की कोई जगह नहीं है। एक अपराधी मारीच बनकर आया था। वो जब पुलिस की गोली से घायल हुआ तो कहने लगा कि मुझसे गलती हो गई, जो मैं उत्तर प्रदेश आ गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सजग है। इसमें खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि सरकार अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है। बता दें कि दिशा पाटनी के बरेली स्थित पुश्तैनी आवास पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। घटना पर एसएसपी अनुराग आर्या ने कहा कि मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में आरोपी रामनिवास को गिरफ्तार कर लिया गया। वारदात में उसके साथ रहे अनिल नामक युवक को भी दबोच लिया गया है। बता दें कि मुठभेड़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दिखाया गया है कि घायल आरोपी जमीन पर गिरा हुआ है और पुलिस से हाथ जोड़कर कह रहा है, ष्बाबा के उत्तर प्रदेश में कभी नहीं आएंगे सर। पुलिस ने आरोपियों के पास से .32 बोर की पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और चार चले हुए खोखे बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी रामनिवास ने घर में फायरिंग की बात कबूल की।

# गेस्ट हाउस में चल रहे सेक्स रैकेट का किया भंडाफोड़

**अयोध्या, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में अयोध्या कैंट के फतेहगंज क्षेत्र में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार रात छापेमारी करके सेक्स रैकेट सरगना, तीन पुरुष और ग्यारह महिलाओं को रंगेहाथ दबोच लिया और पूछताछ के लिए नगर कोतवाली ले गई।

क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह ने छापेमारी अभियान की कमान खुद संभाली। इस गेस्ट हाउस में पुलिस पहले भी छापेमारी कर चुकी है। पुलिस ने गेस्ट हाउस को सील कर दिया है। अयोध्या कैंट क्षेत्र के व्यापा. रिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले फतेहगंज के खीर वाली गली स्थित एक गेस्ट हाउस में यह देह व्यापार संचालित हो रहा था। पुलिस को मौके पर तीन पुरुष व 11 महिलाएं मिली, जिन्हें हिरासत में लेकर पुलिस

■ अयोध्या कैंट में चल रहा था धंधा, सात पकड़े

पूछताछ कर रही है। इसमें गेस्ट हाउस संचालक गणेश अग्रवाल भी शामिल है। इस प्रकरण में कोतवाली नगर में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। फतेहगंज चौकी के ठीक सामने खीर वाली गली है। इस गली में कुछ दूरी पर राणी सती गेस्ट हाउस है। इस गेस्ट हाउस में स्थानीय लोगों के द्वारा काफी दिन से देह व्यापार संचालन की शिकायतें की जा रही थी। गेस्ट हाउस पर इसके पहले भी इस तरह के आरोप लगते रहे है। फतेहगंज चौकी क्षेत्र से कुछ दूरी पर स्थित यह गेस्ट हाउस चर्चा का विषय बना हुआ था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस की टीम सक्रिय हुई। जिसके बाद अचानक गेस्ट हाउस में छापेमारी की गई और यहां सेक्ट रैकेट के संचालित होने की बात सामने आई।

## अर्थ व्यापार

**सेंसेक्स** 81785.74
**निफ्टी** 25069.20

**सोना रु.** 114000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

**चांदी रु.** 130040
प्रति किलो



# उप्र में आउटसोर्स नौकरियों के ग्रेड बांटे

## चार श्रेणियों में किया विभाजित, आठ सेवाओं में मिलेगा 40000 मानदेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों में आउटसोर्स के जरिए भर्ती को लेकर यूपी आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिसके बाद आउटसोर्स कर्मियों की भर्ती अब निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ हो सकेगी। सरकार ने आउटसोर्स की भर्तियों के लिए चार श्रेणियां बनाई हैं। जिनके लिए अलग-अलग वेतनमान निर्धारित किया गया है।

यूपी के सरकारी विभागों में आउटसोर्स कार्मिकों को श्रेणी एक, श्रेणी दो, श्रेणी तीन और श्रेणी चार में विभाजित किया गया है। इन कर्मचारियों ने न्यूनतम 20 हजार रुपये से 40 हज़ार रुपये तक का मानदेय मिलेगा। इसके साथ ही कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा आदि का लाभ दिया जाएगा। आउटसोर्स सेवा निगम के

■ सरकार ने सभी के लिए अलग-अलग वेतनमान रखे

गठन के बाद आउटसोर्स के कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगेगी। कर्मचारियों की भर्ती लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के जरिए होगी।

**ग्रेड तीन और चार का नहीं होगा इंटरव्यूः** हालांकि ग्रेड 3 और ग्रेड चार के लिए भर्ती सिर्फ लिखित परीक्षा के आधार पर होगी, इसके लिए कोई इंटरव्यू नहीं होगा। पहली श्रेणी में डॉक्टर, इंजीनियर, लेक्चरर, प्रोजेक्ट आफिसर, एकाउंट आफिसर, असिस्टेंट आर्किटेक्ट और रिसर्च आफिसर जैसे पद है। इनके लिए शैक्षणिक योग्यताओं में डॉक्टर के लिए एमबीबीएस, असिस्टेंट इंजीनियर के लिए बी-टेक, लेक्चरर के लिए परास्नातक डिग्री निर्धारित की गई है। इनके लिए 40 हज़ार का वेतनमान तय किया गया है। श्रेणी दो में जूनियर इंजीनियर, स्टाफ नर्स समेत अन्य पदों को शामिल किया गया है। इसके लिए जरूरी शैक्षिक योग्यता निर्धारित की गई हैं। दो श्रेणी के कार्मिकों को 25 हजार रुपये वेतन दिया जाएगा। तीसरी श्रेणी में ऑपरेटर, पैरामेडिकल, जूनियर असिस्टेंट, जूनियर स्टेनोग्राफर, टाइपिस्ट, टेलीफोन आपरेटर, स्टोर कीपर, फोटोग्राफर, डाटा एंट्री आपरेटर, लाइब्रेरियन जैसे पद हैं। इनके लिए अधिकतम वेतनमान 22 हजार होगा। चौथी श्रेणी में कक्षा आठ से 10वीं पास अभ्यार्थियों को शामिल किया गया है। इनमें ऑफिस सहायक, लिफ्ट आपरेटर, लैब अटेंडेंट, रिकॉर्ड असिस्टेंट, अर्दली, अनुसेवक, स्टोर सहायक, नाई, मोची, राजमिस्त्री, मेट, निर्माण सहायक, लोहार, बढ़ई, क्रेन आपरेटर, पेंटर, धोबी, नाविक, क्लीनर, कुली, चौकीदार, माली जैसे पद हैं। इन्हें 20 हज़ार तक वेतन मिलेगा।

### सोने-चांदी के दाम ने फिर पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** देशभर में पिछले कई दिनों से ऊपर चढ़ रहे सोने के भाव में एक बार फिर तेजी आई है। सोना 890 रुपए महंगा हुआ है, वहीं चांदी 1880 रुपए महंगी हुई है। भारत में 24 कैरेट गोल्ड का रेट 114,000 रुपए प्रति 10 ग्राम है। जबकि बीते दिन यह 109,530 रुपए प्रति 10 ग्राम था। देश में चांदी भी 130,040 रुपए प्रति 1 किलो बिक रही है, जो बीते दिन 128,160 रुपए/किलो थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने का भाव 890 रुपये बढ़कर 114,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। बढ़ते वैश्विक तनाव और अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों से सोने की कीमतों में तेजी आई। अगर आप सोने के गहने खरीदने जा रहे हैं, तो कभी भी क्वालिटी से समझौता न करें। हॉलमार्क देखकर ही गहने खरीदें, क्योंकि यही सोने की सरकारी गारंटी है। भारत में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स हॉलमार्क का निर्धारण करता है। हर कैरेट के हॉलमार्क अंक अलग होते हैं, जिसे ध्यान से रखकर ही सोना खरीदें। अगर आप ऐसा नही करते हैं, तो आपके सोने में मिलावट भी हो सकती है।

# उत्तर प्रदेश के 11 संस्थानों में मुफ्त होगी कीमोथेरेपी, मेरठ में भी सेंटर

**लखनऊ।** कैंसर से पीड़ित मरीजों की बढ़ोतरी होने से चिंतित उत्तर प्रदेश सरकार ने इससे निपटने के लिए समाधान निकाला है। राज्य के 11 प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में निशुल्क कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पहले यह सुविधा नहीं थी। इसके लिए चिकित्सा संस्थानों में डे केयर कैंसर सेंटर खोले जा रहे हैं। इसमें स्क्रीनिंग के साथ ही 24 घंटे कीमोथेरेपी की सुविधा मिलेगी। एक लाख से पांच लाख तक की दवाएं (कीमो) भी निशुल्क मिलेंगी। पूर्वांचल में वाराणसी के साथ ही गोरखपुर में भी सेंटर बनेगा। आगरा, प्रयागराज, मेरठ, अलीगढ़ में भी सेंटर बनाया जा रहा है।

यूपी सरकार ने नेशनल हेल्थ मिशन के तहत मेडिकल यूनिवर्सिटी, रिसर्च इंस्टीट्यूट और मेडिकल कॉलेजों में डे केयर कैंसर सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। इस सेंटर की खासियत यह है कि यहां ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर पीड़ितों की फ्री जांच की जाएगी, उनका इलाज भी किया जाएगा। एम्स बीएचयू को नोडल सेंटर भी बनाया गया है। इससे वाराणसी के आस-पास के जिलों को जोड़ा गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक डा. रतन पाल



सिंह सुमन ने बताया कि लखनऊ में 4 सेंटर खुलेंगे। 24 घंटे मरीजों को सेवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रही है। बहुत सारी सुविधाएं और स्कीम सरकार के तहत चलाई जा रही हैं। मरीजों को इलाज मिल पा रहा है, लेकिन फिर भी कीमोथेरेपी सरकारी मेडिकल संस्थान में निशुल्क होना जरूरी है। जिनके पास कमाने के साधन नहीं हैं, उन मरीजों को इसकी बहुत जरूरत है। अभी तक मेडिकल संस्थान में कीमोथेरेपी के लिए कुछ शुल्क निर्धारित किए गए थे, लेकिन अब यह बिल्कुल फ्री होगा तो इससे मरीजों को राहत मिलेगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एच-1बी...**

और हेल्थ जैसे प्रोफेशन वाले लोगों के लिए जारी होता है। अमेरिकी सरकार हर साल 85,000 एच-1बी वीजा जारी करती है, जिनका इस्तेमाल ज्यादातर तकनीकी नौकरियों में होता है। इस साल के लिए आवे. दन पहले ही पूरे हो चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, केवल अमेजन को ही इस साल 10,000 से ज्यादा वीजा मिले हैं, जबकि माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों को 5,000 से अधिक वीजा स्वीकृत हुए हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल एच-1बी वीजा का सबसे ज्यादा फायदा भारत को मिला। हालांकि इस वीजा कार्यक्रम की आलोचना भी होती है। कई अमे. रिकी तकनीकी कर्मचारियों का कहना है कि कंपनियां एच-1बी वीजा का इस्तेमाल वेतन घटाने और अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां छीनने के लिए करती हैं। एच-1बी वीजा के नियमों में बदलाव से 3,00,000 से ज्यादा भारतीय प्रभावित होंगे।

साल 2023 में एच-1बी वीजा लेने वालों में 1,91,000 लोग भारतीय थे। ये आंकड़ा 2024 में बढ़कर 2,07,000 हो गई। भारत की आईटी/टेक कंपनियां हर साल हजारों कर्मचारियों को एच-1बी पर अमेरिका भेजती हैं। हालांकि, अब इतनी ऊंची फीस पर लोगों को अमेरिका भेजना कंपनियों के लिए कम फायदेमंद होगा। 71 फीसदी भारतीय एच-1बी वीजा धारक हैं और यह नई फीस उनके लिए बड़ा आर्थिक बोझ बन सकती है। खासकर मिड-लेवल और एंट्री-लेवल कर्मचारियों को वीजा मिलना मुश्किल होगा। कंपनियां नौकरियां आउटसोर्स कर सकती हैं, जिससे अमेरिका में भारतीय पेशेवरों के अवसर कम होंगे। नए नियम के अनुसार, एच-1बी वीजा के लिए +100,000 (लगभग 88 लाख रुपये) की फीस हर साल देनी होगी। यह फीस नए आवेदनों और मौजूदा वीजा धारकों के नवीनीकरण दोनों पर लागू होगी। यह फीस 21 सितम्बर 2025 से लागू होगी और 12 महीनों के लिए प्रभावी रहेगी, जब तक कि इसे बढ़ाया न जाए। कंपनियों को इस भुगतान का प्रमाण रखना होगा। यदि भुगतान नहीं किया गया, तो याचिका को अमेरिकी राज्य विभाग या होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) रद्द कर देगा। अगर कोई एच-1बी कर्मचारी 21 सितम्बर के बाद देश छोड़ता है, तो वापस अमेरिका आने के लिए उसकी कंपनी को 88 लाख का भुगतान करना होगा। यही कारण है कि इस फैसले के बाद माइक्रोसॉफ्ट, जेपी मार्गन और अमेजन जैसी कंपनियों ने एच-1बी वीजा होल्डर कर्मचारियों को अमेरिका में ही रहने की सलाह दी है। रायटर्स के मुताबिक बाहर रहने वाले कर्मचारियों को सलाह दी कि वे शनिवार रात से पहले वापस आ जाएं। भारत हर साल लाखों इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के ग्रेजुएट तैयार करता है, जो अमेरिका की टेक इंडस्ट्री में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, काग्निजेंट और एचसीएल जैसी कंपनियां सबसे ज्यादा अपने कर्मचारियों को एच-1बी वीजा स्पॉन्सर करती हैं। कहा जाता है कि भारत अमे. रिका को सामान से ज्यादा लोग यानी इंजीनियर, कोडर और छात्र एक्सपोर्ट करता है। अब फीस महंगी होने से भारतीय टैलेंट यूरोप, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मिडिल ईस्ट के देशों की ओर रुख करेगा।

# मुरादाबाद में बन रहे भारतीय रक्षा संग्रहालय का नाम होगा त्रिशूल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने शनिवार को कहा कि यहां नवनिर्मित भारतीय रक्षा संग्रहालय का नाम 'त्रिशूल' होगा और संग्रहालय में सेना के प्रोटोकॉल के अनुसार उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं।

नगर आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में नवनिर्मित रक्षा संग्रहालय को अब 'त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय' के नाम से जाना जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह के निर्देश अनुसार संग्रहालय का निर्माण पूरी सुरक्षा और नियमों के आधार पर किया जा रहा है। सेवा के प्रोटोकॉल के मुताबिक मिलने वाले यंत्रों को



स्थापित किया जा रहा है, जिसके लिए सेवा के अधिकारियों की ड्यूटी भी यहां लगाई गई है। नगर आयुक्त ने बताया कि जो रक्षा संग्रहालय नगर निगम मुरादाबाद के द्वारा बनाया जा रहा है इसका औपचारिक नामकरण कर दिया गया है। अब इस संग्रहालय को त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय के नाम से जाना जाएगा। त्रिशूल भारतीय सेना की तीनों विंग्स को प्रदर्शित करता है। त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय को कुल 25 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है जिसमें प्रथम तल का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। भारतीय सेना के अधिकारियों की यहां पर डेपुटेशन के रूप में एक महीने के लिए तैनाती भी कर दी गई है ताकि जो सेना के उपकरण रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सहयोग से मिले हैं उनको ठीक तरीके से सेना के प्रोटोकॉल अनुसार लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि डीआरडीओ और भारतीय सेना शीर्ष अधिकारियों द्वारा जो सामान मुहैया कराया गया है, उसके इंस्टॉलेशन का काम शुरू हो गया है। पटेल ने बताया कि 15 नवंबर के आसपास इसके उद्घाटन की योजना बनाई जा रही है। औपचारिक रूप से इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किए जाने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए तैयारी की जा रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# घायल की मौत पर परिजनों का हंगामा

## ठेकेदार पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** तीन दिन पूर्व घायल अवस्था में मिले युवक की मेरठ मेडिकल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को घर पर रखकर थाने पहुंचे ओर एक ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। वहां कुछ सुनवाई न होने पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे।

गांव परेई निवासी संजय कुमार मखियाली के पास एक पेपर मिल में लेबर की ठेकेदारी करता था वह 17 सितंबर को घायल अवस्था में मुजफ्फरनगर विश्वकर्मा चौक पर पड़ा मिला उसका उपचार के बाद कुछ युवक घर पर छोड़ गये। तीसरे दिन हालत बिगड़ने तथा गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया वहां से डाक्टरों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव को घर पर रखकर सैकड़ों ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचे ओर हमलावरों के विरुद्धकार्रवाई की मांग की।

परिजनों का आरोप है कि संजय निवासी काशीपुर भी फैक्ट्री में लेबर ठेकेदारी करता है अब की बार ठेका उसके पास चला गया। परिजनों का आरोप है कि उस ठेकेदार पर मृतक के साढ़े चार लाख रुपए उधार है इसलिए उसने ही अपने साथियों के साथ मिलकर मृतक की पिटाई कर गंभीर घायल कर दिया। परिजन व ग्रामीण थाने से कुछ कार्यवाई न होने पर मुजफ्फरनगर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गये। राजबीर सिंह, विभोर शर्मा, राजेंद्र पाल, महिपाल, धर्मेंद्र, चंद्रभान, वेदपाल, ओमपाल, विनेश आदि मौजूद रहे।

# सड़क पर दौड़ लगा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के मीरापुर रोड पर स्थित घटायान मार्ग के पास शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पर दौड़ लगा रहे दो युवक हादसे का शिकार हो गए। हादसे में 16 वर्षीय वंश पुत्र नरेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 18 वर्षीय अंशुल पुत्र अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गया। शनिवार को दोनों युवक सुबह गांव से निकलकर मीरापुर रोड पर दौड़ लगा रहे थे। इसी दौरान पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से दोनों युवकों को खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने घायल वंश को उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल अंशुल को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतक वंश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल अंशुल की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है। इस घटना के बाद मीरापुर रोड पर घंटों अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मृतक युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में को. हराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर छा गई। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## डोडा समेत पकड़ा गया सौदागर

**मुजफ्फरनगर।** सिखेडा पुलिस ने नशीले पदार्थ की होम डिलीवरी करने के आरोप में एक आरोपी का गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 17 किलो डोडा बरामद करने का दावा किया है आरोपी राजस्थान से लाकर आस-पास के जनपदों में सप्लाई करता है। सीओ मण्डी राजू साव ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन सवेरे अभियान के तहत सिखेडा पुलिस ने पवन नामक युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ से पता चला कि पकडा गया आरा. पी राजस्थान से डोडा खरीदकर क्षेत्र में होम डिलीवरी करता है वह अधिकतर ड्राइवरों को इसकी सप्लाई करता है। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है पुलिस का कहना है कि वह डोडा से तीन गुणा अधिक रकम कमाता था।

# डिप्टी मैनेजर हत्याकांड : टोल पर कर्मचारियों व ग्रामीणों का धरना

## फरार कातिलों की गिरफ्तारी, मुआवजे की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** हाइवे के छपार टोल के असिस्टेंट मैनेजर कांड को लेकर शनिवार को सवेरे से ही यहां के कर्मचारी व ग्रामीण धरने पर बैठ गए, हालांकि पुलिस ने अपहत मैनेजर अरविंद पाण्डे की लाश जनपद मेरठ के थाना जानी झाल से बरामद होने के बाद इस वारदात को अंजाम देने वाले दो अपराधियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन टोलकर्मी व ग्रामीणों का गुस्सा इसलिए बढ़ता जा रहा है कि पुलिस समय रहते कार्यवाही करदेती तो शायद मैनेजर कांड न होता। धरने पर बैठे लोगों ने इसका जिम्मेदार सीधा-सीधा छपार पुलिस को ठहराया है। पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर कई घंटो तक यहां हंगामा चलता रहा मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी धरना दे रहे प्रदर्शनकारियों को समझाते हुए नजर आए। पुलिस ने धरने पर बैठे लोगों से शांति की अपील भी की। प्रदर्शनकारी मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग पर अड़े रहे। मौके पर पहुंचे सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा ने जिलाधिकारी से मिलकर उचित मुआवजा दिलाने व हत्यारों को शीघ्र ही गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। तब धरना समाप्त किया गया।

बता दे कि बृहस्पतिवार की रात्रि में पांच छह की संख्या में बदमाश टोल के सामने कम्पनी द्वारा किराये पर लिये गये गेस्टहाऊस पर पहुंचे ओर वहां हो रहे मैनेजर मुकेश चौहान व असिस्टेंट मैनेजर अरविंद पांडे को आवाज देकर गेट खुलवाया और मेनेजर की डंडों व लोहे की राड से पिटाई की ओर असिस्टेंट मैनेजर को खींच कर कार में डाल कर लें गये जबकि तहरीर मेनेजर ने रात्रि में ही थाने में दी लेकिन वहां से कोई कार्रवाई नहीं हुई ओर शुक्रवार को असिस्टेंट मैनेजर का शव मेरठ के जानी थाना क्षेत्र में खून से लथपथ हालत में मिला। छपार पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ओर दो आरोपियों को नामजद व तीन चार अज्ञात के विरुद्धमुकदमा दर्ज कर लिया।

रात्रि में ही पुलिस ने सिसोना के पास पानीपत खटीमा हाइवे के पुल के पास एक कार सहित तीन हत्यारों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो तमंचे 315 बोर व खोखे कारतूस बरामद किये ओर मारपीट में प्रयुक्त एक डंडा भी बरामद किया। पूछताछ में उन्होंने शुभम चौधरी निवासी गांव मोहम्मदपुर रायसी थाना भौराकला, प्रदीप व शेखर निवासी गुलावटी जनपद बुलंदशहर बताया ओर हत्या कबूल की। पुलिस ने घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। असिस्टेंट मेनेजर की हत्या को लेकर टोल ठेकेदार व बुढाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख अपने सैकड़ों साथियों के साथ टोल फ्री कर धरने पर बैठ गये।घंटों तक चले धरने में सीओ सदर पहुंचे। ओर पूर्व प्रमुख द्वारा बातचीत के लिए पांच लोगों की कमेटी बनाकर सीओ सदर से बात की उन्होंने कहा कि मृतक के बचे हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाये ओर उसके बच्चों को मुआवजा दिलाया जाये। सीओ सदर ने जिलाधिकारी से बातचीत कर उचित मुआवजा दिलाने व हत्यारों को शीघ्र ही गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया जिस पर धरना समाप्त किया गया। शाम तक भी टोल नहीं चला था सभी कर्मचारी वहां से नदारद रहे। बीटू बालियान, सुरेंद्र सहरावत, मोनू प्रधान, दीपक, संयम पंवार, गजेंद्र गुलावा, यासीन, जमशेद, विकास त्यागी, आदि लोग व टोल कर्मी मौजूद रहे।

## 8.2 फीट लंबे युवक के साथ फोटो खिंचवाने की होड़

**मुजफ्फरनगर।** देहरादून नेशनल हाईवे पर उस समय लोगों की भीड़ जमा हो गई जब यहां से सहारनपुर के 18 वर्षीय करण सिंह अपने पिता के साथ गुजर रहे थे। 8 फीट 2 इंच लंबे युवक को देखकर लोगों में उनके साथ फोटो खिंचवाने की होड लग गइ। करण सिंह का दावा है कि वह दुनिया के दूसरे सबसे लम्बे युवक है। उनका कहना था कि उम्र अभी 18 साल है जिस कारण उनकी लम्बी और बढ़ रही है।

जिससे वह सुल्तान का रिकॉर्ड तोड देंगे। करण सिंह कक्षा 12वीं पीसीबी स्ट्रीम के छात्र है और खेलों में भी रूचि रखते है।

# बुढ़ाना की महिला हैड कांस्टेबल की गाजियाबाद में मौत

## सड़क दुर्घटना में हुआ हादसा, थाना दादरी गौतमबुद्धनगर में थी तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद गाजियाबाद के थाना दादरी में तैनात जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा बुढ़ाना क्षेत्र की महिला हैड कांस्टेबल को ट्रॉले ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही हैड कांस्टेबल की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस विभाग में शोक छा गया और यहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना के बाद चालक ट्राला छोड़कर फरार हो गया।

जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा बुढ़ाना के गांव हरियाखेडा की मूल निवासी अनुराधा वर्ष 2011 बैच की भर्ती थी और वह हाल में वह



जनपद गाजियाबाद के महिला थाना कविनगर सिहानी गेट व पुलिस लाइन में तैनात थी। बताया जाता है कि महिला हैड कांस्टेबल अनुराधा पिछले एक वर्ष से कोतवाली दादरी में तैनात थी। शनिवार को 35 वर्षीय महिला हैड कांस्टेबल अनुराधा वैद सिटी थाना क्षेत्र अन्तर्गत नेशनल हाइवे-9 लाल कुआं की ओर जा रहा थी इसी बीच लोडिड ट्राले ने महिला हैड कांस्टेबल को अपनी चपेट में ले लिया हादसा इतना भयानक हुआ कि अनुराधा ट्राला के नीचे बुरी तरह कुचली गई और मौके पर ही उसने दम तोड दिया। बताया जाता है कि घटना के समय वह ड्यूटी पर गोविंदपुरा आवास से दादरी जा रही थी। यह भी पता चला कि हाल में महिला हैड कांस्टेबल अनुराधा की नाइट ड्यूटी थी, लेकिन दिन के समय वह किसी काम से थाने में जा रही थी। महिला हैड कांस्टेबल अनुराधा की मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस फोर्स मौक पर पहुंचा। स्थानीय पुलिस व दादरी थाने का स्टाफ भी तुरंत ही मौके पर पहुंच गया। अनुराधा की मौत से पुलिस विभाग में शोक छा गया और जेसे ही यह खबर हरियाखेडा के परिवार में पहुंची तो यहां भी कोहराम मच गया।

गाजियाबाद पुलिस का कहना है कि अनुराधा अपने पति व सात वर्ष के बेटे तथा पांच माह की बेटी के साथ यहां रहती थी। अनुराधा की शादी जनपद मेरठ के थाना चरथावल गांव रोनी हरजीपुर में हुई थी और अनुराधा का पति इंजीनियर है। वह एक प्राइवेट कम्पनी में काम करता है।

# भाजपा नेता की गाड़ी सीज, सीओ से तकरार

## गन्ना सोसायटी कार्यालय के बाहर हुआ हंगामा, एसएसपी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को रेलवे स्टेशन स्थित गन्ना सोसायटी के बाहर उस वक्त तनाव की स्थिति बन गई जब सीओ सिटी का चार्ज संभाले आईपीएस अधिकारी सिद्धार्थ मिश्रा और धरना सोसायटी की बैठक में आए भाजपा नेता के बीच तकरार हो गया। इस तीखी झडप के पीछे भाजपा नेता की गाडी का चालान बताया जा रहा है। कुछ ही देर में यह मामला इतना तूल पकड गया कि इस मामले ने राजनैतिक रूप ले लिया और भाजपा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में यहां इकट्ठा हो गए उन्होने आईपीएस अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा नेताओं का कहना था कि एक जिम्मेदार नेता के साथ दुर्व्यवहार किया गया है।

शनिवार को रेलवे स्टेशन के निकट गन्ना सोसायटी कार्यालय में बैठक का आयोजन था इसी बैठक में अन्य नेतागणों के साथ भाजपा नेता शंकर सिंह उर्फ भोला निवासी कूकडा भी यहां पहुंचे। इसी बीच आईपीएस सिद्धार्थ मिश्रा ने गाडियों की चैकिंग करते हुए शंकर सिंह की गाडी को भी रोक कर सीज कर दिया। आईपीएस अधिकारी की इस कार्यवाही से यहां कुछ ही देर में तनाव की स्थिति बन गई और धीरे-धीरे भाजपा नेताओं की भीड़ बढ़ती गई जिलाध्यक्ष ने काफी लोगों के साथ यहां पहुंच गए। पता चला कि भाजपा नेता से सोसायटी के चेयरमैन पति है और वह बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। उनकी गाडी कार्यालय के बाहर खडी थी इसी बीच यहां पहुंचे सीओ सिटी सिद्धार्थ मिश्रा ने गाडी सीज करने की बात कही। भाजपा नेताओं का आरोप था कि गाडी पर भाजपा का झण्डा लगा हुआ था और गन्ना सोसायटी लिखा हुआ था और सीओ सिटी ने इसे ही देखकर सीज करने की कार्यवाही शुरू की। भाजपा नेता शंकर सिंह उर्फ भोला का कहना था कि आईपीएस अधिकारी ने न केवल चालान काटने की बात कही, बल्कि उन पर अभद्र भाषा का भी आरोप लगाया गया। यहां पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने भी आईपीएस अधिकारी से बात की थी तथा जिलाध्यक्ष का आरोप था कि आईपीएस ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया है। इस मामले की जानकारी भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू अहलावत को भी दी गई है। इस दौरान यहां पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर सुधीर सैनी ने इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा से बात की थी। इस दौरान भाजपा नेताओं ने अन्य पुलिसकर्मियों पर भी गंभीर आरोप लगाए। उधर आईपीएस सीओ सिटी का कहना है कि उन्होने कोई दुर्व्यवहार व अभद्रता नहीं की है और वह एसएसपी के आदेश पर ही रेलवे स्टेशन पर चैकिंग के लिए गए थे।



मुजफ्फरनगर: भाजपा नेता की गाड़ी का चालान काटने के विरोध में हंगामा करते भाजपाई।

# पुलिस पर बदसलूकी का आरोप

- पुलिस ऑफिस में अधिकारियों से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन क्षेत्र के सरवट की रहने वाली महिलाओं ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर साकेत पुलिस चौकी पर गंभीर आरोप लगाए है उन्होने बताया कि इस मामले की वीडियो भी वायरल हो रही है। महिलाओं ने अधिकारियों के नाम लिखे शिकायती पत्र में बताया कि रात्रि करीब ग्यारह बजे सादी वर्दी में कुछ पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे और घर में घुसकर जाहिद को पूछा। इस



समय घर में महिलाएं मौजूद थी उन्होने जाहिद की घर में न होने की बात कही। महिलाओं का आरोप है कि इस दौरान कुछ पुलिसकर्मी सादीवर्दी में थे और कुछ वर्दी में थे। महिलाओं ने बदसलूकी की आरोप लगाया।

महिलाओं की शिकायत सुनने के बाद जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## मदरसे में पढ़ रहा छात्र लापता

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मेरठ के मौहल्ला जाकिर कॉलौनी निवासी वासिद ने नई मंडी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को बताया कि उसका बेटा 14 वर्षीय अब्दुल आहद नई मंडी क्षेत्र के निकटवर्ती गांव बागोवाली मदरसे में पढ़ता है। इस समय वह हाफिजा कर रहा है और इस मदरसे मे वह करीब चार माह से पढता है। वासिद ने बताया कि 14 सितम्बर को अब्दुल आहद बिना बताए मदरसे से अपने घर के लिए चला था, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा और काफी तलाश के बाद भी उसके बेटे का कहीं पता नहीं चला। वासिद ने अपने बेटे के साथ अनहा. नी की आशंका जताई है। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया।

# रामभद्राचार्य की हिमायत में आए सोमेंद्र

## यूपी की वर्तमान स्थिति पर दिए गए बयान पर है हो रही चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जगदगुरु रामभद्राचार्य के विवादित बयान का उत्तर प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने समर्थन करते हुए कहा कि जगदगुरु रामभद्राचार्य बहुत विद्वान व्यक्ति हैं और उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश की वर्तमान स्थिति को लेकर जो बयान दिया है, वह सही और सटीक है। उन्होंने कहा कि यहां बदलाव आ रहा है और यह बदलाव आवश्यक भी है।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी शक्ति को देवी का दर्जा दिया गया है। जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता का निवास होता है। जगदगुरु रामभद्राचार्य विद्वान हैं और समाज को सही दिशा देने का काम कर रहे हैं। उनकी मानसिकता और दृष्टिकोण समाज के लिए मार्गदर्शक है।

दरअसल रामभद्राचार्य ने पश्चिम उत्तर प्रदेश की तुलना शमिनी पाकिस्तानश से की थी, जिस पर राजनीतिक और सामाजिक विवाद जारी है। मंत्री सोमेंद्र तोमर शनिवार को कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वीसी के माध्यम से मिशन शक्ति के पांचवें चरण का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मिशन शक्ति और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की सराहना की। उन्होंने बताया कि 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी लगभग ढाई गुना बढ़ी है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान मिला है।

# रेलवे कर्मचारी व अध्यापक की बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अलग अलग थाना क्षेत्रों मे रेलवे कर्मचारी सहित दो लोगों की बाइक चोरी हो गई है। पुलिस ने दोनो मामलो में मुकदमा दर्ज करते हुए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए है। पहली घटना सिविल लाइन क्षेत्र की है जहां विक्की सैनी पुत्र राजेन्द्र निवासी आनंदपुरी में सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रेलवे विभाग में सीसीटीसी के पद पर कार्यरत है। और 17 सितम्बर को बदमाशों ने ड्यूटी के दौरान स्टेशन परिसर से उसकी बाइक चोरी कर ली। पीड़ित का कहना है कि उसने अपनी बाइक की काफी तलाश की। रेलवे के स्टाफ से भी जानकारी ली गई ओर उसके साथ रेलवे पुलिस ने भी बाइक की तलाश की, लेकिन मोटरसाईकिल नहीं मिली। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला अवद्धविहार निवासी सुमित कुमार अध्यापक है और वह क्षेत्र में ही पढ़ाते है। सुमित कुमार ने मंडी पुलिस को बताया कि वाहन चोर गिरोह ने उनकी बाइक मंडी क्षेत्र से चोरी कर ली। पुलिस ने इस मामले को भी दर्ज कर लिया है।

# ठगों को खाते उपलब्ध कराने वाला शातिर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शासन के दिशा-निर्देश पर सभी राज्यों में व सभी जनपदों में साइबर थाना खोला गया है ताकि साइबर क्राइम पर अंकुश लगाया जा सके, लेकिन पुलिस की भागदौड व जनता को जागरूक करने के बाव. जूद भी साइबर अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, हालांकि पुलिस साइबर क्राइम में लिप्त अपराधियों को लगातार जेल भेज रही है, लेकिन साइबर अपराधी नए-नए हत्थकंडो का इस्तेमाल कर भोले-भाले लोगों को ही नही रिटायर्ड व मौजूदा अधिकारियों को भी अपना शिकार बना रहे है। ये हालत जब है कि शासन स्तर से भी और केन्द्र सरकार भी साइबर अपराधियों के संबंध में विज्ञापन जारी करते हुए लोगों को सतर्क कर रही है, लेकिन साइबर अपराधी अभी भी पूरी तरह सक्रिय है। मुजफ्फरनगर के साइबर थाना पुलिस



ने इस तरह की वारदातों में शामिल रहने वाले मास्टर माइड को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी अब तक 200 से अधिक बैंक खातों को खरीदकर उनके दस्तावेज साइबर अपराधियों को उपलब्ध करा चुका है। आरोपी पन्द्रह से लेकर तीस हजार रूपये में बचत और करंट एकाउट खरीदता है और उसके पास 32 खातों के एटीएम, 26 सिम व कार बरामद हुई है। आरोपी के पास से एक डायरी भी मिली है जिसमें पांच करोड से अधिक का लेनदेन अंकित है। पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि सूचना के आधार पर जनपद बागपत के गांव बिनौली निवासी अंकित तोमर को गिरफ्तार किया। इस दौरान आरोपी के कब्जे से 32 बैंक के खाते, एटीएम, 26 सिम, आधा दर्जन मोबाइल फोन, एक पास बुक और 2540 रूपये बरामद हुए है उन्होने बताया कि पकडा गया आरा. पी बैंक खाते उपलब्ध कराने का मास्टर माइंड है और वह भोली भाली जनता को अपने जाल में फंसाकर खातों को खरीदता है। बचत और चालू खातों को पन्द्रह से तीस हजार रूपये मे खरीदकर बंगलौर, गुजरात व तमीलनाडु के ठगो का उपलब्ध करा देता है। एसपी क्राइम ने यह भी जानक. ारी दी कि जांच के दौरान पता चला कि पकडा गया आरोपी विदेशी लोगों के सम्पर्क में है और उन्ही के सम्पर्क में रहकर वह ठगी की वारदाते करता है। जानकारी का माध्यम कोरियर बताया गया है और आरोपी के पास से मिली डायरी में पांच करोड 38 लाख का लेनदेन मिला है।



# शिव मंदिर धर्मशाला को लेकर किराएदार बो रहे हैं नफरत के बीज

**मुजफ्फरनगर।** शिव मंदिर धर्मशाला समिति उत्तरी सरवट गेट घास मंडी मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार गुप्ता ने आरोप लगाया है कि कुछ किराएदार 100 वर्ष पुराने इस मंदिर के पुनर्निर्माण में अपने निजी स्वार्थ के कारण रोड़ा अटका रहे हैं यह लोग किराया वृद्धि ने करके मंदिर कमेटी पर झूठे आरोप लगाकर सां. प्रदायिक माहौल बनाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मंदिर कमेटी ने धर्म परायण लोगों के साथ मिलकर मंदिर पुनर्निर्माण का जो बीड़ा उठाया है उसे वह तन मन धन से पूरा करेगी। घास मंडी सरवत गेट स्थित शिव मंदिर और धर्मशाला 100 वर्ष अधिक पुराना है जिसे बुढ़िया वाला मंदिर के रूप में भी लोग जानते हैं यहां बड़ी संख्या में आसपास के श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए आते हैं लेकिन मंदिर के गेट के दोनों और दो मंजिला मार्केट होने के कारण मंदिर छिप सा गया है और इसका दरवाजा भी 4 फुट का ही रह गया है उचित देखरेख के अभाव में मंदिर बहुत वर्षों से पुनर्निर्माण की बात जो रहा था जिसे मौजूद कमेटी ने अब भव्य रूप से बनाने का निर्णय लिया है।

आज पत्रकार वार्ता में शिव मंदिर धर्मशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष योगेंद्र गुप्ता संरक्षक अनिल मित्तल उपाध्यक्ष संजय सक्सेना और महामंत्री सुधीर मित्तल ने कहा कि मंदिर के बाहर दो मंजिली आठ दुकानें हैं जिनमें से एक दुकान पिछले 10 वर्षों से बंद पड़ी है जबकि शेष 7 किराएदार 60 से100 तक का किराया प्रतिमाह ही दे रहे हैं जबकि मंदिर संचालन का खर्चा आज के इस महंगाई वाले दौर में किसी से छुपा हुआ नहीं है ऐसे में कमेटी ने पिछले कई वर्षों में अनेक बार प्रयास किया कि किराएदार नई किराएदारी अधिनियम के तहत स्वत: ही किराया वृद्धि कर दें लेकिन किराएदार मांग नहीं रहे हैं जिस कारण उन्हें लीगल नोटिस भेजा जा चुका है ।इससे बौखला कर किराएदार अब मंदिर के पुनर्निर्माण में अवरोध पैदा कर रहे हैं तथा मंदिर कमेटी को लेकर भ्रामक प्रचार कर रहे हैं जबकि हम कहना चाहते हैं कि जनता से मिला एक-एक रुपया मंदिर के निर्माण में खर्च होगा मंदिर कमेटी भी अपनी ओर से खर्च करेगी। उन्होंने धर्म और जनहित में किराएदारों से अपील की कि वह क्षेत्र में हिंदू मुस्लिम भाईचारे को ठेस ना पहुंचाएं तथा ऐसा कोई कार्य न करें जिससे सांप्रदायिकता फैले। उल्लेखनीय है कि मंदिर कमेटी के आसपास अच्छी संख्या में मुस्लिम भी रहते हैं ऐसे में दुष्प्रचार को रो. कने के लिए ही वह पत्रकार वार्ता कर रहे हैं।



पत्रकार वार्ता में स्पष्ट किया गया कि मंदिर की एक भी इंच जमीन पर किसी का भी अनधिकृत कब्जा नहीं है बिट्टू कबाडी जिस जमीन पर किराए पर है वह मंदिर के नए होकर किसी अन्य व्यक्ति की है ऐसे में हम किस अधिकार से उसे जमीन पर कब्जा लेने उन्होंने कहा कि किराएदार समाज में भ्रम फैलाने के लिए ही यह प्रचारित कर रहे हैं कि बिट्टू कबढी मुस्लिम है जिसे जबरन यहां से हटाया जाए और इस काम में मंदिर कमेटी सहयोग नहीं कर रही उन्होंने कहा कि हमारा कार्य मंदिर का पुनर्निर्माण करना है न की किसी को किसी की निजी जमीन से हटाना या दबाव बनाना। **मंदिर के पुजारी परिवार के लिए मनाएंगे दो मंजिला फ्लैट** मंदिर कमेटी ने घोषणा की की मंदिर में काफी लंबे समय से जो पुजारी परिवार रह रहा है उसे नया दो मंजिला फ्लैट बनकर दिया जाएगा और जितने दिन वह किराए के मकान में रहेगा उसका किराया भी मंदिर समिति ही देगी ऐसे में पुजारी परिवार किराएदारों के हाथों की कठपुतली बनकर मंदिर के पुनर्निर्माण में बाधक ने बने बल्कि भगवान के कार्य को और अच्छे ढंग से संपन्न कराने में अपना सहयोग दें। मंदिर कमेटी ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों ने भी मंदिर कमेटी के पदाधिकारी के साथ जो व्यवहार किया धमकी दी और माहौल खराब किया उनकी जानकारी वह जिले के उच्च अधिकारियों को दे चुके हैं।

# सिसौली में मनाया गया कालू बाबा का जन्मोत्सव

**बुढ़ाना।** कस्बा सिसौली में आज शनिवार के दिन जगत गुरु कालू बाबा धींवर के जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें कश्यप समाज की विभिन्न हस्तियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और कालू बाबा को नमन करते हुए सामाजिक मुद्दों पर विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के आयोजक चौधरी ओमप्रकाश कश्यप ने सभी अतिथियों और खाप चौधरियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कश्यप समाज की बालियान खाप के चौधरी राकेश कश्यप द्वारा की गई। संचालन मास्टर चुन्नुलाल कश्यप और मास्टर चंद्रपाल कुड़ाना द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कश्यप समाज बुढ़ाना से खाप चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप अपनी टीम के साथ पहुंचे। जिनमें श्याम कश्यप, मास्टर सीताराम कश्यप, मुकेश कश्यप और अमित कश्यप आदि रहे। डॉक्टर सोनू कश्यप ने मंच से संबोधित करते हुए जगतगुरु कालू बाबा को नमन किया और उनके जीवन इतिहास पर प्रकाश डालते हुए समाज को एक जुट होने के लिए आ]वान किया एवं आगामी 2027 में विधानसभा चुनाव में कश्यप समाज को अपने मत का सदुपयोग करते हुए अपने हक और अधिकार की मांग के लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया और साथ ही जो पार्टी कश्यप समाज को सर्वाधिक सम्मान देगी उसके पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया। यहां सुरेश कश्यप पूर्व एमएलसी, जितेंद्र कश्यप, लोकेंद्र कश्यप, प्रवेश कश्यप प्रधान, प्रदीप कश्यप, यशपाल कश्यप, विनोद कश्यप और सीमा मेहरा आदि के साथ साथ हजारों की संख्या में कश्यप समाज उपस्थित रहा।

## नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें युवा: मनीष

**मुजफ्फरनगर।** संत महर्षि कालू बाबा सेवा समिति एवं कश्यप समाज के गणमान्य लोगो के तत्वाधान में शनिवार को शामली रोड काली नदी के पास भगवान महर्षि कश्यप चौक पर संत महर्षि कालू बाबा जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन यज्ञ से हुई। क्षेत्रीय संत-महात्माओं व समाजसेवियों ने हवन में आहुतियां अर्पित कीं और देश की समृद्धि व शांति के लिए प्रार्थना की। आयोजकों द्वारा युवाओं को सामाजिक समरसता, देशभक्ति और नशा मुक्ति का प्रेरणादायक संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी मनीष चौधरी ने महर्षि कालू बाबा के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कालू बाबा ने अपने जीवन में सदैव मानव सेवा, धार्मिक एकता और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। भाजपा नेता श्री मोहन तायल ने अपने साथियों के साथ पहुंच कर महर्षि कश्यप को माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया इस दौरान मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष नवीन कश्यप, लक्ष्य कश्यप, हंसराज कश्यप, नरेश कश्यप एडवोकेट, प्रमोद कश्यप, रवि कश्यप, राजन कश्यप, सुखपाल कश्यप, धर्म सिंह कश्यप, प्रदीप कश्यप, आदेश कश्यप, ऊषा कश्यप, मदन कश्यप, नेपाल कश्यप, सोनू कश्यप सहित सैंकड़ों लोग शामिल रहे।

## महर्षि कालू बाबा की जयंती पर किया नमन

**मंसूरपुर।** मिल मंसूरपुर के पंचायत घर में कश्यप समाज के आराध्य देव महर्षि कालू बाबा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सर्व समाज के लोगों ने कालू बाबा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कल बाबा जयंती पर प्रकाश डालते हुए मास्टर हरपाल सिंह ने कहा कि महापुरुष सर्व समाज को मार्गदर्शन करने का कार्य करते हैं। महापुरुषों को हमें जाति धर्म की दीवारों से अलग रखना चाहिए। इस अवसर पर वीर सिंह कश्यप,रिशिपाल, अनिल कुमार,डा अरविंद कुमार दयानंद शर्मा,गौरव मालिक, ओमपाल सिंह कश्यप, कश्यप जागृति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर कृष्णपाल कश्यप ने भी इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी।

## मुबारिकपुर तिगांई में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन

**खतौली।** गांव मुबारिकपुर तिगांई में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन शनिवार को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हुआ। कथा व्यास आचार्य श्री कुलदीप कृष्ण जी महाराज ने अंतिम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम सखा सुदामा जी की अद्भुत एवं हृदयस्पर्शी लीला का वर्णन किया।

# महिला डीलर के विरुद्ध ग्रामीणों ने जमकर किया हंगामा

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव कुरथल की महिला राशन डीलर के विरुद्ध सैंकड़ों ग्रामीणों ने कई आरोप लगाते हुए जहां एक और बुढ़ाना तहसील परिसर में पहुंचकर बुढ़ाना एसडीएम कार्यालय को एक ज्ञापन दिया वहीं दूसरी और उन्होंने महिला राशन डीलर के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि गांव कुरथल के ही संजय कुमार सहित अन्य सभी ग्रामीणों के राशन कार्ड बने हुए हैं। गांव की वर्तमान राशन डीलर रचना पत्नी सतेन्द्र कुमार किसी भी राशन कार्ड धारक को कभी भी पूरा राशन नहीं देती है तथा उनके पूरा राशन मांगने पर उनके साथ लडाई झगडे पर आमादा रहती है। एक राशन कार्ड धारक के राशन कार्ड मे अगर 07 यूनिट हैं तो उसको महिला राशन डीलर के द्वारा पूरा राशन नहीं दिया जाता है। राशन डीलर समय पर राशन वितरण नहीं करती है तथा न ही समय पर राशन की दुकान को खोलती है। अगर कोई भी राशन कार्ड धारक अपना राशन लेने के लिये राशन डीलर के पास जाता है तो वह उसको वहां से बहका फुसलाकर भगा देती है। राशन डीलर सभी कार्डधारकों के साथ घटतोली करती रहती है। ये डीलर दो कांटे रखती है और जिससे गेंहू और चावल देती है तो वह कांटा ईंट-पत्थरो का है। उक्त डीलर बहुत ही चालाक व मुठमर्द किस्म का महिला है। इस डीलर से काफी लोग तंग व परेशान हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की है कि उनको डीलर से पूरा राशन दिलवाया जाए। इस दौरान एसडीएम को ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सोहित कुमार, समर, जसवंत, नैनपाल, संजय, टीटू, धर्मवीर, सोनू, विकास, सत्तू, शमशेर, सोमपाल और विकास आदि सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसडी पब्लिक में शिक्षा जागरूकता गोष्ठी सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** इंडियन नेशनल एजुकेशन ग्रुप देहरादून की ओर से शिक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत एस.डी. पब्लिक स्कूल में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना तसव्वुर हुसैन की तिलावत-ए-कुरान से हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देहरादून से पधारे शिक्षाविद् डॉ. ज़ीशान ने कहा कि शिक्षा ही वह द्वार है जिससे समाज और देश विकास के पथ पर आगे बढ़ता है। मुस्लिम समाज को दीनी तालीम के साथ-साथ उच्च शिक्षा भी अपनानी होगी, तभी देश की बेहतर सेवा संभव है। समाज कल्याण विभाग देहरादून के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर इनाम अली कुरैशी ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के साथ-साथ अपने बुजुर्गों की संस्क्रति और संस्कारों से भी जोड़े रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के पिछड़ेपन का मूल कारण शिक्षा से दूरी है। यदि आज भी समाज विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आगे आए तो नए रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे और पिछड़ापन दूर होगा। डॉ. ताहिर क़मर ने शिक्षा को कीमती जेवर बताते हुए कहा कि शिक्षा से न केवल शख्सियत निखरती है, बल्कि एक अच्छे समाज का निर्माण भी संभव होता है।

गोष्ठी में ज़ीशान शिब्ली, मुनव्वर खान, रियासत अली रुड़की, मौलाना शाहनवाज़ क़ासमी, मोहम्मद इदरीस, डॉ. फिरोज, डॉ. इस्लाम, मोहम्मद मुस्तक़ीम, जहूर अहमद आदि वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुनव्वर खान ने की जबकि




संचालन मोहम्मद इमरान ने किया। अतिथियों का स्वागत इफ़्तखार अहमद, सादिक़ कुरैशी, अब्दुल्लाह और मोहम्मद मुस्तक़ीम ने माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर डॉ. ज़ाकिर, मोहम्मद इक़बाल राजपूत, कलीम, अख़लाक प्रधान, सुभानी प्रधान, क़ारी उमर, इफ़्तखार कुरैशी, मोहम्मद सादिक़, जाहिद, जहूर अहमद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 (2) (ii) Cr. Pc. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद वसीम, पिता मोहम्मद शमीम, निवासी गांव पाल्डी, थाना शाहपुर, जिला मुजफ्फरनगर, उ.प्र.** ने **FIR No. 76/2015 U/S 356/379/411 IPC** के अंतर्गत **पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद वसीम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद वसीम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 76/2015 U/S 356/379/411 IPC पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद वसीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**रीतिका जैन**
**जेएमएफसी, नॉर्थ वेस्ट,**
**कोर्ट नं. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/12243/OD/2025
Court Matter

# रागिनी मंच पर राजनीतिक रंग ने पकड़ा तूल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गुरुवार की रात मेला छड़ियांन में आयोजित रागिनी कार्यक्रम उस समय राजनीतिक रंग में रंग गया जब सरधना विधायक अतुल प्रधान ने मंच से खतौली विधायक मदन भैया की अनुपस्थिति पर कटाक्ष किया। इस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है।

शनिवार को खतौली विधायक मदन भैया ने बयान जारी कर कहा कि मनोरंजन और धार्मिक आयोजनों को राजनीतिक अखाड़ा बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोग मेले में मनोरंजन के उद्देश्य से आते हैं, न कि राजनीतिक बयानबाजी सुनने के लिए। राजनीति के लिए नेताओं को तमाम मंच मिलते रहते हैं, इसलिए ऐसे आयोजनों में राजनीति से परहेज करना चाहिए। मदन भैया ने आयोजकों को भी सलाह दी कि अतिथियों को आमंत्रण से पहले साफ तौर पर राजनीतिक बयान न देने का अनुरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विवादों से बचने के लिए समान विचारधारा वाले अतिथियों को बुलाना ही उचित है।

इधर, रालोद प्रदेश संगठन मंत्री अजीत राठी ने भी अतुल प्रधान के कटाक्ष पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मदन भैया आमतौर पर रागिनी जैसे आयोजनों में शिर. कत नहीं करते, और यह बात खतौली की जनता व खुद अतुल प्रधान भी भलीभांति जानते हैं। इसके बावजूद मंच से इस तरह का कटाक्ष करना समझ से परे है।राठी ने कहा कि खतौली विधायक क्षेत्र के हर वर्ग के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं और विकास कार्यों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अतुल प्रधान को खतौली की राजनीति छोड़कर अपने क्षेत्र के सलावा कांड जैसे मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। राठी ने यह भी कहा कि जिस तरह से उपचुनाव में अखिलेश यादव ने अतुल प्रधान को खतौली से हटाकर मैनपुरी भेज दिया था, वह उनके चुनाव प्रचार की खामियों को ही दर्शाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रागिनी मंच पर राजनीति का पुट डालना उन्हें नागवार गुजरा है। जनता का मानना है कि मदन भैया की अनुपस्थिति पर कटाक्ष करना अनुचित था, क्योंकि विधायक क्षेत्र के हर तबके और बिरादरी के साथ खड़े रहते हैं।

## टंढेड़ा के कुम्हारों को मिट्टी की किल्लत

**जानसठ ।** तहसील के गांव टंढेड़ा में रहने वाले कुम्हार समुदाय के लोगों ने मिटी की कमी के चलते उपजिलाधिकारी से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने एक प्रार्थना पत्र देकर गांव की बंजर भूमि से मिटी उठाने की अनुमति मांगी है। शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में गांव टंढेडा के तेजपाल, अनुज कुमार, अंकुश और अन्य कुम्हारों ने वहां पहुंच कर एक शिकायती पत्र देकर बताया कि वे सभी भूमिहीन मजदूर हैं और उनकी आजीविका मिटी के बर्तन बनाने पर निर्भर है। उनके पास अपनी कोई जमीन नहीं है, जिससे उन्हें मिटी के लिए काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने खसरा नंबर 654 पर स्थित 0.5420 हेक्टेयर बंजर भूमि की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि यह खाली पड़ी है और इसका उपयोग उन्हें मिटी के लिए आवंटित किया जाए। कुम्हारों का कहना है कि अगर उन्हें इस भूमि से मिटी निकालने की अनुमति मिल जाती है, तो उनके परिवारों का भरण-पोषण हो सकेगा और उनकी पुश्तैनी कला भी जीवित रह पाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी महोदय से इस मामले पर शीघ्रता से विचार करने और अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया है।

# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर

**विज्ञप्ति**

सर्वेजनो को सूचित किया जाता है कि जनपद मुजफ्फरनगर के थाना नई मण्डी पर 34 टू-व्हीलर लादावा वाहनों की आगामी समय में नीलामी करायी जानी है। थाना नई मण्डी पर अगर किसी व्यक्ति एवं किसी बैंक / एजेन्सी / कम्पनी आदि का वाहन थाना नई मण्डी पर खड़ा हो तो अपनी पहचान कर समय से अवमुक्त करा ले अन्यथा वाहन को नीलाम कर दिया जायेगा ।

**नीलामी हेतू चिन्हित लादावा 34 टू व्हीलर वाहन थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर**

| क्र. सं. | वाहन | नम्बर | चै. न. |
|---|---|---|---|
| 1. | हीरो हाण्डा | DL-35AM-6819 | अपठनीय |
| 2. | हीरो काली नीली | अपठनीय | अपठनीय |
| 3. | हीरो स्पे. | बिना न. | अपठनीय |
| 4. | सफेद स्कूटर एक्टिवा | DL-75BF-7814 | अपठनीय |
| 5. | हीरो स्पे. | DL-14CA-8220 | पीटा हुआ ग्राण्डर लगा |
| 6. | हीरो स्पे. | बिना न. | पीटा हुआ ग्राण्डर लगा |
| 7. | डिस्कवर काली | बिना न. | पीटा हुआ ग्राण्डर लगा |
| 8. | स्पे. BLACK PRO | बिना न. | अपठनीय जग लगा है |
| 9. | TVS SPORT | प्लेट अपठनीय | अपठनीय जग लगा है |
| 10. | बजाज CT-100 | DL-95U-4745 | अपठनीय जग लगा है |
| 11. | TVS SPORT | बिना न. | अपठनीय जग लगा है |
| 12. | हीरो होण्डा | UK-08A-6878 | पीटा हुआ ग्राण्डर लगा |
| 13. | मो. सा. पल्सर | PB-28C-7214 | अपठनीय जग लगा है |
| 14. | पेशन | बिना न. | अपठनीय |
| 15. | एक्टिवा टूटा हुआ | बिना न. | अपठनीय |
| 16. | यामाह | UP14A9819 | 312773 |
| 17. | एक्टिवा ब्लू | UP-15LU-7776 | अपठनीय |
| 18. | हीरो पेसन | UP-12-531 | 05G09C177 |
| 19. | चेतक स्कूटर | निल | अपठनीय |
| 20. | बजाज डिस्कवर | निल | अपठनीय |
| 21. | चेतक स्कूटर | निल | अपठनीय |
| 22. | चेतक स्कूटर | UP-12-3422 | अपठनीय |
| 23. | हीरो होण्डा | निल | अपठनीय |
| 24. | एक्टिवा | निल | अपठनीय |
| 25. | टेम्पू थ्री व्हीलर | UK-0TA-0428 | अपठनीय |
| 26. | हीरो होण्डा लाल | निल | 05HAAC04143 |
| 27. | TVS अपाची | निल | MD634KE41DZPS0292 |
| 28. | सीटी 100 | निल | DUPBLF02183 |
| 29. | चेतक स्कूटर | UP-12F-1802 | अपठनीय |
| 30. | मो.सा.पल्सर 180 | UP-12AF-8192 | अपठित |
| 31. | मो.सा.टीवीएस स्टार | बिना न. | अपठित |
| 32. | मो.सा.पल्सर 200 | बिना न. | अपठित |
| 33. | मो.सा.हंक | बिना न. | अपठित |
| 34. | मो.सा. अपाचे | बिना न. | अपठित |

**प्रभारी निरीक्षक**
**नई मण्डी, मु०नगर**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**
**मुजफ्फरनगर**

# साहसी महिला वोटर को सपाइयो ने सौंपा दो लाख का चैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव मे पुलिस प्रशासन का सामना कर मतदान करने वाली ककरौली निवासी महिला को दो लाख का चौक देकर सपाइयो द्वारा सम्मान किया गया।

ककरौली बस स्टेण्ड के पास समाजवादी पार्टी द्वारा साहसी वोटर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अथिति पूर्व सांसद कादिर राणा ने ककरौली निवासी महिला तंज़ीला पत्नी मुनफैद को दो लाख रूपये का चौक सौंपा। कादिर राणा ने कहा की बीते उपचुनाव मे उनकी पुत्र वधु सुम्बुल राणा प्रत्याशी के रूप मे थी मतदान के दिन शासन प्रशासन द्वारा समा. जवादी पार्टी के समर्थक वाले बूथों पर मतदाताओं को वोट डालने से जबरन रोका जा रहा था। ऐसे मे ककरौली की दो महिलाओ तंज़ीला व तोहिदा पर इंस्पेक्टर ने पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी दी थी। किन्तु दोनों महिलाओ ने साहस का परिचय देते हुए जान की बाजी लगाकर लोकतंत्र के पक्ष मे मतदान किया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दोनों महिलाओं को लो. कतंत्र प्रहरी के रूप मे प्रत्येक को दो दो लाख रूपये का चौक देकर सम्मान किया। तोहिदा को यह चौक अखिलेश यादव द्वारा लखनऊ मे दिया जा चुका है शनिवार को सपा प्रतिनिधि मंडल ने तंज़ीला के आवास पर आकर उन्हें यह चौक प्रदान किया है। प्रमोद त्यागी व साजिद हसन, राजकुमार यादव ने कहा की भाजपा बिहार की तरह उत्तर प्रदेश मे भी वोट काटने का प्रयास करेगी। लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने वोट के प्रति सजग रहना होगा सभी आवश्यक कागजात को शीघ्र ही पूरा कर लें। उत्तर प्रदेश मे भाजपा की लड़ाई केवल समा. जवादी पार्टी से है। इस अवसर पर मुख्य रूप से वसी अंसारी, सादिक चौहान, अजय चौयरमैन,बृजराज सैनी, मुन्ना ककराला, अब्दुल्ला राणा, मौलाना नजर,अब्दुल कादिर, रजनीश यादव,दर्शनपाल, देवेन्द्र, जोगेन्द्र, रियासत अंसारी, काजी अफ़ज़ल,शैदा हसन आदि मौजूद रहे।

## सम्बन्ध विच्छेद

हम मोबीन पुत्र गफूर व नजराना पत्नी मोबीन निवासीगण ग्राम रसूलपुर दभेड़ी तहसील व थाना बुढाना जिला मु.नगर के निवासी हैं। हमारा पुत्र मोईन व उसकी पत्नि बीबी पुत्री इकबाल निवासी किथौडा थाना मीरापुर जिला मु.नगर हमारे कहने सुनने में नही हैं। हमारा पुत्र मोईन अपनी पत्नी बीबी व उसके मायके वालों के असर में हैं। आये दिन दोनों हमारे व हमारे परिवार संग गाली गलौच मारपीट करते हैं दोनों हमें झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं। हम अपने पुत्र मोईन व उसकी पत्नी बीबी की प्रताडना से तंग होकर दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। किसी भी गलत कृत्य के वे दोनों खुद ही जिम्मेदार होंगे। हमारी कोई जिम्मेदारी नही।

## रामायण का आदर्श राम, भक्त भाई व इंसाफ़ी पिता आज भी हर घर में जरुरी : सत्येंद्र पाल

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के कस्बा शाहपुर में गुघाल मैदान में चल चित्र रामायण का कस्बे के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शुभारम्भ किया गया। जिसमे पंडित द्वारा मंत्रोचार एवं गणपति भगवान की पूजा अर्चना की गई।घ्दीप प्रज्वलित समाजसेवी उमेश मित्तल द्वारा किया गया। रामायण लीला के प्रथम चल चित्र का उद्धघाटन सपा नेता सत्येंद्र पाल ने किया ओर भगवान राम के जीवन पर विस्तारपूर्वक कहा कि हमें राम के बारे में बाल्यावस्था से ही देखने ओर समझने को मिली किन्तु आज हम फैशन ओर बनावट के आधार पर दूर होते जा रहे हैं और नफ़रत में ज़ी रहे हैं। जिसका खामयाजा आने वाली पीढ़ी भुगत रही है। नशा बढ़ रहा है। इन सबसे बचने के लिए हमें जनता के लिए राम बनना पड़ेगा। भाई के लिए भरत बनना पड़ेगा। साथी के लिए लक्ष्मण, गुरु के लिए हनुमान, औरत की मर्यादा के लिए दशरथ, पुत्र के लिए कैकई, पुण्य के लिए वाल्मीकि और हिम्मत रावण जैसी बनानी पड़ेगी। जिसने हार दर हार होने पर भी कभी हार नहीं मानी। तभी इस देश में रामराज्य पूर्ण रुप से स्थापित होगा। कार्यक्रम आयोजक कमेटी ने अतिथियों को भगवान राम के वस्त्र से सम्मानित किया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी ने की और संचालन कपिल सैनी ने किया। मुख्य वक्ताओ एवं अतिथियों में गांवघ पलड़ी के प्रधान मोनू सैनी, डाक्टर अकरम खान, रविंद्र प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, इक़बाल कुरैशी, सतपाल नामदेव, भाग्य शर्मा और साहिब अंसारी आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र प्रवीण मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नही रहा है। आवारा लोगों की संगत मे रहकर आवारा हो गया है। आये दिन शराब पीकर मुझे व मेरे परिवार के सदस्यों और गांव के लोगों के साथ मारपीट व झगडा फसाद करता है। मैने उसकी नाजायज हरकतों को देखते हुए उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। यदि इससे कोई लेन-देन या झगडा फसाद करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**श्रीचन्द पुत्र मंगलू**
**निवासी-ग्राम खामपुर,**
**थाना छपार,**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

# ई-स्कूटी में विस्फोट से दुकान में लगी आग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** एक इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी की बैटरी में अचानक हुए विस्फोट से शनिवार को एक ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रॉनिक दुकान में भयंकर आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों में भगदड़ की स्थिति बन गई।

लोगों ने साहस दिखाते हुए पानी और मिटी डालकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुकान में खड़ी राखी इलेक्ट्रॉनिक की स्कूटी की बैटरी अचानक फट गई, जिससे भीषण आग भड़क उठी। लोगों का कहना है कि बाजार में 30-40 हजार रुपये में बिना रजिस्ट्रेशन वाली सस्ती इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी बेची जा रही हैं। यही लापरवाही इस तरह के हादसों का कारण बन रही है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना प्रमाणित और असुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक वाहनों की बिक्री पर रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

### महिला ने गांव के युवक पर दुराचार के प्रयास का लगाया आरोप

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ी सराय निवासी एक महिला ने गांव के ही युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि प्रवेश शर्मा उर्फ जैकी पुत्र सत्यप्रकाश लंबे समय से उस पर बुरी नजर रखता है और जबरन संबंध बनाने का प्रयास करता रहा है। महिला के अनुसार, उसने 2 अगस्त 2025 को आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत भी दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर आरोपी और आक्रामक हो गया। पीड़िता का कहना है कि 17 अगस्त 2025 की रात करीब 8 बजे, जब घर के पुरुष सदस्य बाहर थे, प्रवेश शर्मा एक अज्ञात साथी के साथ उसकी बाउंड्री फांदकर घर में घुस आया। साथी तमंचा लेकर बाहर खड़ा हो गया, जबकि प्रवेश ने उसके कपड़े फाड़े और गलत हरकत की।

महिला के शोर मचाने पर उसकी सास सुमन और मोहल्ले के लोग पहुंच गए, जिस पर आरोपी व उसका साथी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने 18 अगस्त को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, थानाध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी को शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई न होने पर अब सिविल जज (जूनियर डिवीजन) कोर्ट संख्या-4, मुजफ्फरनगर में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## कांग्रेसी रघुनंदन त्यागी के यहां पहुंचे कमिश्नर



**बुढ़ाना।** सहारनपुर मंडल के कमिश्नर अटल राय आज शनिवार की देर सायं बुढ़ाना पहुंचे। जहां पर उनका कांग्रेस के कद्दावर नेता रघुनंदन त्यागी के बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला मंडी में स्थित आवास पर कस्बे के गणमान्य लोगों के द्वारा बुके भेंट कर स्वागत किया। कमिश्नर की देर तक रघुनंदन त्यागी के आवास पर उनके परिजनों के बीच रहे। यह उनका निजी कार्यक्रम था। इसके अलावा सहारनपुर मंडल के कमिश्नर अटल राय बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी के आवास पर भी पहुंचे। जहां पर चौयरपर्सन प्रतिनिधि सुबोध त्यागी और बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी ने उनको संयुक्त रूप से बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से उप जिला अधिकारी बुढ़ाना अपूर्वा यादव, तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री, विकास त्यागी, बालकिशोर त्यागी, एडवोकेट जाकिर अली, एडवोकेट शौ सिंह राणा, वार्ड नंबर 16 के सभासद पति इकबाल कुरैशी, फिरोज खान, बाबू मल्लाह, दीपक प्रजापति, शशांक त्यागी, अभिनव त्यागी एडवोकेट, गजेंद्र विश्वकर्मा, निर्दोष त्यागी और इकराम लोई सहित अन्य कई गणमान्यों लोगों की मौजूदगी देखने को मिली।

## चित्र प्रदर्शनी का हजारों लोगों ने किया अवलोकन




**मुजफ्फरनगर।** सेवा पर्व के अंतर्गत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा जीआईसी मैदान में स्थापित प्रदर्शनी में स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं आम जनों के द्वारा चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया

चित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र,उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तीकरण, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार सहित शिक्षा से जुड़ी तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी रोचक चित्रों के माध्यम से दी जा रही है। अपर जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनी के द्वारा आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।यह प्रदर्शनी 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होगी। 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर विशेष कार्यक्रम होंगे। इस विशेष प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी, युवा, किसान, महिलाएं सभी आकर योजनाओं की जानकारी ले सकते है एवं विकसित उत्तर प्रदेश विजन डॉक्यूमेंट हेतु अपने सुझाव भी दे सकते है।

# शराब पीकर पिता से लड़ने वाले युवक की हुई मौत

**लड़खड़ाकर खाट के पाए में जा लगा था सिर**

**बुढ़ाना।** उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में एक शराबी युवक किसी मामूली सी बात पर अपने पिता से लड़ाई कर बैठा। तब लडखडाए युवक का संतुलन बिगड गया और उसका सिर खाट के पाए में जा लगा। जिसके उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। परिजनों ने आनन फानन में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की उमरपुर चौकी क्षेत्र के गांव भसाना निवासी लगभग 38 वर्षीय अनिल कुमार कश्यप पुत्र राजकुमार शराब पीने का आदि बताया गया है। बीते शुक्रवार की देर रात भी उसने शराब पी हुई थी। तब किसी बात पर वह अपने पिता से लड पड़ा तो उसके पिता ने उसे भला बुरा कह दिया। तब वह लड़खड़ाकर असंतुलित होकर खाट पर गिर पड़ा और सिर में खाट का पाया लगने से अनिल को गंभीर चोटें आई तो उसको पास के एक हस्पताल में ले जाया गया। जहां उसको चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों में चीख पुकार मच गयी और उन्होंने आनन फानन में अनिल का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को भी मिली तो पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों से इस घटना की पूरी जानकारी ली। इस मामले में फिलहाल पुलिस के द्वारा कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

# सामुदायिक सहभागिता दिवस हुआ आयोजित

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार आज शनिवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 जो कि बीती 16 सितंबर से शुरु होकर आगामी 30 सितंबर 2025 के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को सहायक अध्यापिका अनुराधा प्रथम के द्वारा सामूहिक रूप से सफाई करने के लाभ तथा महत्व को समझाया व संगीत के माध्यम से स्वच्छता के प्रति सभी बच्चों को जागरुक किया गया।



इसके बाद स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा में सामुदायिक सहभागिता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना, उन्हें स्वच्छ प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना व स्वच्छता को एक सामुदायिक जन आंदोलन में बदलना है। जिसमें सामूहिक जिम्मेदारी और स्थाई स्वच्छ वातावरण का निर्माण हो सके। इस दिवस के माध्यम से समुदाय के समस्त सदस्यों को स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय रुप से भाग लेने हेतू प्रोत्साहित किया जाता है जिसमें स्वच्छता जन आंदोलन को मजबूती मिले।

यह दिवस सिर्फ गतिविधियों का आयोजन ही नहीं है बल्कि समुदाय को एकजुट करके उनके अपने आसपास की स्वच्छता का एक सक्रिय और जिम्मेदार हिस्सा बनाने की भी एक पहल ही है।

## सार्वजनिक रास्ते पर लगा कूड़े का ढेर

**जानसठ।** तहसील जानसठ के अंतर्गत आने वाले ग्राम टन्ढेडा में सार्वजनिक रास्ते पर कूड़ा-कचरा डाले जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के ही कुछ लोगों पर रास्ता अवरुद्ध करने और गंदगी फैलाने का आरोप लगा है। इस संबंध में टन्ढेडा निवासी आलोक शर्मा ने तहसील दिवस में एक शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत में कहा गया है कि गांव के ही कुछ व्यक्तियों दुवरा रास्ते पर कूड़ा डालकर उसे बंद कर रहे हैं, जिससे आवाजाही में दिक्कत हो रही है। शिकायतकर्ता आलोक शर्मा, जिनका मकान उसी रास्ते पर है, ने बताया कि कूड़े की सड़न से पूरे इलाके में दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल इस समस्या का संज्ञान लेने और कूड़े को हटवाने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### अधूरा ख्वाब ने जीता बैंकॉक इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल का खिताब




**बुढ़ाना।** फ़ैज़ुद्दीन सिद्दीक़ी की दमदार कहानी व स्क्रीन प्ले के दम पर फ़िल्म अधूरा ख़्वाब ने बैंकॉक इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में कई फ़िल्मों को पीछे छोड़ बेस्ट क्रिटिक्स फीचर फ़िल्म का ख़िताब अपने नाम कर लिया है। अक्टूबर में फ़ैज़ुद्दीन सिद्दीक़ी एवं टीम को फेस्टिवल की तरफ़ से एक भव्य समारोह में आने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। बताया जाता है कि जब ज्यूरी इस फ़िल्म को देख रही थी तो कई लोगों की आंखें नम हो गई थी और सभी सदस्यों ने एकमत होकर अधूरा ख़्वाब को विजेता होने की मुहर लगा दी। फ़िल्म में कलाकारों की अदाकारी को भी सबने पसंद किया। ये फ़िल्म और भी कई इंटरनेशनल फ़िल्म में अपनी क़िस्मत आज़मा रही है। अधूरा ख़्वाब की पूरी शूटिंग पश्चिम उत्तर प्रदेश में मुज़फ़्फ़रनगर और आसपास के क्षेत्रों में की गई थी। फ़ैज़ुद्दीन सिद्दीक़ी की पहल से कई स्थानीय कलाकारों को काफ़ी फ़ायदा भी हुआ है। फ़िल्म की मुख्य भूमिका में सोनिया शर्मा और अली मर्चेंट ने बहुत अच्छा काम कर ज्यूरी को प्रभावित किया। फ़ैज़ुद्दीन सिद्दीक़ी और सबा सिद्दीक़ी ने बतौर निर्माता अच्छा प्रदर्शन किया है और इस फ़िल्म के क्रिएटिव प्रोडड्डूसर शिव चौधरी हैं। फ़िल्म का साउंड बारहवीं फैल फ़िल्म फेम मानव शरोठीया ने किया है। फ़िल्म में साउंड का महत्वपूर्ण रोल होता है। फ़िल्म में मुरसलीन क़ुरैशी का बेहतरीन रोल है और मुरसलीन ने अपने अभिनय से सबको लुभाया है। ज्ञात हो कि मुरसलीन क़ुरैशी लोई गाँव के निवासी हैं और सिद्दीक़ी फ़ैमिली के काफ़ी करीबी माने जाते हैं।

### तहसील स्तरीय अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बुढ़ाना।** किसान इंटर कॉलेज खरड़ में तहसील स्तरीय अंडर-17 बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेंद्र मलिक और प्रबंधक नरेंद्र मलिक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। योगेंद्र मलिक ने छात्रों को खेल के महत्व और खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का पहला मैच किसान इंटर कॉलेज खरड़ और राष्ट्रीय इंटर कॉलेज शाहपुर के बीच खेला गया। जिसमें शाहपुर ने एक गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। दूसरे मैच में डीएवी इंटर कॉलेज बुढ़ाना ने श्री पार्श्वनाथ जैन इंटर कॉलेज जोला को 41 रनों से हराया। फाइनल मैच राष्ट्रीय इंटर कॉलेज शाहपुर और डीएवी इंटर कॉलेज बुढ़ाना के बीच 6 ओवर का खेला गया। जिसमें डीएवी इंटर कॉलेज बुढ़ाना ने 2 ओवर शेष रहते 7 विकेट से शानदार जीत हासिल की। डीएवी इंटर कॉलेज बुढ़ाना के सिफरान कादर खान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में राकेश सरोहा, अनिल बालियान, शिव प्रताप, पवन बालियान, शिव जतन और पांडेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रतियोगिता के आधार पर जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अंडर-17 क्रिकेट टीम का चयन निष्पक्षता और पारदर्शिता से किया गया।

### कात्यायन इंटर कॉलेज में चला स्वच्छता प्रोग्राम

**बुढ़ाना।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में बीती 17 सितंबर से लेकर अगले महीने अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव भसाना में खतौली रोड पर बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल लिमिटेड के समीप स्थित शिक्षण संस्था श्री राम प्रसाद कात्यायन इंटर कॉलेज भसाना में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भूमि विकास बुढाना बैंक के चेयरमैन विनोद सैनी और भारतीय जनता पार्टी बुढाना मंडल के महामंत्री मुकेश शर्मा ने संयुक्त रूप से शिक्षण संस्था श्री राम प्रसाद कात्यायन इंटर कॉलेज भसाना में पढ़ाई करने वाले समस्त छात्र और छात्राओ को स्वच्छता के लिए जागरूक करने का काम किया और अपने संबोधन में यह भी कहा कि सफाई हमारी जिंदगी को बीमारी से बचाने का काम करती है। इसलिए सफाई की हमारी जिंदगी में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से श्री राम प्रसाद कात्यायन के प्रधानाचार्य डॉक्टर निलेश वशिष्ठ, यजपाल सिंह पीटीआई, विनोद यादव और सभी छात्र छात्राओं की उपस्थिति देखने को मिली।

### मोरना में रामलीला महोत्सव का हवन के साथ शुभारंभ

**मोरना।** रामलीला कमेटी मोरना द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव का शुभारंभ हवन यज्ञ के उपरांत भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने फीता काटकर किया। मोरना मे बाजार चौक पर आयोजित रामलीला महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर अमित राठी ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। इससे हमें मानवता, सत्य एवं धर्म रक्षा की प्रेरणा मिलती है। समाज में जीवन मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलना आवश्यक है।इस मौके पर विधायक पति अमरनाथ पाल, सुप्रिया पाल, मंडल अध्यक्ष अरुण पाल, पंकज महेश्वरी, पुनीत खोखर, हरी गोपाल माहेश्वरी, विशाल मित्तल, आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### विद्योत्तमा कन्या महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान

**खतौली।** विद्योत्तमा कन्या महाविद्यालय गंगधाड़ी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव कुमार शर्मा और प्राचार्या डॉ. कविता वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। निबंध प्रतियोगिता में बीएससी पाँचवें सेमेस्टर की समा ने प्रथम, बीएससी तृतीय सेमेस्टर की अंजलि ने द्वितीय और अनुराधा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की छात्राओं ने सक्रिय सहयोग दिया। अंत में प्राचार्या डॉ. कविता वर्मा, रीना चौधरी, प्रियंका, दीपांशी, लायबा सहित सभी छात्राओं ने भारत को स्वच्छ रखने की शपथ ली।

# मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण खतौली कोतवाली पर देखा गया

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश में 'मिशन शक्ति' का पाँचवाँ चरण शुरू किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इस महाअभियान का शुभारंभ किया।

खतौली कोतवाली परिसर में मुख्यमंत्री का संबोधन लाइव प्रसारण के जरिये सुना गया। इस अवसर पर कस्बे के डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज और पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने प्रसारण के बाद शिक्षिकाओं को जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान अगले 30 दिन तक चलेगा, जिसमें महिला सशक्तिकरण से जुड़ी कई योजनाओं व कार्यक्रमों को शामिल किया गया है।

लाइव प्रसारण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हर बेटी को सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए, ताकि वह निडर होकर शिक्षा प्राप्त कर सके और अपने सपनों को पूरा कर सके। प्रदेश सरकार ने 17 अक्तूबर 2020 को इस अभियान की शुरुआत की थी। मिशन शक्ति का उद्देश्य केवल अपराध रोकना नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच और व्यवहार विकसित करना है।

**एंटी-रोमियो स्क्वॉड और पिंक बूथ को मिलेगी मजबूती**

सरकार के निर्देश पर एंटी-रोमियो स्क्वॉड को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। पिंक बूथ और महिला बीटों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा 1090 (महिला हेल्पलाइन) और 112 (आपातकालीन सेवा) जैसी हेल्पलाइन को मजबूत किया गया है ताकि महिलाओं की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो सके।

**आत्मरक्षा का प्रशिक्षण और योजनाओं का लाभ**




अभियान के तहत बालिकाओं व महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिसमें जूडो-कराटे सहित आत्मरक्षा की उपयोगी तकनीकें सिखाई जाएंगी। साथ ही, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुँचाने पर जोर दिया जाएगा। महिला स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

**नवरात्रि पर विशेष सतर्कता**

इस बार दुर्गा पूजा और नवरात्रि के दौरान महिला सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए जाएंगे। मंदिरों, पूजा पंडालों और भीड़-भाड़ वाले बाजारों में पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती होगी। महिला पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में भी मौजूद रहेंगी, वहीं सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी।

## सतेन्द्र पाल ने किया चलचित्र रामायण का शुभारंभ

**शाहपुर।** धर्मनगरी शाहपुर में गोगा जी म्हाडी पर स्थित वर्षों से चली आ रही रामायण रामलीला चलचित्र का मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक सभा (उ.प्र) सतेंद्र पाल, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी, वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी कमल वर्मा, जैन समाज के आधार स्तंभ ललित जैन, नामदेव समाज के अध्यक्ष सोनू नामदेव, सभासद मनोज सैनी, व सभासद मनोज अरोरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। तथा दीप प्रज्वलित भाजपा नेता उमेश मित्तल और पूजन भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रूबी सैनी ने किया। कमेटी द्वारा सभी मुख्य अतिथियों का पटका पहनकर स्वागत किया। वरिष्ठ मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी ने भगवान श्री राम के जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने सनातनी लोगों को भी जागरूक करने के लिए भगवान श्री राम के जीवन शैली को अपनाने पर जोर दिया। भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रूबी सैनी ने कहा कि रामायण महिलाओं को भी त्याग की शिक्षा देती है जैसे सीता माता ने भगवान राम के साथ सब कुछ त्याग कर वनों में जीवन व्यतीत किया। इस तरह आज नारी को भी पतिव्रता धर्म निभाते हुए रामायण से शिक्षा लेनी चाहिए। ग्राम पलड़ी प्रधान मोनू सैनी ने कहा कि रामायण के प्रमुख पात्र राम और रावण दोनों ही मानव जीवन में शिक्षा का संदेश देते हैं अगर हम जीवन में पवित्र ग्रंथ रामायण के नक्शे कदम पर चलकर जीते हैं तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया साथ ही भगवान श्री राम के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल सैनी द्वारा किया गया। इस दौरान समाजसेवी सतीश सैनी, समाजसेवी अमित शर्मा, मुकेश सैनी, वरिष्ठ सपा नेता इकबाल कुरैशी, विनोद सैनी, अनिल सैनी, रविंदर सैनी, युवा समाजसेवी हर्षित जैन, महाकाल प्रेमी गोविंद वर्मा, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, वरिष्ठ सपा नेता अकरम खान, युवा समाजसेवी सावंत नामदेव, समाजसेवी रणवीर आर्य, पूर्व सभासद उमेश गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेत्री डॉ. कविता सैनी, नवनीत नामदेव, सुधीर नामदेव, समा. जसेवी विजय बंसल, पत्रकार पीयूष शर्मा, हनु मित्तल, डॉ. राजीव कुमार, अनमोल बंसल, शिवचरण नामदेव आदि मौजूद रहे।

## श्री कुन्द कुन्द जैन पीजी कॉलेज में दिखाया गया माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** स्थानीय श्री कुन्द कुन्द जैन (पीजी) कॉलेज में शनिवार को माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के तृतीय दीक्षान्त समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कॉलेज के बीसीए विभाग में बड़ी स्क्रीन पर प्रसारण को छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक देखा। समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में यूजीसी (नई दिल्ली) के उपाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यमंत्री उच्च शिक्षा योगेन्द्र उपाध्याय व रजनी तिवारी भी समारोह में मौजूद रहे। दीक्षान्त समारोह में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को 90 स्वर्ण पदक एवं 25,456 उपाधियाँ प्रदान की गईं। कॉलेज में प्रसारण देखने पहुंचे प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व बीसीए व बीएससी विभाग के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक देखा और इसकी सराहना की। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. अरविन्द कुमार ने विद्यार्थियों से उच्चतर अध्ययन कर जीवन में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने की प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ई. आशीष जैन, ई. राहुल माहेश्वरी व विकास जैन का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. विपिन कुमार बंसल, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. पूजा पुण्डीर, डॉ. मिनाक्षी, डॉ.श्वेता मलिक, डॉ. विशु, रजत गुप्ता, मनोज कुमार मलिक, सुधीर कुमार, शकुन्तला समेत सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# पीड़ितों की शिकायतों पर लापरवाही देख भड़के डीएम

**शाहटाइम्स सवांददात**

**खतौली।**शनिवार को तहसील में आयोजित समाधान दिवस ने शिकायतों के समय पर निस्तारण न होने पर डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

डीएम ने साफ कहा कि केवल दफ्तर में बैठकर फाइलों पर रिपोर्ट लगाने से काम नहीं चलेगा। अधिकारी खुद मौके पर जाकर जांच करें और समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने चेतावनी दी कि जो अधिकारी लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बताया कि इसी प्रकार की लापरवाही के कारण पहले भी चार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा चुकी है। है। जिलाधिकारी ने खतौली के राजीव कुमार से कस्बे के थानेश्वर संस्कृत विश्वविद्यालय की टूटी दीवार का भी ब्योरा लिया। उन्होंने नाराजगी जताते हुए आदेश दिया कि दीवार का निर्माण तत्काल कराया जाए, ताकि दोबारा कोई दुर्घटना न हो।

समाधान दिवस के दौरान आगामी पंचायत व ग्राम प्रधान चुनावों को देखते हुए एसएसपी संजय कुमार ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए।

उन्होंने खतौली, मंसूरपुर और रतनपुरी थानों के एसओ सहित हलके के लेखपालों को हिदायत दी कि शरारती और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए। गांवों में कोटे की दुकानों को लेकर उत्पन्न होने वाले विवादों को चुनाव से पहले ही निपटाने के आदेश दिए।एसएसपी ने निर्देश दिया कि वर्तमान प्रधान, पूर्व प्रधान और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की बैठक कर शांति बनाए रखने की अपील करते उनके और झगड़ालू व शरारती तत्वों की सूची तैयार कर उन्हें धारा 107/116 के तहत पाबंद किया जाए। उन्होंने आदेश दिए कि सभी कन्या इंटर कॉलेजों व डिग्री कॉलेजों के समय पर पुलिस बल और एंटी-रोमियो स्क्वॉड की तैनाती की जाए। स्कूल छुटी के समय बाहर खड़े होकर उत्पात मचाने वाले युवकों पर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। समाधान दिवस पर एसडीएम राज. कुमार भारती और तहसीलदार और सीएमओ एवं खतौली सीएचसी अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।

## 30 नवजात बेटियों को किया गया सम्मानित

**मुज़फ्फरनगर।** महिला जिला चिकित्सालय, में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 30 नवजात बेटियों की माताओं को बेबी किट, खिलौने एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया। महिला जिला चिकित्सालय, मुज़फ्फरनगर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 30 नवजात बेटियों की माताओं को बेबी किट, खिलौने एवं मिठाई देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सपना कश्यप, सदस्य, महिला आयोग रहीं।

विशिष्ट अतिथियों में डॉ. आभा आत्रे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, नीना त्यागी, संरक्षण अधिकारी, शिवांगी, मिशन कॉर्डिनेटर, रितु, प्रबंधक राजकीय दत्तक इकाई, शिवम्, जेंडर स्पेशलिस्ट, शुभम, सहायक लेखाकार तथा अरुण एवं नितिन शामिल रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग प्रदान किया।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान, प्रेमपुरी, मुज़फ्फरनगर द्वारा स्व. अनिता तायल धर्मपत्नी रामकुमार तायल (प्रदेश महामंत्री, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन) की पंचम पुण्यतिथि पर एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन वरदान नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी, परिसर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ स्व. अनिता तायल की पुण्य स्मृति में नगर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ।

इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भी उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं संस्थान की इस सेवाभावी पहल की सराहना की। शिविर में कुल 190 मरीजों की नेत्र-जांच की गई, जिनमें से 23 मरीज ऑपरेशन हेतु चयनित किए गए। चयनित सभी रोगियों का ऑपरेशन संस्थान द्वारा पूर्णत: नि:शुल्क किया जाएगा। आपको बता दे की डॉ स्वाती अग्रवाल एम.बी.बी.एस., एम. एस, बनारस यूनिवर्सिटी से गोल्ड मेडलिस्ट है, जो संस्थान मे रोगियों की जाँच एवम मोतिया बिन्द आपरेशन करती है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष शिवचरण दास गर्ग, सचिव पवन कुमार गोयल, का ेषाध्यक्ष



भानुप्रताप अग्रवाल सहित योगेंद्र जैन, अशोक अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, अक्षत जैन, अंकित गर्ग, अमित गर्ग, शिशुकांत गर्ग, राजेश मित्तल, सतीश गोयल, कमल गोयल, सुगंध जैन, अनमोल अग्रवाल, वंसज तायल, डॉ अनिल गुप्ता, डा पुंडीर, के आलावा अस्पताल का स्टाफ मयूर अग्रवाल, प्रवीण कुमार, सुरेंदर कुमार मोहिनी प्रजापति, निशा, पूजा, सन्नी, परवेज, आदि सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने संस्थान द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं परोपकारी कार्यों की सराहना की और इसे समाजहित में अनुकरणीय बताया।

# मतदान से वंचित न हो कोई भी युवा, सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर।** 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष के होने वाले युवाओं को मतदान से वंचित ना करने के संबंध में नागरिक अधिकार मंच द्वारा ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध यह है कि उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन गणना के पत्रांक के कालम नव 5 में आयु गणना 1 जनवरी 2025 के आधार पर की जा रही है जबकि ग्राम पंचायत के चुनाव वर्ष 2026 में होने की संभावना है नए मतदाता जो दिनांक 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष के हो जाएंगे वे मतदान नहीं कर सकेंगे।

जिन्हें मतदान से वंचित करना न्यायसम्मत नहीं होगा अत: अनुरा. ेध है कि उत्तर प्रदेश राज्य के निर्वाचक गणना के पत्रांक के कॉलम नंबर 05 में दिनांक 01



जनवरी 2025 के स्थान पर 01 जनवरी 2026 कराने की कृपा करें उक्त विषय गंभीर है जिसका असर सरकार के विरुद्ध होता जा रहा है। अत: उक्त का निस्तारण यथा शीघ्र कराने का कष्ट करें जिससे युवाओं के संवैधानिक मौलिक अधिकार मतदान का अधिकार का हनन न हो सकें।मंच के सभी पदाधिकारी ज्ञापन में मौजूद रहे प्रदेश अध्यक्ष जसवीर सिंह, प्रदेश महासचिव कैप्टन कुलदीप चौहान, जिलाध्यक्ष एडवोकेट पवन कुमार राणा, सुखबीर सिंह, मनोज पवार, आनंगपाल , योगराज सिंह, सचिन, शुभम, शाहरुख आदि मौजूद रहे

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चिकित्सकों की लापरवाही से गई महिला की जान

## कुत्ता काटने के उपचार में बरती लापरवाही, रैबीज के लक्षण उभरने के बाद हुई मौत, मृतका के पुत्र वायुसेना के जवान ने डीएम से की चिकित्सा अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थानाभवन क्षेत्र के गांव हरड फतेहपुर निवासी वायुसेना के जवान ने थानाभवन स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों पर उसकी मां को कुत्ते के काटने के बाद उपचार में लापरवाही बरतने से मौत होने का आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार थानाभवन के गांव हरड फतेहपुर निवासी वायुसेना के जवान अमित कुमार ने डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 18 जुलाई 2025 को उसकी मां को घर के सामने ही एक आवारा कुत्ते ने पैर में काट लिया था जिससे उनके पांव में गंभीर घाव हो गए थे। वह अपनी मां को लेकर थानाभवन के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले गया था। अमित का आरोप है कि अस्पताल में चिकित्साधिकारी ने घोर लापरवाही बरतते हुए घाव को कुत्ता काटे की श्रेणी में नहीं रखा और रैबीज वैक्सीनेशन की मात्रा 3 डोज कर दी। चिकित्साधिकारी ने पर्ची के पीछे एक सारिणी भी बनाई जो भविष्य में लगने वाले इंजेक्शनों की समय सारिणी है। चिकित्साधिकारी द्वारा दूसरा इंजेक्शन पहले इंजेक्शन के तीन दिन बाद, दूसरा 7 दिन बाद, चौथा 14 दिन बाद और पांचवां सितम्बर माह में लगवाना बताया गया। जवान का आरोप है कि पहली डोज 18 जुलाई को दी गई। जब वे दूसरी डोज लगवाने 21 जुलाई को पहुंचे तो उन्हें यह कहकर वापस भेज दिया कि स्वास्थ्य केन्द्र पर केवल मंगलवार और शुक्रवार को ही कुत्ता काटने के इंजेक्शन लगते हैं। इसके बाद भी चिकित्साधिकारी ने उनकी मां के उपचार में लापरवाही बरती जिसके कारण मां के अंदर रैबीज के लक्षण उभर गए और 8 सितम्बर की रात उसकी मां की मौत हो गई। पीडित जवान ने डीएम से लापरवाही बरतने वाले चिकित्सा अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा पीडित परिवार को मुआवजा की भी मांग की है।

## युवक ने फांसी लगा कर दी जान, परिजनों ने किया सुपुर्द ए खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिजनों ने गमगीन माहौल में बिना किसी कार्रवाई के सुपुर्द ए खाक कर दिया है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी एक तीस वर्षीय युवक ने शुक्रवार की रात्रि अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। परिजनों ने युवक को फांसी के फंदे से नीचे उतरकर आनन-फानन में नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने युवक को मृतक घोषित कर दिया युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। आशंका है कि युवक ने घरेलू विवाद के कारण अपनी जान दी है।शनिवार को परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के युवक को कब्रिस्तान में ले जाकर सुपुर्द ए खाक कर दिया है।

## प्रभारी अध्यापिका ने एसएमसी समिति अध्यक्ष पर फोटो खींचने व धमकाने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पीएम विद्यालय बल्लमाजरा की प्रभारी शिक्षक की शिकायत पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष व एक अन्य पर छेडछाड व धमकाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की कस्टडी मे एक आरोपी जुल्फिकार की तबीयत बिगड गई और अस्पताल मे भर्ती कराना पडा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव बल्लामाजरा मे स्थित पीएम विद्यालय में तैनात प्रभारी अध्यापिका अंजली पत्नी मनीष कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि प्रबंध समिति के अध्यक्ष जुल्फिकार व शौकत गलत मंशा से स्कूल मे आते है और फोटो खींचते है। दबाव बनाने की नियत से फर्जी विडियो बनाते है ताकि महिला अध्यापिकाओं का शोषण कर सके। पीडिता ने अन्य अध्यापिकाओ के साथ भी अभद्रता का आरोप लगाया है। प्रभारी अध्यापिका की शिकायत पर पुलिस ने मामले को दर्ज कर लिया है। दर्ज मुकदमें में अध्यापको को गवाह बनाया गया है। वही सूत्र बताते है कि मुकदमे के आरोपियों को पुलिस ने मध्यस्त के सहारे पुलिस चौकी पर बुलाया और दोपहर से शाम तक बैठाए रखा। रात्रि मे समय करीब आठ बजकर पॉच सेकंड पर मुकदमा दर्ज हुआ।घटना क्षेत्र मे चर्चा का विषय बनी हुई है।

### पीएम विद्यालय मे लाखों के गड़बड़झाले का शिकायतकर्ता है आरोपी

प्रभारी शिक्षिका ने जिस व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है वह एसएमसी समिति का अध्यक्ष है। पीडिता का पति समिति मे निर्माण कार्य को देखता है। अध्यक्ष ने विगत दिनो निर्माण कार्य मे 37 लाख के कार्य नही होने व गुणवत्ता हीन कार्य की जांच की मांग की थी। अब अध्यक्ष आगामी कार्य के लिए वित्तीय चौको पर हस्ताक्षर नही कर रहा था।

## एक नजर

## गणमान्य लोगों के साथ विधायक प्रति. निधि ने किया कौशल रथ का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव कादर गढ़ व मारूखेड़ी के सरकारी स्कूल पर केंद्र सरकार द्वारा संचालित किया गया कौशल रथ पहुंचा जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि अभिषेक राणा,गन्ना समिति चेयरमैन राजेश राणा मुखिया,प्रमोद प्रधान एवं गांव के गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया।तकनिकी शिक्षा देश का भविष्य को उज्जवल बनाती है तकनिकी को जीवन मे अपनाकर करियर बनाने की आज की युवा पीढ़ी को जरूरत है इसी क्रम में रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने देश के युवा को तकनिकी से जोड़ने की मुहीम चला रखी जिसके लिए आज थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के गांव कादरगढ़ मे कंप्यूटर की बेसिक शिक्षा के लिए कौशल रथ पहुंचा। विधायक अशरफ अली खान के प्रतिनिधि अभिषेक राणा ने बताया कि थानाभवन विधानसभा मे विशेष रूप से बच्चों के भविष्य के लिए कौशल रथ को चलाया हुआ है सरकार की योजना का हर आदमी को लाभ मिले यही रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी व विधायक अशरफ अली खान का निरंतर प्रयास है। यह कौशल रथ विकास और तकनीकी का अनूठा समागम है।इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रमोद राणा,गन्ना समिति चेयरमैन राजेश राणा,सेवानिवृत सूबेदार मेजर चन्दरपाल राणा, कटार सिंह,अमरजीत सिंह, कुलदीप सिंह, राजकुमार सिंह, मिल्की शर्मा,अमित शर्मा, परविंदर सिंह सहित सैंकड़ों स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

## पड़ोसियों पर रंजिश रखने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस के लोगों पर रंजिश रखते हुए पीड़ित के साथ मारपीट करने व आए दिन झगडा करते हुए झूठी शिकायत करने के साथ पीड़ित से शिकायत के आधार पर रूपए वसूलने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव ढुढार निवासी बंटी पुत्र सुरेंद्र ने बताया कि उसके पड़ोसी पीड़ित से रंजिश रखते हैं। रंजिश के चलते आरोपी आए दिन पीड़ित और उसके परिवार के साथ मारपीट एवं झगड़ा करते रहते हैं। और पुलिस प्रशासन को झूठी शिकायत कर परेशान करते हैं। पीड़ित का आरोप है की आरोपियों ने मारपीट करते हुए पीड़ित को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी है और आरोपी पीड़ित से रूपए वसूलने चाहते है। पीड़ित व्यक्ति ने थाने पहुंचकर आरोपी व उसके परिवार को लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## किसानों के नलकूपों पर हुई चोरी में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के मलकपुर मार्ग पर कर किसानों के नलकूपों पर हुई चोरी के मामले में पुलिस ने पीड़ित किसानों की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बा निवासी किसान रजत सैनी अमित कुमार गौरव सैनी सिकंदर आदि के खेत हैं। पीड़ित किसानों ने अपने खेतों में सिंचाई करने के लिए नलकूपों के निर्माण कर रखे हैं। विगत गुरुवार की रात्रि चोरों ने किसानों के नलकूपों की दीवार तोड़कर हजारों रूपए के केबल, कृषि यंत्र सहित खाद बीज चोरी कर लिए थे।

# स्वदेशी की अलख जगाने को निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्थित खादी ग्रामोद्योग में आयोजित खादी महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारी कपिल कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक आजादी का प्रतीक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका को भी दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान राजकीय पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट जसाला में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को स्वदेशी की महत्ता और देश की प्रगति में उसके योगदान के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इसके पश्चात संस्थान के प्रांगण से एक विशाल




रैली निकाली गई, जिसमें लगभग 200 अध्यापक व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली जसाला मार्ग से होते हुए पुन: संस्थान में वापस पहुंची और रैली का समापन किया गया।

रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वदेशी वस्त्रों और वस्तुओं के प्रयोग को बढ़ावा देने, विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग करने का संदेश दिया।

## झिंझाना पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिडौली।** थाना झिंझाना पुलिस टीम ने सोमवार देर रात वेदखेड़ी-बीबीपुर रोड पर चेकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ में दबोच लिया। आत्मरक्षार्थ की गई पुलिस फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में पकड़कर सरकारी अस्पताल ऊन में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक देर रात रूटीन चेकिंग चल रही थी, तभी एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश ने पूछताछ में अपना नाम इमरान पुत्र मुस्तफा निवासी ग्राम पटनी परतापुर बताया। पुलिस ने मौके से उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश वही आरोपी है, जिसने 18/19 सितंबर की रात एक मंदिर परिसर में मीट रखने जैसी घिनौनी हरकत की थी। उस घटना से क्षेत्र में भारी रोष फैल गया था और पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने इमरान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, आरोपी के परिजनों का कहना है कि इससे पहले उस पर कोई आपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं था।

## प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चित्र प्रदर्शनी का एमएलसी मोहित बेनीवाल ने किया अवलोकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व के रूप में मनाए जाने के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा हनुमान टीला परिसर में एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शनिवार को एमएलसी मोहित बेनीवाल ने प्रदर्शनी का भ्रमण कर अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि विगत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों ने भारत का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ाया है। प्रदर्शनी में उनके बाल्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक की सेवा यात्रा और कार्यों को प्रदर्शित किया गया है, जो युवाओं के लिए प्रेरणादाई हैं। एमएलसी ने आमजन से अपील की कि वे बड़ी संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रधानमंत्री के जीवन से प्रेरणा लें।प्रदर्शनी के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सतएन्द्र तोमर, पुनीत द्विवेदी, सलील द्विवेदी, दामोदर सैनी, ओमप्रकाश, घनश्याम पारचा, शशि अरोरा, विवेकप्रेमी, बादल गौतम, रोहित विश्वकर्मा, अमित विश्वकर्मा, राहुल जैन, सुधा आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम से की कर्मचारियों की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** नगर पंचायत कार्यालय में कुछ कर्मचारी अनावश्यक रूप से बैठे रहते हैं इसके अलावा अन्य व्यक्ति भी नगर पंचायत कार्यालय में मौजूद रहते हैं इस संबंध में सभासदों ने उप जिला अधिकारी को शिकायत कार्रवाही की मांग की है। नगर पंचायत कार्यालय में कुछ कर्मचारी अनावश्यक रूप से बैठे रहते हैं सभासदों का आरोप है कि कर्मचारी डड्रूटी का कार्य नहीं करते इसके अलावा अन्य व्यक्ति भी नगर पंचायत कार्यालय में मौजूद रहते हैं तथा सभासदों के साथ दुर व्यवहार करते हैं महिला सभासदों को भी परेशानी उठानी पड़ती है इसके अलावा नगर पंचायत के कर्मचारी सभासदों द्वारा बताए गए कार्य भी नहीं कर रहे हैं इस संबंध में सभासदों ने उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में सरोज देवी ,मीनू देवी, राजबीरी ,सुशील कुमार, दीपक कुमार, अंमित, प्रदुमन आदि शामिल रहे।

# दो दिवसीय रोजगार मेले में 15 अभ्यर्थियों का चयन



**थानाभवन।** खंड विकास कार्यालय परिसर में शुक्रवार से शुरू हुए दो दिवसीय रोजगार मेले का सफल समापन शनिवार को हुआ। इस मेले में क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रोजगार पाने का अवसर तलाशा।मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निर्देशन में तथा जिला परियोजना अधिकारी अजय कुमार की देखरेख में आयोजित इस मेले में एसआईएस कंपनी दिल्ली की ओर से भर्ती प्रक्रिया कराई गई। कंपनी के कमांडेंट एन।पी। मलिक ने अभ्यर्थियों का चयन किया। पहले दिन 10 युवाओं ने आवेदन किया, जिनमें से 9 का चयन हुआ। वहीं, दूसरे दिन 18 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, जिनमें से 6 चयनित हुए। इस प्रकार दो दिनों में कुल 15 युवाओं का चयन किया गया, जिन्हें दिल्ली के नजफगढ़ ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। रोजगार पाने वाले चयनित अभ्यर्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए शासन-प्रशासन का आभार जताया। जिला परियोजना अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार से जोड़ने के लिए ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। आने वाले समय में अन्य ब्लॉकों पर भी इसी प्रकार रोजगार मेले लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक युवाओं को अवसर मिल सके।

# महिलाओं को सम्मान के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** महिला सशक्तिकरण मिशन के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष कार्यक्रम शनिवार को थाना भवन थाने में लाइव प्रसारित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा को मजबूत करना तथा महिला शक्ति को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका के लिए प्रेरित करना रहा।

लाइव प्रसारण के दौरान जे।ए। एकेडमी सोंटा रसूलपुर,खुर्शीद मेमोरियल स्कूल सोंटा रसूल पर,एवम लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं एवं अध्यापिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। छात्राओं ने गहरी रुचि के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन सुना और उसमें बताए गए महिला सशक्तिकरण से जुड़े संदेशों को आत्मसात किया। छात्राओं ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उन्हें समाज में अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के



प्रति अधिक जागरूक बनाते हैं। थाने का समस्त स्टाफ भी कार्यक्रम में मौजूद रहा और उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेशों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम के माध्यम से महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर थाना भवन थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में लड़कियों को डरने या चुप रहने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति छेड़छाड़ करता है या गलत व्यवहार करता है तो लड़कियों को उसे किसी भी हालत में छुपाना नहीं चाहिए। तुरंत अपने परिजनों को जानकारी दें और हिम्मत के साथ सामने आएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई टोल-फी नंबर जारी किए हैं, जैसे 181 महिला हेल्पलाइन नंबर 112 आपातकालीन नंबर, इन नंबरों पर कॉल करके तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा स्थानीय पुलिस को भी तुरंत सूचना देना चाहिए ताकि किसी भी बड़ी या अप्रिय घटना से पहले ही रोकथाम की जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि लड़कियां स्वयं को कमजोर न समझें, बल्कि कानून और प्रशासन उनके साथ खड़ा है। पुलिस का पूरा प्रयास है कि क्षेत्र में महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षित माहौल मिले। उन्होंने छात्राओं को यह भरोसा भी दिलाया कि थाना भवन पुलिस हमेशा उनकी मदद और सुरक्षा के लिए तत्पर है।इस अवसर पर थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह रावत समेत समस्त पुलिसकर्मी और विद्यालय स्टाफ ने एक साथ मिलकर संकल्प लिया कि वे महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए हर स्तर पर प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्राओं और स्टाफ ने जोरदार तालियों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संदेश का स्वागत किया। यह आयोजन न केवल एक सरकारी पहल था, बल्कि समाज को महिला शक्ति के महत्व का एहसास कराने और महिला जागरूकता की दिशा में एक सशक्त कदम भी साबित हुआ।

## लायंस क्लब शामली का अधिष्ठापन समारोह संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली का 50वां अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जगमोहन सिंघल को वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिनका क्लब के पदाधिकारियों द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। शुक्रवार देर रात्रि शहर के दिल्ली रोड स्थित एक बारातघर में लायंस क्लब शामली का 50 वां अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डा। विनय सिसोदिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अधिष्ठापन अधिकारी आदित्य गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारिएं को शपथ ग्रहण कराई, जिसमें जगमोहन सिंघल को अध्यक्ष, सुशील कुमार सिंघल को सेकेट्री और संजय गर्ग को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिनका क्लब के पदाधिकारियों द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विनय मित्तल, नवनीत अग्रवाल, नवीन कुमार, अनिल कुमार कुच्छल, राजीव बंसल, विकास अग्रवाल, पीके गोयल आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर वकीलों की हड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने हड़ताल रखी तथा उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सोपा गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ बनाने की मांग को लेकर अधिवक्ता लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने शनिवार को कार्य से विरत रहे तथा अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया बाद में खंडपीठ बनाने की मांग को लेकर उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को ज्ञापन सोपा तथा शीघ्र ही खंडपीठ बनाने की मांग की।ज्ञापन देने वालों में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन मलिक, महासचिव अनुज वशिष्ठ, सम्राट चौधरी, शादाब खान ,सत्यवीर सिंह,नवीन सरोहा,सतीश कुमार, सुरेंद्र, विपिन,अमित कुमार आदि शामिल रहे।



**शामली।** शनिवार को हाईकोर्ट संघर्ष समिति के आहवान पर श्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर जिला बार एसोसिएशन के वकीलों ने कार्य बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन किया तथा प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर वकीज पिछले कई सालों से लगातार संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अभी तक वकीलों की मांगों को पूरा नहीं किया गया है। शनिवार को भी बैंच की मांग को लेकर जिला बार एसोसिएशन शामली के वकीलों ने कार्य बहिष्कार करते हुए अपने चौंबरों, तहसील की सभी दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखते हुए धरना प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजपाल एडवोकेट ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर पिछले 40 सालों से वकील व आम जनता



आंदोलन कर ही है, लेकिन इसके बावजूद भी सरकार इस मांग पर कोई सुनवाई नहीं कर रही है। उन्होने सरकार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की मांग को जल्द पूरा करने की मांग की। वकीलों ने कलक्ट्रेट चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाते हुए करीब 15 मिनट का सांकेतिक जाम भी लगाया। जिसके बाद स्वयं ही जाम को खोल दिया गया। इस अवसर पर बिजेन्द्र सिंह, प्रदीप पंवार, सन्नी निर्वाल, प्रताप राठौर, रामकुमार वर्मा, मुकेश गर्ग, जगत प्रसाद कौशिक आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुर्व में मेरा नाम SABRA साबरा था मैंने अब अपना नाम बदल कर SABRA BEGUM साबरा बेगम रख लिया है। भविष्य में मुझे SABRA BEGUM साबरा बेगम नाम से पुकारा जाए।

SABRA BEGUM W/O MOHD ANEES 401. CHADIYAN PO/PS KAIRANA DISTT SHAMLI PINCODE 47774

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम YASMEEN यासमीन था मैंने अब अपना नाम बदल कर ¼YASMEEN RAZA यासमीन रजा रख लिया है। भविष्य में मुझे YASMEEN RAZA यासमीन रजा नाम से पुकारा जाए।

YASMEEN RAZA W/O SADIK. MOH. RAJENDER COLONY PO/PS KAIRANA DISTT SHAMLI PINCODE 247774

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत जैन कन्या इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शासन के आदेशानुसार चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को जैन कन्या इंटर कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने वेस्ट टू आर्ट, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। रंगोली और कलाकृतियों के माध्यम से छात्राओं ने स्वच्छ बनाएं भारत देश का संदेश देते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को जीवंत किया। साथ ही डस्टबिन रखने और वृक्षारोपण करने के संदेश को भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद शामली के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी, सफाई नायक दीपक चंद्रा तथा आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार और मनोज कुमार उपस्थित रहे। अधिकारियों एवं टीम द्वारा छात्राओं की स्वच्छता के प्रति जागरूकता को सराहा गया और उन्हें आगे भी ऐसे कार्यक्रमों में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रुचिता ढाका मौजूद रही।

# लोकेशन देने वाले पांच खनन तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** स्थानीय पुलिस व प्रशासन ने खनन के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान चलाकर 11 वाहनों को बिना प्रपत्रों के पकड़ा है, इसके अलावा अधिकारियों की रेकी कर व्हाट्स ग्रुप पर लोकेशन देने वाले 5 खनन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस व प्रशासन की इस कार्यवाही से खनन तस्करों ने हड़कंप मचा है।

दरअसल, जिलाधिकारी मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी, एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह और सीओ एस एन वैभव पांडे अवैध खनन और खनन के अवैध परिवहन को रोकने के लिए दिन रात एक किए हुए है। शुक्रवार की रात स्थानीय प्रशासन की ओर से एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह ने खनन का अवैध परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग अलग जगहों से 11 वाहनों को पकड़ा है। मौके पर कोई भी चालक वैध प्रपत्र नहीं दिखा सका जिसके बाद पकड़े गए सभी वाहनों को कोतवाली बेहट पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इसके अलावा प्रशासनिक टीम ने अधिकारियों की रेकी कर व्हाट्स ग्रुप पर लोकेशन देने और खनन के वाहनों का अवैध परिवहन करने वाले 5 लोगों को भी गिरफ्तार कर कोतवाली बेहट पुलिस को सौंपा है। इंस्पेक्टर बेहट सतपाल भाटी ने बताया कि अधिकारियों को रेकी करने वाले जुनैद आलम पुत्र शराफत निवासी मलकपुर थाना काधला, सादिक पुत्र इश्हाक निवासी बाबूपुर थाना ननौता, वसीम पुत्र सब्दर निवासी गढी दौलत थाना काधला, सुफियान पुत्र अफला निवासी गढी दौलत थाना काधला, कुर्बान पुत्र यासीन निवासी ख्वाजा. पुरा कबीरपुर थाना झिझाना के खिलाफ कार्यवाही की गई है। एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन का परिवहन किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा। खनन के अवैध परिवहन में हो वाहन पकड़े गए है वे कहा और किस स्टोन क्रेशर से खनिज भरकर लाए है उसकी जांच की जा रही है। सभी वाहनों की रिपोर्ट बनाकर खनन विभाग को भेजी जाएगी।

# अवैध शराब के साथ चार दबोचे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए चार तस्करों को चंडीगढ मार्का की अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

उप आबकारी आयुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि सरसावा टोल पर किए जा रहे रात्रि कालीन चेकिंग में रुद्रप्रयाग के बृजभूषण, प्रदीप और राजेश को गिरफ्तार किया। जो अंत. रप्रांतीय विदेशी मदिरा बियर को वाहन चालक विलय के साथ चंडीगढ़ से लेकर उत्तराखंड के लिए ले जाया जा रहा था।

तलाशी के दौरान ऑल सीजन ब्रांड की 2 लीटर की कुल 9 बोतले, वजीर व्हिस्की ब्रांड की 12 बोतले, रॉयल स्टेग और मैजिक मोमेंट की दो-दो बोतले प्रत्येक की धारिता 750 उस, कुल 30 बल्क लीटर विदेशी तथा 9 केन 500 उस की बीयर बरामद की गई। उनके कब्जे से 1,02,500 रुपये भी बरामद किए गए।

चारों तस्करो को गिरफ्तार कर थाना सरसावा में सुसंगत धाराओं में चालान किया गया। चालान आबकारी निरीक्षक शिखर श्रीवास्तव द्वारा किया गया व आबकारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह मय हमराह प्रधान आबकारी सिपाही कुलदीप सिंह, तथा आबक. ारी सिपाही देवेंद्र सिंह, बाबूलाल व मोहसिन शामिल रहे।

# पुत्र को मरणासन्न किए जाने का आरोप

**चिलकाना।** नगर निवासी पीड़ित महिला ने कंई युवकों पर उसके पुत्र को फोन करके घर से बाहर बुलाकर जबरदस्ती सुनसान जगह पर ले जाने व मारपीट कर मरणासन्न हालत छोड़कर वहां से फरार हो जाने का आरोप लगाया है।

मोहल्ला जाकिर हुसैन निवासी विधवा महिला ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे उसका बेटा शोएब घर पर खाना खा रहा था तभी उसके मोबाइल फोन पर कस्बे के ही एक युवक का फोन आया जिसने शोएब को मोहल्ला मजहर हसन स्थित तप्पड में मजदूरी करने के लिए काम दिखाने की बात कहते हुए घर से बुलाया। पीड़िता का आरोप है कि खाना खाकर शोएब जैसे ही उक्त स्थान पर पहुंचा तो वहां पर पहले से ही घात लगाए बैठे युवकों ने शोएब को घेर लिया ओर उसकी जेब में रखे पन्द्रह हजार रुपए व दो मोबाईल फोन छीनते हुए जबरदस्ती उसे सुनसान जगह पर ले गये।

# शरदकालीन गन्ना बुआई का शुभारम्भ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ओ .पी. सिंह ने शनिवार को जनपद के बिडवी चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम फन्दपुरी में किसानों तथा विभागीय और चीनी मिल के अन्य अधिकारीयों के साथ शरद कालीन गन्ना बुवाई का शुभारम्भ किया।

किसानो से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि शरद कालीन गन्ना बुआई जो कि इस क्षेत्र में 20 सितम्बर से लेकर अक्टूबर माह के अन्त तक चलती है, तो आज से उसका आरम्भ इस गांव में गन्ना प्रजाति को. लख. 16202 की बुवाई के साथ हो गया है और गन्ना विभाग और चीनी मिले इसके लिए गन्ना किसानों में किसान गोष्ठियां, आयोजित कर ओर व्यापक प्रचार अभियान चलाकर गन्ने की ट्रेंच विधि से खेती तथा गन्ने में सहफसली के लाभ के लिए जागरूकता का कार्य करेंगे। उप गन्ना आयुक्त ने कहा कि किसानो को उत्तम गन्ना खेती के टिप्स भी बताएं जायेंगे जिनमे सर्व प्रथम खेत की तयारी जरूरी है इसके लिए खेत में सड़ी हुई गोबर की खाद जरूर डाली जाए जिससे भूमि का जैविक कार्बन बढ़ जाए, गन्ने की अच्छी फसल के लिए बहुत जरूरी है की जमीन में जैविक कार्बन पर्याप्त हो ओर इसके लिए खेत में हरी खाद और गोबर की खाद बेहतरीन विकल्प होते हैं।

इस अवसर पर अन्य विभागीय तथा चीनी मिल अधिकारी और किसान तथा फिल्ड स्टॉफ उपस्थित रहे।

# छात्राओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढोली कदीम।** बेहट पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से गांव सुल्तानपुर माली (मीरगढ़) में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर इलियास अली और महिला हैड कांस्टेबल मीनाक्षी तथा कांस्टेबल शीतल ने स्कूली छात्राओं को षमिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान विद्यालय प्रभारी मुहम्मद इमरान, अश्वनी कुमार, निर्मला गोयल, फैसल सलीम, रिजवाना, रीता, स्वराज कुमार आदि मौजूद रहे।

# अशोक मलिक हाउस अरेस्ट, सौंपा ज्ञापन



**सहारनपुर।** राज्यपाल के आगमन के मद्देनजर उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक को हाउस अरेस्ट किया गया। उन्होंने निजी स्कूल संचालकों के साथ आवास पर ही राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन पुलिस क्षेत्राधिकारी को सौंपा।

अशोक मलिक के हाउस अरेस्ट होने की सूचना पर निजी स्कूल संच. ालक उनके लेबर कालोनी स्थित आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांग रखी। डा अशोक मलिक ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की समस्या नही सुनना चाहती और जिला प्रशासन जबरदस्ती रामराज स्थापित होने का ढोंग रचकर जनता को धोखा दिया जा रहा है जमीनी स्थिति से सरकार को जानकारी नहीं होने देना चाहते है इसलिए हम प्रशासन की तानाशाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट जिला अध्यक्ष के पी सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पवार महामंत्री अरविंद शर्मा धनंजय शर्मा महानगर अध्यक्ष गययूर आलम महानगर प्रभारी अजय सिंह रावत दिनेश रुपडी मुजाहिद नदीम राशिद जावेद मोहम्मद शादाब फरीद खान अनिल सचदेवा नरेश वर्मा टास्क फोर्स समिति के अध्यक्ष ईश्वर चंद्र फौजी रविंद्र शरद रोहित बावरे हंस कुमार जोरा सिंह प्रवीण गुप्ता प्रवीण कुमार संदीप कुमार राजकुमार श्रीमती सुषमा मलिक श्रीमती प्रिया कवात्रा खुशी धीमान संदीप कुमार शिवानी उपस्थित रहे।

# चोरी की रिपोर्ट कराई दर्ज



**सहारनपुर।** विदित हो बृहस्पतिवार के मध्यरात्रि में कुछ अज्ञात चोरों ने 33/11 केवी उपकेन्द्र गठेडा के ग्राम बुढढाखेडा में पीरवाले तालाब पर रखे 250 केवीए परिवर्तक की ताँबे की क्वाईल व तेल चोरी कर ले गये थे,जिसमें चोरों द्वारा अन्य साम्रगी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, वहीं अब अज्ञात चोरों के खिलाफ विधुत वितरण उपखंड अधिकारी चिलकाना, पीसी सागर ने संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

उन्होंने बताया की अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध सख्या 173 बीएनएस के तहत चिलकाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करावाई गयी है। उन्होंने बताया साथ ही इस संबंध में विभाग के उच्च अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए चोरी हुए 250 केवीए परिवर्तक की पुन: स्थापित कराने हेतु भी अनुरोध किया गया है ताकि उक्त ग्राम की विद्युत आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल की जा सके।

# शाकम्भरी मेले को लेकर प्रशासन अलर्ट

## जिला पंचायत भवन में मेले को लेकर चर्चा, व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढोली कदीम।** बेहट सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिसर में लगने वाले शारदीय नवरात्र मेले को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। शनिवार को एसडीएम मानवेंद्र सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधीनस्थ कर्मचारी एवं ठेकेदार के साथ बैठक कर मेले पर चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

बतादे कि शिवालिक पहाड़ियों के मध्य स्थित सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। आगामी 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र मेला प्रारंभ होने जा रहा है। मेले की तमाम व्यवस्था जिला पंचायत द्वारा की जाती है। पिछले 15 दिन से जिला पंचायत कर्मी व ठेकेदार मेले में की जाने वाली व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगे हुए थे लेकिन मौसम के बदलते मिजाज ने सभी व्यवस्था ध्वस्त कर डाली। प्रशासन ने मेले में लगने वाली दुकान, पार्किंग की व्यवस्था गांव नगलफी के पास की है। खोल के रास्ते मंदिर तक जाने के लिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा को शनिवार को एसडीएम बेहट व जिलापंचायत अध्यक्ष ने बैठक कर चर्चा करते हुए मंदिर परिक्षेत्र में लगने वाली बैरिकेटिंग, मोबाइल शौचालय, रास्ते का समतल. ीकरण, सेफ हाउस,पेयजल पाइप लाइन आदि व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य हंसराज गौतम, साढ़ोली कदीम ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी, मुजफ्फराबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर, शाकंभरी चौकी प्रभारी गजेंद्र ठेनुआ आदि मौजूद रहे। इसके बाद एसडीएम व जिलापंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम ने मंदिर व व्यवस्थापक राणा आदित्य प्रताप सिंह के साथ बैठक कर मंदिर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# दुकानदार से मारपीट कर एजेंट हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** जीरो प्रतिशत ब्याज जैसे आकर्षक प्रलोभन देकर फाइनेंस पर मोबाइल व अन्य सामान देनी वाली फाइनेंस कंपनियों के रिकवरी एंजेटों द्वारा शनिवार शाम एक ग्राहक के साथ साथ मोबाइल शॉप मालिक के साथ भी गाली-गलौच मारपीट कर बाजार में अफरा तफरी मचा दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर रिकवरी एंजेट फरार हो गये।

मिली जानकारी के मुताबिक अमित मोबाइल शॉप के स्वामी अमित कुमार ने किसी व्यक्ति को मोबाइल बेचा था। जिसका फाइनेंस बजाज फाइनेंस द्वारा किया गया था। किसी कारणवश ग्राहक द्वारा समय से किश्त जमा न करने से फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एंजेट ने ग्राहक के साथ गाली-गलौच की बाद मे मोबा. इल स्वामी की दुकान पर आकर अपने अन्य साथियों को बुलाकर मारपीट व दुर्व्यवहार किया और बाजार में आग लगाने की धमकी दी जिससे आसपास के दुकानदार उत्ते. जित हो गये एंव पुलिस के आने से रिकवरी एंजेट भाग निकले।

घटना को लेकर मोबाइल शॉप के मालिक अमित कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट गाली-गलौच करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं इस घटना पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त कर गिरफ्तारी की मांग की है।

# जादूगर पाशा के मैजिक से रोमांचित हुए लोग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वैश्य अग्रवाल सभा समन्वय समिति के तत्वाधान में वैश्य सभा कुतुबपुर द्वारा जादूगर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें जादूगर एन. ए. पासा द्वारा अनेक प्रकार के जादू शो दिखाए गए।

महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष में अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन शिवकुमार गुप्ता (अध्यक्ष नकुड) पवन गोयल (पूर्व अध्यक्ष) महावीर प्रसाद गुप्ता (जिला अध्यक्ष) सुनील गुप्ता (जिला प्रभारी) राजीव गोयल (जिला महामंत्री) अनिल गुप्ता (पूर्व अध्यक्ष) मुकुंद मनोहर गोयल, रविंद्र तायल विवेक सिंघल, शुभम सिंघल, मुकुल मित्तल, नवनीश गर्ग, पंकज गुप्ता (जिला कोषाध्यक्ष) ने किया। कार्यक्रम को देवेंद्र गुप्ता, राम राजीव सिंगल, शीतल बिश्नोई (महानगर अध्यक्ष), विश्वनाथ गोयल, वाई के गुप्ता, राकेश जैन (पूर्व महानगर अध्यक्ष) महानगर संयोजक रवि गुप्ता, मयंक गर्ग, नितिन गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कुसुम अग्रवाल, संगीता गोयल, नीतुल गुप्ता, वैभव गुप्ता (महानगर युवा संरक्षक), विभु गोयल (युवा जिला अध्यक्ष) , शुभम गोयल (महामंत्री) सचिन गर्ग (कोषाध्यक्ष), गौरव गुप्ता (युवा महानगर अध्यक्ष), नीरज गुप्ता (महामंत्री), शिव गोयल, विवेक गोयल आदि उपस्थित रहे।

# भागवत कथा व गीता का पाठ करें: स्वरूपानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** स्वामी ब्रह्म स्वरूपानंद महाराज ने कहा कि भागवत कथा व गीता पाठ से पित्रो को सद्गति प्राप्त होती है मनुष्य पाप से छुट जाता है।

गांव मुकंदपुर में सरपंच परिवार द्वारा आयोजित की गई श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथावाचक स्वामी ब्रह्म स्वरूपानंद ने बताया कि श्राद्ध पक्ष के दौरान श्रीमद् भागवत गीता का पाठ करने से सभी के पूर्वज पितृगन प्रसन्न होते हैं। अकाल मृत्यु प्राप्त करने वाले पितरों को भी मोक्ष प्राप्त हो जाता है। बाद में पूर्ण आहुति के साथ हवन भगवान जी की आरती वंदना भोग अर्पित करने के बाद प्रसाद भंडारे को आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।आशीर्वाद के रूप में महाराज जी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में खुशहाली आनंदित लाने के लिए हमेशा अपने बड़े बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए मात पिता की सेवा ईश्वर की सेवा के बराबर है।बीच-बीच में भगवान श्री कृष्ण के अवतार पर सुंदर से सुंदर गीतों की प्रस्तुति की गई। इस दौरान सरपंच परिवार के मुखिया पूर्व प्रधान ईसम सिंह उर्फ देवेंद्र सिंह,यतेंद्र सिंह,नरेंद्र सिंह राजेंद्र सिंह,बलराज पंवार, अटल पंवार,जयराज पंवार आदि का भरपूर सहयोग रहा।

❑ **चिलकाना।** ग्राम दुमझेडा में हुए माहिल हत्या कांड में पुलिस ने 2 बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है।

# संदिग्ध हालात में युवती की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परि. जनों की सुचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

मिली जानकारी के अनुसार चिलकाना थाना क्षेत्र के गांव दुमझेडा में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परि. जनों की सुचना पर क्षेत्राधिकारी सदर प्रिया यादव व चिलकाना थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे मे लेते हुए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने बताया कि गांव में दो दिन पूर्व हुए माहिल हत्याकांड में उनके परिवार के चार सदस्यों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया गया था जिनमें से दो किशोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया। वह भी सहारनपुर गया हुआ था, परिवार का कोई सदस्य घर पर नहीं था, जैसे ही लगभग साढ़े तीन बजे वह घर पहुंचा तो बेटी मृत अवस्था में चारपाई पर पडी हुई थी। जिसके पास सल्फास का खाली पाउच पडा हुआ था। वहीं सूत्रों का कहना है कि युवती व माहिल के बीच काफी समय से प्रेम संबंध थे, प्रेम संबंधों के चलते ही माहिल की हत्या की की गयी ओर आज युवती ने भी जहरीले पदार्थ का सेवन कर मौत को गले लगा लिया।

# जिलेभर में शुरू हुआ रामलीला मंचन, बढ़ने लगी दर्शकों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** श्रीराम लीला समिति के तत्वाधान में आयोजित श्रीराम लीला मंचन में सीता जन्म व राम जन्म लीला का मंचन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी जयराम गौतम ने लोगो से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की मर्यादा को जीवन मे अपनाने की अपील की।

शुक्रवार रात्रि रामलीला ग्राउंड पर लीला मंचन में निर्देशक राजेश कपिल व सह निर्देशक सूरज धीमान के निर्देशन में दशरथ सूरज धीमान, जनक चेतन शर्मा, रावण हेमंत शर्मा , मेघनाथ आर्यन ने मंजा अभिनय किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी व भाजपा नेता जयराम गौतम ने आयोजको को 26 वे वर्ष के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्राचीन परम्पराओ को जिंदा रखने से आने वाली पीढ़ी को पुरातन संस्कृति की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि बुराई पर अच्छाई की विजय हमे धर्म के मार्ग पर चलना सिखाती है।

अध्यक्ष महेंद्र धीमान, सतीश आढ़ती, अश्वनी मित्तल मुकेश गोयल बड़ूली, सुभाष आढ़ती, अभिषेक बर्मन, मुकुल पाल एडवोकेट, राजेश सैनी, बिजेंद्र यादव, सुरेंद्र कश्यप, प्रमोद पाल, मा कंवरपाल, कुलदीप कश्यप, सुधीर, रोहित गुप्ता, ऋषिपाल, हिमांशु, गौरव घोलु, मोंटू शर्मा आदि का सहयोग रहा।

**अंबेहटा।** नगर में चल रहे श्रीरामलीला महोत्सव में शुक्रवार की रात को श्री महादेव संकीर्तन मंडल के कलाकारों ने ताड़का वध एवं खर-दूषण वध की भावपूर्ण लीला का जीवंत मंचन किया। राम कश्यप ने ऋषि विश्वामित्र, रविंद्र कश्यप ने राजा दशरथ, श्रीराम की भूमिका मनीष मित्तल ने बखूबी निभाई। लक्ष्मण बने आयुष चौधरी ने शुदर अभिनय किया ताड़का का किरदार रवि प्रजा. पति ने उग्रता के साथ चित्रित किया, वहीं खर-दूषण की भूमिकाएं दीपक और मयंक कश्यप ने निभाई। इस अवसर पर सीमित के सन्नी मित्तल, राहुल जैन, मुकेश कश्यप, राजू चौधरी, महावीर कश्यप, अजय सैनी, गोपाल कश्यप, हिमांशु कश्यप, डायरेक्टर नरेश गोयल तथा विजेंद्र कश्यप रहें।





**बिहारीगढ।** कस्बा बिहारीगढ़ मे होने वाले 73 वें श्री रामलीला महोत्सव के भव्य आयोजन का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप मे पंहुचे वरिष्ठ समाजस. ेवी एमपी गर्ग ने परिवार सहित लगातार चौथी बार फीता काटकर लगातार किया। पंडित राजेंद्र शर्मा द्वारा सर्वप्रथम पूजन कराया गया। श्री रामकृष्ण लीला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा उनका फूलमालाओ से स्वागत किया गया. तथा कमेटी अध्यक्ष बाबू बृजकिशोर गोयल ने इंजी एम पी गर्ग और उनकी धर्मपत्नी व पुत्र वरुण गुप्ता को शॉल ओढ़ाकार और प्रधान राजकिशोर सैनी एवं प्रधान त्रिलोक सिंह राठौर ने भगवान श्री राम का चित्र और कमेटी उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता एडवोकेट एवं महामंत्री डॉ संजय कुमार सैनी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रधान त्रिलोक सिंह राठौर प्रधान राजकिशोर सैनी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री डॉ संजय सैनी एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर बाबू बृजकिशोर गोयल, डॉ संजय सैनी, विनोद गुप्ता, प्रधान राजकिशोर सैनी, संजीव गुप्ता, वरुण गुप्ता सुशील सैनी, संजय गोयल, संदीप वर्मा, सुनील काम्बोज, अशोक सैनी, नितिन गर्ग, ऋषिपाल मौजूद रहे।

**कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर**

**'अल्पकालीन निविदा सूचना'**

पत्रांक :-. 1778/ स.वि. प्रा. / 2025-26 दिनांक 20-09-2025

प्राधिकरण द्वारा नवीन सहारनपुर आवासीय टाउनशिप विकसित किये जाने हेतु पर्यावरण की अनापत्ति प्राप्त किये जाने के लिए "Selection of Consultant for conducting Environmental Impact Assessment (EIA), obtaining Environmental Clearance (EC), from the competent Authority for New Township Project under Saharanpur Development Authority" हेतु Request For Prossal (RFP) तैयार कर फ्लोट की जानी है। उक्तानुसार कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी कन्सलटेन्ट के चयन हेतु दिनांक से 22.09.2025 से 29.09.2025 तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिनके विस्तृत विवरण एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। ई-निविदायें दिनांक 29.09. 2025 को सांय 11:00 बजे तक ई-टेण्डर वेबसाईट पर डाली जायेगी तथा प्राप्त ई-निविदायें दिनांक 29.09.2025 सांय 04:00 बजे प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली / डाउनलोड की जायेगी।

**सचिव**

# धनुष यज्ञ की लीला का होगा मंचन

**गंगोह।** दिन रविवार को शिव चौक स्थित रामलीला भवन में धनुष यज्ञ की लीला दिखाई जाएगी। वही, मोहल्ला सराय में हिंदू सभा सराय के तत्वावधान में श्री राम बारात निकाली जाएगी। जो रामलीला भवन से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस रामलीला भवन में समापन होगी।

# चोरों ने महिलाओं को नशीला पदार्थ सुंघाकर आभूषण व नकदी पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मकान में घुसे चोरों ने बुजुर्ग महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर लाखो रुपये की कीमत के सोने चांदी के जेवर व नकदी चोरी कर ले गए। घटना के समय पूरा परिवार सहारनपुर मेला देखने गया हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली।

घ्याना गांव निवासी सुंदर ने बताया कि शुक्रवार की रात वह परिवार के साथ सहारनपुर मेले में गया था, घर में माता बालेश्वरी अकेली थी, सुबह पडोसियों ने फोन कर उसे घर में चोरी होने की जानकारी दी। घर पहुंचने पर पाया कमरों और अलमारियों में लगे ताला टूटे हुए थे, जबकि मां की हालत भी ठीक नहीं थी। बताया कि चोर रात में किसी समय घर में घुस और माता को कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया, जिसके बाद उन्होंने कमरे का ताला तोड़कर वहां रखी अलमारी और पेटी से करीब पांच लाख रुपये की नकदी और लगभग पांच लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के आभूषण समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। बताया कि ससुराल में किसी जमीन बिका का, पत्नी के हिस्से के पांच लाख रुपये उसे दिए गए, चोर उसे भी चोरी करके ले गए। बाद में एसपी देहात सागर जैन स्थानीय अधिकारियों और फोरेंसिक टीम के साथ गांव पहुंचे और घटना के संबंध में जानकारी ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकाली जा रही है।

# पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वैश्य अग्रवाल समाज की बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं वरिष्ठ महामंत्री को मनोनीत किये जाने के साथ ही धूमधाम से अग्रसैन महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया।

नगर के मीना बाजार स्थित राकेश सिंघल के आवास पर वैश्य अग्रवाल समाज की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से सभासद मनोज सिंघल को अध्यक्ष और राकेश सिंघल को वरिष्ठ महामंत्री चुना गया। इस अवसर पर नव मनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अध्यक्ष मनोज सिंघल ने वैश्य समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज ने हमेशा जनहित के कार्य किए हैं। उन्होंने वैश्य समाज के सभी उप वर्गों से एकजुट होने का आह्वान किया। महामंत्री राकेश सिंघल ने कहा कि आगामी 1 अक्टूबर को नगर में अग्रसैन महाराज की धूमधाम से शोभायात्रा निकालते हुए समाज के वरिष्ठ लोगों को सम्मानित किया जाएगा।



बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका चेयरमैन विपिन गर्ग व संचालन नरेंद्र बंसल ने किया। बैठक में अशोक गुप्ता, राज किशोर गुप्ता, सुशील सिंघल, लोकेश गर्ग, सतेंद्र बंसल, अजय गर्ग, विनय कुच्छल, हरिओम सिंघल, परमेश गोयल, अजय बंसल, नरेंद्र बंसल, रितेश बंसल, विशाल गर्ग, अमित सिंघल, पारस सिंघल, वरुण गर्ग, मयंक गर्ग आदि समाज के लोग शामिल रहे।

# कलाकारो ने पुष्प वाटिका का किया मंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में चल रही रामलीला में बीती रात पुष्प वाटिका, सीता स्वयंवर, रावण बाणासुर और लक्ष्मण परशुराम सवांद का कलाकारों ने सजीव मंचन किया।



श्री रामलीला भवन के रंगमंच पर कलाकारों ने दिखाया कि राम व सीता की भेंट पुष्प वाटिका में होती है। सीता माता गौरा जी से राम को अपने पति के रूप में मांगती है। सीता स्वयंवर में राम धनुष तोड़ देते है और सीता राम को वर के रूप में चुनती है। धनुष टूटने पर परशुराम क्रोधित हो जाते हैं। उनका लक्ष्मण से संवाद होता है। राम सीता विवाह का सुंदर मंचन देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और जमकर जय श्रीराम के नारे लगाए। राम का अभिनय अजय प्रजापति, लक्ष्मण का सागर कश्यप, विश्वामित्र का सत्यम, सीता का शिवम सैनी, राजा जनक का लक्ष्मण सैनी और रावण का भरत शर्मा ने किया। अध्यक्ष नितिन गुप्ता, सचिन शर्मा, गगन मित्तल, निखिल अग्रवाल, विपिन गर्ग, जितेंद्र कश्यप समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

# हर्षोल्लास से मनाई महाराजा अग्रसैन जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** महाराजा अग्रसैन महिला मंडल समिति के तत्वावधान में महाराजा अग्रसैन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान मंडल से जुड़ी महिलाओं ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए 5100 रुपये की सहायता राशि भेजी।



एसडीएम कोर्ट के निकट वर्षा अग्रवाल के आवास पर आयोजित हुए कार्यक्रम में महाराजा अग्रसैन के चित्र पर माला अर्पण संगठन की संस्थापिका रचना कंसल व दीप प्रज्वलित योगिता गर्ग और मिन्नी मंगल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मंडल से जुड़ी महिलाओं ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए 5100 रुपये की धन राशि दान करते हुए सभी लोगों से पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने की अपील की गई। सुमन सिंघल, अरुणा अग्रवाल, तरु गर्ग, अर्पणा अग्रवाल, चित्रा सिंघल, रीटा अग्रवाल, पूजा बंसल, साधना बंसल, पूनम सिंघल, अर्चना तायल, शैली सिंघल, सुनीता कंसल, शिप्रा सिंघल आदि महिलायें शामिल रहीं।

## नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्मैक की बरामद

**देवबन्द।** नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 ग्राम स्मैक बरामद की। ऑपरेशन सवेरा के तहत कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किया गया आरोपी मोहल्ला पठानपुरा निवासी रविश उर्फ आरिफ है, जिसे बीबीपुर गांव के मार्ग से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से दस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। आरोपी को एनडीपीसी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वहीं, पुलिस ने मोहल्ला कोहला बस्ती निवासी उस्मान को बाबूपुर नगली रजबहे की पुलिया से धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दून वैली पब्लिक स्कूल में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षको को कक्षा संचालन की तकनीक एवं छात्रो के साथ संवाद अस्थापित करने के टिप्स दिये।

दून वैली पब्लिक स्कूल प्रागण में सीबीएसई के तत्वावधान में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला का उदघाटन प्रधानाचार्य डा. सीमा शर्मा व संतोष कुमार जोशी ने संयुक्त रूप से किया। स्कूली शिक्षा में उपयोग विषय पर कार्यशाला में देहरादून से आये के रिसोर्स पर्सन संतोष कुमार जोशी एवं गर्वित दुग्गल ने शिक्षकों को समावेशी कक्षा संचालन की तकनीक, विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के साथ संवाद स्थापित करने की विधियां, सीखने की बाधाओं की पहचान तथा उनके समाधान की जानकारी दी। प्रधानाचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने कहा कि एआई भविष्य की शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे प्रशिक्षण शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए आवश्यक होते हैं। इसलिए समय-समय पर ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन होता रहना चाहिए। अंत में सभी अतिथियों का आभार जताते हुए उन्हें स्कूल की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



# हाईकोर्ट बेंच स्थापना की मांग

## सिविल बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सिविल बार एसोसिएशन चांदपुर के सभी पदाधिकारीगण एवं सदस्यों ने हाइकोर्ट बैंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर तहसील गेट पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन करने के बाद उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।



इससे पहले सिविल बार एसोसिएशन चांदपुर के अध्यक्ष शमशाद अहमद एडवोकेट ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापना की मांग को लेकर पिछले काफी कई वर्षों से यूनियंस लगातार संघर्ष और मांग करती चली आ रही है, लेकिन न तो सरकार और न ही सिस्टम सुनने को तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि हाई कोर्ट बेंच की स्थापना पश्चिम उत्तर प्रदेश में कर दी जाए तो इससे वाद कारियों के लिए समय और पैसे की बचत कराएगा। साथ ही न्याय भी जल्दी मिलेगा। एडवोकेट हरिश्वर सिंह ने कहा कि सिविल बार एसोसिएशन चांदपुर पिछले कई वर्षों से केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मांग करती चली आ रही है। आज 20 सितंबर को तहसील गेट पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन इसी मांग का एक हिस्सा रहा। ज्ञापन देने वालों में सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशाद अहमद एडवोकेट, महासचिव हरिश्वर सिंह एड, नौशाद अहमद एडवोकेट, रियाज आलम एडवोकेट, सुनील कुमार एडवोकेट, छत्रपाल सिंह एडवोकेट, तुलाराम सिंह एडवोकेट, शहजाद अहमद एड, विनोद कुमार काकरान एड, नीरज तिवारी एड, वेनिस कुमार एड आदि ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को दिया।

# साइबर ठगों ने व्यापारी के खाते से उड़ाए दो लाख नौ हजार

## आम खाताधारकों की बढ़ी चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में साइबर ठगों ने एक प्रतिष्ठित व्यापारी के बैंक खाते से दो लाख नौ हजार रुपये निकाल लिए। घटना की जानकारी मिलते ही व्यापारी के होश उड़ गए। उन्होंने इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस और साइबर क्राइम ब्रांच को दी है। व्यापारी ने प्रशासन से अपने मेहनत की कमाई वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

भगत सिंह चौक के पास स्थित रस्तोगी प्रोविजन स्टोर के संचालक नीरज रस्तोगी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके स्टोर के नाम से यूनियन बैंक में खाता संचालित है। बीते 14 सितंबर 2025 को अचानक उनके खाते से बिना किसी लेनदेन के पहले एक लाख 49 हजार रुपये और थोड़ी ही देर बाद 60 हजार रुपये निकल गए। पीड़ित व्यापारी का कहना है कि उन्होंने इस दिन किसी भी प्रकार का ऑनलाइन लेनदेन, एटीएम ट्रांजेक्शन या बैंक से कोई कार्य नहीं किया था। इसके बावजूद उनके खाते से इतनी बड़ी रकम उड़ जाना बैंकिंग सिस्टम और साइबर सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

व्यापारी ने घटना की लिखित शिकायत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को सौंप दी है। साथ ही पूरी रिपोर्ट साइबर क्राइम ब्रांच को भेज दी है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द जांच कर खाते में से निकाली गई धनराशि वापस कराई जाए।

इस घटना ने नगर के अन्य व्यापारियों और आम खाता धारकों की चिंता भी बढ़ा दी है। लोग कह रहे हैं कि अगर ठग इस तरह खातों में सेंध लगा रहे हैं तो हर किसी की मेहनत की कमाई असुरक्षित है।

## विजयी टीम का स्कूल में स्वागत

**धामपुर।** लाला केदारनाथ बालिका विद्या सरस्वती मंदिर की टीम प्रान्तीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रहलाद स्वरूप सरस्वती मन्दिर जहांगीराबाद में प्रतिभाग किया। वहां पर छात्राओं ने अपना पराक्रम दिखा कर वहां आयोजित प्रतियोगिता चक्का फेंक, त्रिकूद, लम्बी कूद हेमर थ्रो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी सफलता का डंका बजाया। कोच श्रीमती पूर्णिया शर्मा के निर्देशन में सफल होकर आयी टीम के आने पर विद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती शोभा अग्रवाल व रश्मि गोयल के विजयी टीम का तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। प्रधानाचार्या आभावती अलका रानी ने सभी छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के संरक्षक राकेश चन्द्र अग्रवाल, राजीव गोयल, संजय अग्रवाल सहित समिति के अधिकारी उपस्थित रहे। सफल टीम में वर्णिका, अविका, वंशिका, कनिका उर्वशी इत्यादि रही।

## वीकेआईटी में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव

**बिजनौर।** नगीना रोड स्थित वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजस में India Nippon Electricals Ltd. कम्पनी की ओर से कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव का सफल आयोजन किया गया। जिसमें पॉलीटेक्निक पाठ्यक्रम के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 05, आई.टी.आई. इलैक्ट्रीशियन ट्रेड के 10, आईटीआई फिटर ट्रेड 08, आईटीआई मकेनिक डीज़ल ट्रेड 10 एवं एएच आईटीआई बिजनौर के 02 छात्रों का चयन हुआ। कम्पनी ने कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में जॉब के चयनित छात्रों को दो लाख सालाना पैकेज पर नियुक्त किया। Human Resourse के वरिष्ठ कार्यकारी अनिल शर्मा ने छात्रों को कम्पनी और जॉब के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक सिंह ने कहा कि उनकी संस्था कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करते समय कम्पनियों की गुणवत्ता का खास ध्यान रखता है। ताकि छात्रों के करियर की शुरूआत शानदार हो। इसी के साथ डीन एकेडिमिक राजीव कुमार ने चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हे बधाई दी।

## आरवीआई में ट्रेनिंग का समापन

**बिजनौर।** आरवीआईटी में बी.टेक और पॉलीटैक्निक के छात्रों के लिये पिछले एक माह से चल रही तकनीकी कौशल विकास ट्रेनिंग का समापन किया गया। एक्सट्रूड इंजीनियर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संयोजन से विभिन्न तकनीकियों जैसे रियक्ट डॉट जे-एस विधा रस्ट, फूल स्टेक विधा मर्न, ऑटोकैड, हैप फॉर एचवीएसी, पीएलसी / स्केड़ा पर प्रैक्टिकल ज्ञान दिया गया। 300 से ज्यादा छात्रों की इस ट्रेनिंग में लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा के आधाार पर सर्टिफिकेट व ट्राफी प्रदान किए गए। फुल स्टैक मर्न में कम्प्यूटर साइन्स से यश कुमार एंड टीम, प्रिया भारती एवं आसिया गुलनाज एंड टीम को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला और इंफारमेंशन टेक्नालजी से चाहत एंड टीम, आदर्श एड टीम और केतन एंड टीम को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला। रियक्ट डॉट जे-एस विधा रस्ट में कम्प्यूटर साइन्स से मौ. सुहैल, शगुन चौधरी एवं पर्व चौहान को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला और इंफारमेंशन टेक्नालजी से रिकेश कुमार, प्राची राजपूत व सिदरा जैदी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला। ऑटोकैड में अर्जुन सिंह, रामा एवं विक्रांत कुमार को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला। हैप फॉर एचवीएसी में तरु चौधारी, रितिक कुमार एवं जुबेर आलम को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला। पीएलसी / स्केड़ में अल निदा, इनशाल अहमद एवं दीपांशु पँवार को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला। इस मौके पर संस्थान के प्रबंधक निदोक सन्नी देशवाल एवं डायरेक्टर डा. नितिन अग्रवाल ने सभी छात्रों को सर्टिफिकेट्स वितरित किये तथा उनका मार्ग दर्शन किया। ट्रेनिंग प्लेसमेंट के विभागाध्यक्ष उज्ज्वल पाठक व ट्रेनिंग प्लेसमेंट कोऑर्डिनोर मौ. फिरोज ने छात्रों को शुभकामनायें दी और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विद्या मंदिर के भव्य प्रताप बने प्रान्तीय चैम्पियन

**धामपुर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 37वीं प्रान्तीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (जहांगीराबाद) में विद्या मंदिर धामपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के भैया भव्य प्रताप ने अंडर-17 वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर व 110 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान पाकर व्यक्तिगत चैम्पियनशिप अपने नाम की। वहीं भैया रचित ने क्रॉस कंट्री रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त भैया देवांश राजपूत ने भाला फेंक व गोला फेंक में द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता 17 से 19 सितम्बर तक प्रहलाद स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर, जहांगीराबाद में आयोजित हुई थी। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक कृष्णवीर सिंह के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की। वंदना सभा में प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट के फार्मेसी विभाग के छात्रों ने पांचवे राष्ट्रीय फरमाकविगलन्स सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, साइंस विभाग की प्राचार्य डा. सीमा शर्मा व फार्मेसी के प्रचार्य डा. विवेक वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया। सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य आम जनता को सरलीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं (एडीआर) की सक्रिय रूप से रिपोर्ट करने के लिए जागरूक करना है। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों ने स्वयं औषिधयों का चयन व अपनी स्वयं चिकित्सा की धातक परिणामों को प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विभागाध्यक्ष अंशुल त्यागी, डा. संगीता, डा. गुन्जन, नीरू रानी, नजर खान, अजीत सिंह, रजनीकान्त, हर्ष सिसौदिया, लोकेन्द्र कुमार, कनिष्का, अनुप्रिया व छात्रों का महत्ववपूर्ण योगदान रहा

## पुण्यतिथि पर हवन-यज्ञ का आयोजन

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय संस्थापिका स्व. कुंवरानी कृष्णा कुमारी की पुण्यतिथि के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्य समाज वेद मंदिर के पुरोहित प्रेम भाटिया ने वैदिक रीति से हवन-यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह जी रहे। हवन-यज्ञ के उपरांत सभी ने स्वर्गीय कुंवरानी कृष्णा कुमारी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय विद्यार्थियों को सफलता के पथ की ओर अग्रसर करने हेतु कृतसंकल्प है। महाविद्यालय में सरकारी सेवाओं की तैयारियों में जुटे अभ्यर्थियों की सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए पूर्णतया: नि:शुल्क संकल्प कक्षाओं का शुभारंभ किया गया है जो महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन कर रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डा. साधना ने अपने संबोधन में कहा कि गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय मात्र शिक्षा का केंद्र नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत विकास, सामाजीकरण और भविष्य की नींव रखने का एक महत्वपूर्ण अंग है। यहां विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही प्रदान नहीं किया जाता, बल्कि उनमें आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान कौशल और अनुसंधान की क्षमता भी विकसित की जाती हैं।

## सर्पदंश से वृद्ध किसान की मौत

**शेरकोट।** नगर के मौहल्ला समना सराय निवासी अमर सिंह उर्फ मुन्ने सिंह (60 वर्ष) अपनी पत्नी सोमा देवी के साथ खेत में पशुओं के लिए चारा लेने गए थे। जब वे घास काट रहे थे, तभी एक जहरीले सांप ने उनके पैर में काट लिया। शोर मचाने पर उनकी पत्नी दौड़कर उनके पास आईं और उन्हें तुरंत बैलगाड़ी से घर ले आईं। परिजन उन्हें झाड़-फूंक करने वाले के पास ले गए, लेकिन उपचार के बावजूद वृद्ध की जान नहीं बचाई जा सकी। घटना के बाद से परिवार में शोक की लहर है और परिजन गमगीन हैं।

## समिति में गन्ना सट्टा पर्ची प्रदर्शन

**चांदपुर।** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड चांदपुर में चल रहे दस दिवसीय नवीन गन्ना सत्र के लिए गन्ना सट्टा पर्ची प्रदर्शन मेले के चतुर्थ दिवस पर समिति सचिव जितेंद्र कुमार ने निरीक्षण किया। मेला निरीक्षण के दौरान उन्होंने गन्ना समिति परिसर मे चल रहे मेले की सर्वप्रथम व्यवस्था देखी और राजकीय गन्ना पर्यवेक्षकों द्वारा किसानों के गन्ना सट्टा पर्ची कैलेंडर में किसान के अनुसार उसमें चल रही त्रुटियों को समय रहते ठीक करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने मेले में मेले में पहुंचने वाले किसानों को किसी प्रकार के असुविधा न हो उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मेला 25 सितंबर तक समिति परिसर में चलेगा।

# किसानों का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा: त्यागी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सरकार किसानो की अंदेखी कर रही हैं जिससे किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

रणखंडी रोड स्थित भारतीय किसान यूनियन (किसान जनशक्ति) कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए गांव कुलसत निवासी अरविंद त्यागी को तहसील प्रभारी और राजपाल त्यागी को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय त्यागी ने कहा कि संगठन का एकमात्र उद्देश्य किसान मजदूरों की आवाज को बुलंद करना है। कहा कि वर्तमान में सबसे अधिक उत्पीड़न किसानों का हो रहा है। सरकारी महकमों में भ्रष्टाचार चरम पर है। तहसील प्रभारी अरविंद त्यागी ने कहा कि सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है जिसका उसे विधानसभा चुनाव में खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बैठक में दीपक त्यागी, अजय त्यागी, मेहरचंद कश्यप, गुनीराम आदि किसान शामिल रहे।

## संगठन के फण्ड का शिक्षा एवं उपचार के लिए किया जाएगा प्रयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गुरुद्वारा साहिब में हुई पंजाबी समाज की बैठक में समाज की एकजुटता पर बल दिया गया। अध्यक्ष सतीश गिरधर ने कहा कि एकता में ही शक्ति होती है। महामंत्री बालेंद्र सिंह व कोषाध्यक्ष राजेश अजमानी ने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए फंड की आवश्यकता होती है। कोर कमेटी सदस्य 10 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से 36 सौ रुपये वार्षिक सहयोग के रूप में समाज को देंगे। जिनका उपयोग जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा और उपचार देने के लिए किया जाएगा। श्याम लाल अरोड़ा, गुरजोत सेठी, हेमंत गिरधर, सचिन छाबड़ा, विजय गिरधर, महेंद्र गिरधर, संजय सलूजा, राजेश अनेजा, लक्की भाटिया आदि मौजूद रहे।

## द एसडी पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर में सीबीएसई द्वारा क्षमता आधारित आकलन संपन्न

**मु.नगर।** दिनांक 19 एवं 20 सितंबर 2025 को द। एस। डी। पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सी।बी।एस।ई। द्वारा प्रतिपादित शक्षमता आधारित आकलन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या मती नीलम माहना जी, रिसोर्स पर्सन डॉ। वंदना पांडे जी एडिशनल डायरेक्टर, भारतीय शिक्षा बोर्ड, हरिद्वारऋ एवं डॉ। आशु राठौर जी प्रधानाचार्या, रेनबो स्कूल, सहारनपुरऋ द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय की परंपरा अनुसार अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। कार्यशाला का मुख्य केंद्रित विषय शक्षमता आधारित आकलन जिसमें मुख्य रूप से बच्चों में अध्ययन के प्रति नीरसता को दूर कर उनकी क्षमता को विकसित करने पर बल दिया गया। दोनों विशेषज्ञों ने शिक्षकों को यह बताया कि बच्चों के लिए रुचि, जीवंतता एवं आनंदपूर्ण वातावरण का निर्माण कर कैसे उन्हें तनावमुक्त एवं सकारात्मक ढंग से सीखने हेतु प्रेरित किया जा सकता है। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों ने सक्रिय सहभागिता की। शिक्षकों ने विविध गतिविधियों, रोल-प्ले तथा विचार-विमर्श के माध्यम से यह सीखा कि विद्यार्थियों को उत्साहित कर उनकी क्षमता में वृद्धि के अवसर कैसे प्रदान किए जा सकते हैं। समापन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मती नीलम माहना जी ने दोनों रिसोर्स पर्सन्स को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी शिक्षकों का धन्यवाद व्यक्त किया। यह कार्यशाला अपने उद्देश्यों की पूर्ति में पूर्णत: सफल रही और उपस्थित शिक्षकों के लिए अत्यंत प्रेरणादाई सिद्ध हुई।



संक्षिप्त खेल समाचार

## ओलंपियन गुरजीत कौर ने खिलाड़ियों को प्रेरित किया

**जालंधर, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम का गौरव और ओलंपियन खिलाड़ी गुरजीत कौर ने शनिवार को सुरजीत हॉकी अकादमी, जालंधर के उभरते हुए खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए अकादमी का दौरा किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अकादमी के सीईओ इकबाल सिंह संधू ने ओलंपियन खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया और उन्हें अकादमी के खिलाड़ियों और कोचों से मिलवाया। इस दौरान गुरजीत कौर ने खिलाड़ियों से बातचीत की और उनके सवालों के जवाब दिए। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाने वाली गुरजीत कौर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन की आवश्यकता होती है।

## ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने भारत को दिया 413 रनों का लक्ष्य

**नई दिल्ली, वार्ता।** बेथ मूनी (138) की शतकीय, जॉर्जिया वॉल (81) और एलिस पेरी (68) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शनिवार को तीसरे और निर्णायक वनडे मैच में भारत को जीत के लिए 413 रनों का लक्ष्य दिया। यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान एलिसा और जॉर्जिया की सलामी जोड़ी ने 43 रन जोड़े। 5वें ओवर में क्रांति गौड़ ने एलिसा हीली18 गेंदों में 30 रन को आउट किया।

# भारत को पाक के पलटवार से सतर्क रहना होगा



● यह मुकाबला सिर्फ एक आम खेल नहीं है, यह एक उत्सव एक भव्य रंगमंच है जहां भावनाएं तंदूर से भी ज्यादा तेज होंगी

| भारत की संभावित एकादश | पाक की संभावित एकादश |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती | साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार अहमद |

**दुबई, वार्ता।** सट्टेबाजों ने रविवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मुकाबले में भारत की जीत की संभावना लगभग 80 प्रतिशत बताई है, लेकिन क्रिकेट, जिंदगी की तरह, शानदार अनिश्चितताओं से भरा है। और पाकिस्तान का चंचल स्वभाव उसे गन्ने के खेत में कोबरा जितना खतरनाक बनाता है। यह मुकाबला सिर्फ एक आम खेल नहीं है। यह एक उत्सव है, एक भव्य रंगमंच है जहां भावनाएं तंदूर से भी ज्यादा तेज होंगी। टिकट किसी पंजाबी शादी में जलेबियों से भी तेज़ी से गायब हो गए, और खचाखच भरे घर में हर रन, विकेट और मिसफील्ड का शोर मचने की उम्मीद है। दुनिया भर में लाखों लोग स्क्रीन से चिपके रहेंगे, उस जादुई पल का इंतज़ार करेंगे जो सिर्फ भारत-पाकिस्तान मुकाबले में ही मिल सकता है। भारत पूरी ताकत से, अपराजित और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने ग्रुप चरण में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था, और उनकी बल्लेबाज़ी किसी नदी की तरह बह रही है। शुभमन गिल टीम को संभाले रखने वाले बांध की तरह हैं, सूर्यकुमार यादव आसमान को रोशन करने वाले वज्र की तरह हैं, जबकि अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ऊपरी क्रम में आतिशबाज़ी करते हैं। संजू सैमसन स्टंप के पीछे और मध्य क्रम में विश्वसनीयता लाते हैं, जबकि हार्दिक पांड्या किसी भी विपक्षी टीम की कमर तोड़ने वाला हथौड़ा हैं। गेंद से, भारत किसी सर्जन की छुरी की तरह तेज नजर आता है। कुलदीप यादव धैर्यवान मकड़ी की तरह जाल बुनते हैं, वरुण चक्रवर्ती हवा से करतब दिखाने वाले जादूगर हैं, और अक्षर पटेल टीम को अंतिम रूप देते हैं। फिर जसप्रीत बुमराह हैं तेज गेंदबाज़ी के रोल्स रॉयस, जो यॉर्कर तीर की तरह सीधे विपक्षी टीम के दिलों में दागने के लिए तैयार हैं। इस बीच, पाकिस्तान इस मुक. ाबले में असली चॉकलेट का डिब्बा है: आपको कभी नहीं पता होता कि आपको क्या मिलने वाला है। उन्होंने यूएई को 41 रनों से हरा दिया, उनका शीर्ष क्रम पुराने ट्रैक्टर की तरह लड़खड़ाता रहा। फिर भी, फखर ज़मान के शानदार 50 रनों ने दिखाया कि उनकी क्लास कायम है, जबकि कप्तान सलमान आगा और हसन नवाज मध्यक्रम की मजबूती की कुंजी हैं। पिछले मैच में शाहीन अफरीदी का कैमियो रेगिस्तान में बारिश की तरह अप्रत्याशित था, और मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज अंत में पासा पलटने में सक्षम हैं। उनकी गें. दबाजी, हमेशा की तरह, उनका गौरव और तलवार है। नई गेंद के साथ अफरीदी और हारिस रऊफ आग उगल सकते हैं।

पाकिस्तान की फिर हुई किरकिरी

## भारत-पाक मैच में फिर रेफरी होंगे एंडी पायक्राफ्टः आईसीसी



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप के सुपर-4 मुक. ाबले के लिए एंडी पायक्राफ्ट को मैच रेफरी चुना है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की बार-बार उन्हें हटाने की मांग के बावजूद खेल की वैश्विक संस्था ने पायक्राफ्ट को ही यह जिम्मेदारी सौंपी है। एंडी पायक्राफ्ट भारत और पाकिस्तान के मुकाबले के लिए मैच रैफरी हैं।

बता दें कि, कल मैच के लिए मैच अधिकारियों की सूची अब भी सार्वजनिक नहीं की गई है। टूर्नामेंट में दूसरे मैच रैफरी वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान रिची रिचर्डसन हैं। इसके अलावा पाकिस्तान ने मैच से पहले होने वाली प्रेस कान्फ्रेंस भी रद्द कर दी है। टूर्नामेंट के एक सूत्र ने कहा कि पायक्राफ्ट की नियुक्ति और हाथ न मिलाने के विवाद से बचने के लिए पाकिस्तान ने एक बार फिर मैच पूर्व प्रेस कान्फ्रेंस रद्द कर दी है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में खेले गए मुकाबले के बाद सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान टीम से हाथ नहीं मिलाया था। ऐसा ही टॉस के दौरान भी हुआ था। भारतीय कप्तान ने पाकिस्तान की अगुवाई कर रहे सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया था। इसके बाद पाकिस्तान ने खूब ड्रामा किया और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट को यूएई के खिलाफ मैच से हटाने के लिए दो मेल किए। हालांकि, खेल की वैश्विक संस्था ने उनकी दोनों मांगे खारिज कर दीं। आईसीसी के जवाब से नाखुश पाकिस्तान ने फिर ड्रामा किया और यूएई से उनका मैच करीब एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। यूएई के खिलाफ मुकाबला शुरू होने के बाद पाकिस्तान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की और बताया कि पायक्राफ्ट ने माफी मांगी है। आईसीसी ने पीसीबी के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि पायक्राफ्ट ने खेल भावना का उल्लंघन किया है। आईसीसी ने कहा कि वह केवल एक संदेशवाहक थे जिन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद के नामित स्थल प्रबंधक से मिले संदेश को आगे बढ़ाया। पायक्राफ्ट केवल संदेश आगे बढ़ा सकते थे क्योंकि मैच शुरू होने में कुछ ही मिनट बचे थे। बाद में आईसीसी ने पायक्राफ्ट और पाकिस्तानी टीम प्रबंधन के बीच एक बैठक आयोजित की जहां रेफरी ने कहा कि उन्हें गलत सूचना के लिए खेद है। इसके बाद आईसीसी ने एक अन्य ईमेल में स्पष्ट किया कि पायक्राफ्ट ने कभी भी माफी नहीं मांगी थी।

# पाक मैच से पहले सूर्या का पूरा ध्यान क्रिकेट पर

**दुबई, वार्ता।** दुबई में एशिया कप लीग मैच में भारत द्वारा पाकिस्तान को हराने और जानबूझकर हाथ मिलाने से बचने के कुछ ही मिनट बाद, सूर्यकुमार यादव खचाखच भरे प्रेस रूम में पहुंचे। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने मैच की तैयारी के दौरान सोशल मीडिया पर हो रहे शोर से कैसे निपटा, तो उन्होंने कंधे उचका दिए। उन्होंने कहा कि उन्हें 'पता नहीं' था कि वहां क्या हो रहा है, और फिर उन्होंने आगे कहा कि दुबई पहुंचने पर टीम ने सोच-समझकर फैसला लिया था: ऐप्स डिलीट कर दो, बाहरी शोर को '70-80 प्रतिशत' तक कम कर दो। अब, भारत-पाकिस्तान के एक और मुकाबले की पूर्व संध्या पर, सूर्यकुमार प्रेस के सामने फिर से थे। वही सवाल फिर से आया, इस बार उन सब बातों की याद दिलाते हुए जो तब से हुई थीं। अपना कमरा बंद करो, अपना फोन बंद करो और सो जाओ उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा। मुझे लगता है यही सबसे अच्छा है।

फिर उन्होंने समझाया: ष्देखो, यह कहना आसान है, लेकिन कभी-कभी मुश्किल भी होता है क्योंकि आप बहुत सारे दोस्तों से मिलते हैं, आप डिनर पर जाते हैं और आपके आस-पास बहुत सारे खिलाड़ी भी होते हैं जो ये सब देखना पसंद करते हैं। इसलिए यह बहुत मुश्किल है,



● कहाः मुझे लगता है कि अगर आपको इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना है और आगे बढ़ना है तो यह बहुत जरूरी है कि हमें बाहर से आने वाले शोर को रोकना होगा

लेकिन फिर यह आप पर निर्भर करता है कि आप क्या सुनना चाहते हैं, आप अपने दिमाग में क्या रखना चाहते हैं और आगे बढ़कर अभ्यास सत्र या फिर से खेलना चाहते हैं। लेकिन मैं सभी खिलाड़ियों के साथ बहुत स्पष्ट रहा हूं, मुझे लगता है कि अगर आपको इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना है और आगे बढ़ना है, तो यह बहुत जरूरी है, हमें बाहर से आने वाले शोर को रोकना होगा और जो आपके लिए अच्छा है उसे अपनाना होगा। मैं यह नहीं कह रहा कि शोर पूरी तरह बंद कर दो, बल्कि जो तुम्हारे लिए अच्छा है उसे अपनाओ और कोई तुम्हें अच्छी सलाह भी दे सकता है जो खेल में तुम्हारी मदद कर सकती है, जो मैदान पर तुम्हारी मदद कर सकती है। इसलिए मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत जरूरी है और बाकी मुझे लगता है कि हर कोई एक अच्छी जगह पर अच्छा है। यह बात बहुत मायने रखती थी। एक बार फिर, भारत-पाकिस्तान मैच की पूर्व संध्या पर, ध्यान क्रिकेट के अलावा हर जगह भटक गया था। सूर्यकुमार के जवाबों ने इसे वापस खींच लिया। उन्होंने कहा कि पिछली रात मैदान पर भारत ने जो अंतर दिखाया था, वही बातचीत का विषय था। भारत के खिलाफ पिछले मैच के बाद पूरे भारत में जश्न के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने सरलता से कहा कि हम जीत गए, इसलिए वे जश्न मना रहे हैं। मेरा मतलब है, जिस तरह देश हर मैच में हमारा समर्थन करता है, उसी तरह उन्हें इस मैच में भी हमारा समर्थन करना चाहिए। और आज रविवार है, इसलिए मुझे लगता है कि ज़डादा लोग मैच देखेंगे।

## द. अफ्रीका की महिला टीम ने पाक को हराया

**लाहौर, वार्ता।** ताजमिन ब्रिट्स (नाबाद 171), लौरा वोल्वार्ट(100) और उसके बाद नादिन डी क्लार्क (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने वर्षा बाधित दूसरे वनडे मैच में पाकिस्तान को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न विधि (डीएलएस पद्धति) के तहत 25 रनों से हरा दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 313 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में मुनीबा अली(एक) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद ओमैमा सोहेल, सिदरा अमीन की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 11वें ओवर में मसाबाता क्लास ने ओमैमा सोहेल (43) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आलिया रियाज (18) रन बनाकर आउट हुई। सिदरा अमीन और नतालिया परवेज की जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 146 रन जोड़े। क्लो ट्रायोन ने सिदरा अमीन (122) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। नतालिया परवेज ने 60 गेंदों में 73 रन बनाये। रमीन शमीम 12 रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की पूरी टीम 44.4 ओवर में 287 के स्कोर पर सिमट गई।

## ऑस्ट्रेलिया दौराः ज्योति सिंह की अगुवाई में जूनियर महिला टीम की घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को ज्योति सिंह की अगुवाई में आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 23 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। इस दौरे पर भारतीय जूनियर महिला टीम 26 सितम्बर से दो अक्टूबर तक कैनबरा के राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में कुल पांच मैच खेलेगी। पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ तथा बाद के दो मैच ऑस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग की क्लब टीम कैनबरा चिल के साथ होंगे। यह श्रृंखला दिसम्बर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 से पहले भारतीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। टीम में देश भर के डिफेंडर, मिडफील्डर और फॉरवर्ड खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है, जिनका नेतृत्व उनकी कप्तान ज्योति सिंह करेंगी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के दौरान सीनियर टीम में जगह बनाई थी। गोलकीपिंग की ज़िम्मेदारी निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज को सौंपी गई है। डिफेंस में, टीम मनीषा, ज्योति सिंह (कप्तान), लालथंतलुआंगी, ममिता ओरम, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदनी पर निर्भर करेगी। मिडफील्ड में प्रियंका यादव, साक्षी राणा, खैदेम शिलेइमा चानू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धन, इशिका, सुनीता टोप्पो और अनीशा साहू जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल होंगी।

## रोमांचक फाइनल में जेसिका शिल्डर ने चेस जैक्सन को हराकर स्वर्ण पदक जीता

**टोक्यो, वार्ता।** नीदरलैंड की जेसिका शिल्डर ने शनिवार को यहां 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। 26 वर्षीय शिल्डर ने अपने अंतिम प्रयास में 20.29 मीटर का अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंककर जीत हासिल की, और गत चैंपियन संयुक्त राज्य अमेरिका की चेस जैक्सन, जिन्होंने 20-21 मीटर का थ्रो फेंककर रजत पदक जीता, को कड़ी टक्कर दी। न्यूजीलैंड की मैडिसन-ली वेशे ने दबाव में अद्भुत संयम दिखाते हुए 20-06 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। चीन की अनुभवी गोंग लिजियाओ, जो अपनी नौवीं विश्व चैंपियनशिप खेल रही थीं, 18.96 मीटर के साथ नौवें स्थान पर रहीं।

## अक्षर को लगी चोट, आज खेलना संदिग्ध



● अक्षर मिड ऑफ से दौड़ते हुए हम्माद मिर्जा का कैच लेने की कोशिश में संतुलन खोकर गिर पड़े जिससे उनके सिर में चोट लगी

**अबु धाबी, वार्ता।** अक्षर पटेल पाकिस्तान के खलिाफ रविवार को होने वाले भारत के सुपर फोर मैच में नहीं भी खेल सकते हैं। उन्हें अबु धाबी में ओमान के खलिाफ ग्रुप ए मैच में फील्डिंग करते समय सिर पर चोट लगी थी। अक्षर को 15वें ओवर में यह चोट लगी थी। वह मिड-ऑफ से दौड़ते हुए हम्माद मिर्ज़ा का कैच लेने की कोशिश में संतुलन खोकर गिर पड़े, जिससे उनका सिर जमीन से टकरा गया। इसके बाद उन्हें सिर और गर्दन को पकड़ते हुए देखा गया और फिज़ियो की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। वे ओमान की पारी के बचे हुए हिस्से में फील्ड पर नहीं लौटे। अक्षर ने सिर्फ एक ओवर डाला जिसमें चार रन दिए। इस मैच में भारत ने कुल आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया और 21 रन से मैच जीता। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी- दिलीप ने बताया कि अक्षर की हालत ठीक है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि मैचों के बीच काफी कम समय है। भारत को पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में अपना अगला मुका़बला खेलने से पहले 48 घंटों से भी कम का वक्त मिलेगा। अक्षर ने बल्लेबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया। पांचवे नंबर पर आकर उन्होंने 13 गेंदों पर 26 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस दौरान उन्होंने संजू सैमसन के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 45 रनों की पार्टनरशिप की। अगर किसी वजह से अक्षर पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर रहते हैं, तो टीम के लिए तीन स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरना मुश्किल हो सकता है। यह तभी संभव होगा जब किसी और खिलाड़ी को बुलाया जाए। आपको बता दें कि वरुण और कुलदीप ही दो विशेषज्ञ स्पिनर हैं जो अभी टीम में हैं।

सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप-2025

## भारत की अंडर-17 टीम भूटान को हराकर सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली/कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने अपने दूसरे ग्रुप बी मैच में भूटान को 1-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ, भारत के दो मैचों में छह अंक हो गए हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने अपने बयान में कहा कि भारत अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने शुक्रवार को कोलंबो के रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में अपने दूसरे ग्रुप बी मैच में भूटान को 1-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। एआईएफएफ ने कहा है कि भारतीय टीम अब सोमवार को पाकिस्तान के साथ खेलेगी। इस मैच का विजेता ग्रुप बी में शीर्ष पर रहेगा। मैच का विजयी गोल दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी रहान अहमद के रूप में आया। महासंघ ने कहा कि दूसरे हाफ में शामिल किए गए सुपर-सब रहान अहमद ने 57वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल दागा और भारत को 1-0 से मामूली अंतर से जीत दिलाई। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया। पहले हाफ में भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। भूटान ने अपने खेल में संयम बरता।

## नवी मुंबई में होगी महाराष्ट्र की पहली फॉर्मूला नाइट स्ट्रीट रेस

**मुंबई, वार्ता।** महाराष्ट्र खेलों की दुनिया में एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में रेसिंग प्रमोशन्स प्रा- लि- (आरपीपीएल) और नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) के बीच एमओयू साइन किया गया। इंडियन रेसिंग फेस्टिवल (आईआरएफ) का भव्य फिनाले दिसम्बर 2025 में आयोजित किया जाएगा। इस घोषणा के साथ मुंबई को उसका पहला एफआईए-ग्रेड स्ट्रीट रेसिंग सर्किट मिलने जा रहा है, जो शहर को वैश्विक खेल कैलेंडर पर मजबूती से स्थापित करेगा। पहली बार नवी मुंबई की सड़कें रात में जगमगाते फ्लडलाइट्स के बीच हाई-स्पीड रेसिंग ट्रैक में बदलेंगी। यह नाइट रेस भारत में मोटरस्पोर्ट्स का नया इतिहास रचने वाली होगी।

## एसए20, भारत का दौरा सीएसए के खजाने के लिए क्रांतिकारी बदलाव लेकर आया

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने शनिवार को जोहान्सबर्ग में अपनी वार्षिक बैठक में 2024-25 वित्तीय वर्ष के लिए 13,723,600 अमेरिकी डॉलर का शुद्ध लाभ घोषित किया।

यह पिछले वर्ष के लाभ से लगभग साढ़े तीन गुना कम है, लेकिन इससे पहले तीन वर्षों में उन्हें हुए नुकसान (वर्तमान विनिमय दरों के अनुसार) 6,861,800 अमेरिकी डॉलर से 12,743,342 अमेरिकी डॉलर के नुकसान की तुलना में यह उल्लेखनीय सुधार है।

खेल बदलने वाले कारक एसए20 रहे हैं, जिसका आंशिक स्वामित्व सीएसए के पास है, और पिछले दो सत्रों में भारतीय पुरुष टीम के आकर्षक दौरे रहे हैं।



## चोटिल नेमार अभ्यास से हुए बाहर

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के फुटबॉल क्लब सैंटोस ने बताया है कि फिटनेस हासिल करने का प्रयास कर रहे फॉरवर्ड नेमार जांघ की चोट के कारण अभ्यास से बाहर हो गए हैं। ब्राजील के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर 33 वर्षीय नेमार गुरुवार को दाहिनी जांघ में दर्द के कारण अभ्यास से बाहर हो गए।

बाद में हुई जांच में रेक्टस फेमोरिस मांसपेशी में चोट की पुष्टि हुई। क्लब ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, ष्नेमार जूनियर ने सैंटोस एफसी के चिकित्सा विभाग के मार्गदर्शन में इलाज शुरू कर दिया है। हालांकि उनकी वापसी की कोई समय सीमा नहीं बताई गई। अक्टूबर 2023 में घुटने में गंभीर चोट लगने के बाद से नेमार ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं।

## जेफरसन-वुडन का विश्व चैंपियनशिप में स्वर्णिम स्प्रिंट डबल

● मेलिसा-वुडन ने महिलाओं की 200 मी. दौड़ में शानदार जीत हासिल और 100 मी. में भी अपना खिताब जोड़ा

**टोक्यो, वार्ता।** अमेरिकी मेलिसा जेफरसन-वुडन ने शुक्रवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्णिम स्प्रिंट डबल पूरा किया। उन्होंने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में शानदार जीत हासिल की और 100 मीटर में भी अपना खिताब जोड़ा। 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 21:68 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अपने करियर का चौथा विश्व खिताब जीता।

वह पिछली दो चैंपियनशिप में अमेरिका की विजेता 4ग100 मीटर रिले टीमों का भी हिस्सा थीं। ब्रिटेन की एमी हंट ने 22-14 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि जमैका की गत चैंपियन शेरिका जैक्सन ने 22-18 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस बीच अमे. रिकी स्प्रिंट सनसनी नोआ लाइल्स ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में 19:52 सेकंड का प्रभावशाली समय निकालकर लगातार चौथी जीत हासिल की। 28 वर्षीय लाइल्स ने चार विश्व चैंपियनशिप में अपना छठा स्वर्ण पदक हासिल किया, जिसमें बुडापेस्ट में 100 मीटर का खिताब और दोहा तथा बुडापेस्ट में 4ग100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक शामिल हैं। दो बार के ओलंपिक रजत पदक विजेता केनेथ ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ 19:58 सेकंड का समय निकालकर रजत पदक जीता और अमेरिका को पहला-दो स्थान दिलाया। जमैका के लेवेल ने 19:64 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस सप्ताह के शुरू में 100 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने वाले बोत्सवाना के लेत्सिले तेबोगो, 19:65 सेकंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहकर पोडियम से चूक गए।

# राज्यपाल आनंदीबेन ने प्रदान की 25456 उपाधि

## मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राज्यपाल एवं कुलाधिपित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने आज मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में संकाय में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले छह विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 80 विद्यार्थियों को कुलपति स्वर्ण पदक, चार विद्यार्थियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक, विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समोह में कुल 25456 को उपाधियां प्रदान की गई तथा उपाधियों को हस्ताक्षर कर डिजीलॉकर पोर्टल पर ऑन लाईन किया गया। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में इसी प्रकार सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज यहां गांधी पार्क स्थित जनमंच सभागार में मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गांवों में जाकर बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करें। इस संदर्भ में गुजरात की शिक्षामंत्री बनने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के प्रयासों से किए गए नवाचारों का उल्लेख भी किया। उन्होंने स्कूली बच्चों के नामांकन बढ़ाने के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित भी किया। राज्यपाल ने बताया कि बच्चों को शिक्षा देने तथा खेल गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए भिक्षावृत्ति से मुक्त के प्रयास के तहत 80 बच्चों को राजभवन से शिक्षा दिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अध्यापक केवल पढ़ाने तक सीमित न होते हुए देश को विकसित बनाने में भी सहभागिता निभाएं। उन्होंने नारी सशक्त परिवार की सार्थकता पर बल देते हुए कहा कि कुछ क्षेत्रों में अभी भी प्रयास किए जाने शेष हैं। महिलाओं का स्वास्थ्य बेहतर हो, इसके लिए स्वास्थ्य की जांच किया जाना आवश्यक है। राज्यपाल ने बेटियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने की सलाह दी ताकि वे कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से बच सकें। उन्होंने कहा कि विश्व. विद्यालय सेवा पखवाड़ा मनाए जाने के तहत दिए गए निर्देशों का पालन करें और एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के आयात को कम करने के तहत ऐथेनॉल का उत्पादन किया जा रहा है और प्रधानमंत्री ने भी अपने असम दौरे पर इसका जिक्र करते हुए कहा था कि इस नवाचार के कार्य को करने के लिए इच्छाशक्ति से प्रेरणा लेनी चाहिए। राज्यपाल ने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा समग्रता में होनी चाहिए और बच्चों को शुरूआत से ही शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने समर्थ पोर्टल की विशेषताएं बताते हुए कहा कि इस पोर्टल पर प्रवेश सहित अन्य जानकारियां उपलब्ध हैं। इस दौरान राज्यपाल ने 500 आंगनवाड़ी किट का वितरण किया जिसमें सांके. तिक रूप से 10 किट मौके पर ही वितरित की गई और 250 किट मुजफ्फरनगर, 250 किट सहारनपुर आंकनवाड़ी केंद्रों को भेजी गई। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को राजभवन से प्राप्त पुस्तकें प्रदान की गई। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों में अध्ययनरत विभिन्न कक्षाओं वर्गों के आयोजित प्रतिभागियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तीन बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष प्रो. दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि सभी मिलकर विश्वविद्यालयों को केवल शिक्षा केंद्र न मानें बल्कि उन्हें आधुनिक भारत का तपोवन बनाएं।

जिलाधिकारी मनीष बंसल व मुख्य विकास अधिकारी सुमित राज. श महाजन, मुजफ्फरनगर के एक शिक्षक को राजभवन की पुस्तकें भेंट की गई।

इस अवसर पर संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सैनी, मेयर डा. अजय सिंह, विधायक राजीव गुम्बर, चौ. कीरत सिंह, देवेंद्र सिंह, जिलाधिकारी मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी, नगरायुक्त शिपू गिरि, सीडीओ सुमित राजेश महाजन, सीडीओ मुजफ्फरनगर के. के.के. देशभूषण, पूर्व कुलपति प्रो. एच. एस. सिंह, कुलसचिव कमल कृष्णा, प्रो. धर्मेंद्र कुमार, सहायक प्रोफेसर विनीता दुबे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत सर्किट हाऊस पहुंची राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सेवा पखवाड़े के तहत पौधारोपण भी किया।

# 50 हजार की रिश्वत लेते एसडीए के अवर अभियंता व मेट गिरफ्तार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एंटी करप्शन टीम ने विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता रविंद्र श्रीवास्तव और मेट वैभव सिंह को 50 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सदर बाजार में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

वर्धमान कालोनी निवासी मयंक पांडे ने बताया कि विकास प्राधिकरण में तैनात अधिकारी मकान का नक्शा पास कराने के लिए अवर अभियंता उनसे अवैध रूप से धनराशि मांग रहे थे जिसकी शिकायत उन्होंने एंटी करप्शन टीम से की. शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और मौके पर ही दोनों को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया।

आरोप है कि जेई रविंद्र श्रीवास्तव ने मकान का नक्शा पास कराने की एवज में एक लाख रुपये की मांग की थी। शनिवार को मैट वैभव सिंह और अवर अभियंता ने पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपये लिए, तभी एंटी करप्शन टीम ने उन्हें दबोच लिया।

गिरफ्तारी के बाद दोनों को थाना सदर बाजार लाया गया जहां पर विधिक कार्रवाई. कर एंटी करप्शन की टीम उन्हें अपने साथ ले गई।

# हैप्पी क्लब ने उत्तराखण्ड भेजी मदद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सामाजिक संगठन हैप्पी क्लब ने पहले पंजाब में बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए राहत सामग्री भेजी अब उत्तराखंड में भी बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी है।

हैप्पी क्लब से जुड़े हुए लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके संगठन ने बाढ़ पीडित 100 परिवारों के लिए राहत सामग्री भेजने का काम किया है। संगठन के सभी सदस्यों ने मिलजुल कर इस मदद को भेजने का काम किया है। संगठन के सदस्यों ने बताया कि 100 परिवारों में से प्रत्येक पीड़ित परिवार को एक किट भेंट की जाएगी। इस किट में एक कूकर,एक चूल्हा, एक रेगुलेटर, पाइप, लाइटर, चाकू, तवा, चकला, बेलन, चार थाली, चार गिलास, चार कटोरी, चार चम्मच, चार कंबल और चार मच्छरदानी है।

# चोरी का खुलासा

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए अंजराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे/निशानदेही पर चोरी की 7 मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक अमित प्रसाद के नेतृत्व में दो शातिर वाहन चोरों प्रदीप पुत्र जगमाल निवासी ग्राम तैपल थाना शाहा जिला अम्बाला हरियाणा व जावेद पुत्र मुन्ना निवासी मौहल्ला चौघई ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर को मातागढ़ पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे/ निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 7 मोटरसाइकिलें बरामद कर ली। थाना प्रभारी श्री त्यागी ने बताया कि दबोचे गए शातिर किस्म के वाहन चोर हैं जिनके विभिन्न थानों में क्रमशः 11 व 7 मुकदमें दर्ज हैं।

# जेल से रिहा होंगे पूर्व एमएलसी महमूद अली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के पूर्व एमएलसी हाजी मौ. इकबाल के छोटे भाई पूर्व एमएलसी महमूद अली की 3 साल की लम्बी कानूनी लडाई के बाद आज रिहाई हो जायेगी।

बता दे कि हाजी इकबाल के परिवार को सुप्रीम कोर्ट से राहत बड़ी राहत मिली थी, जिसके बाद जेल में बंद उनको चारों बेटो की रिहाई हुई लेकिन उनके भाई पूर्व एमएलसी महमूद अली कागजी कार्रवाई के कारण जेल में ही बंद थे। एक बार फिर हाजी इकबाल के परिवार के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। तीन साल से जेल में बंद पूर्व एमएलसी महमूद अली



को हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट के आदेश पर आज पूर्व एमएलसी महमूद अली की जेल से रिहाई हो सकती है। जेल से रिहाई की खबर लगते ही उनको समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके वकील संजय वर्मा ने बताया

**तीन साल की लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद परिवार को राहत**

कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से आदेश आने के बाद आज पूर्व एमएलसी महमूद अली की रिहाई हो रही है। सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी हो गई है शाम को रिहाई हो जाएगी।

# मखाने का कटटा लेकर भागा बाइक सवार

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव कोटा निवासी एक किराना दुकानदार की दुकान से एक बाइक सवार युवक मखाने का कट्टा चोरी कर ले गया।

शिवम पुत्र अजय अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि उसकी मडकी रोड पर दुकान है।शुक्रवार शाम उसकी दुकान पर एक युवक आया और वहां रखा करीब बारह हजार रूपए का मचाने का कट्टा चोरी कर ले गया।

# आईआईए ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईआईए के 40 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष मे स्वास्थ्य शिविर लगाकर औद्योगिक इकाईयों में कार्यरत कर्मचारियों व श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त उद्योग अंजू रानी ने किया। चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने कहा कि संस्था सदैव उद्योगों के साथ-साथ उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों के कल्याण हेतु प्रतिबद्ध रही है। इस शि. विर से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सडाना ने बताया कि शिविर के दौरान बी.पी., ब्लड शुगर, ई.सी.जी. आदि की नि:शुल्क जाँच की गई। डिवीजनल चेयरमैन सतीश अरोड़ा ने भी विचार रखे।

स्वास्थ्य जाँच शिविर में डा. नवीन नाथ, डॉ. दृष्टि ने अपनी टीम के साथ 200 व्यक्तियो के स्वास्थ्य की जॉच की।

इस अवसर पर सीईसी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, जोन हैड एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव अरोड़ा, राष्ट्रीय सचिव संजय बजाज, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालड़ा एवं राजेश सपरा, राजकुमार अरोड़ा, अतीश गुप्ता, प्रेम क्वात्रा, वीरभान भटेजा, गुलशन क्वात्रा, तन्मय सचद. वा, अरविन्द खन्ना, विपूल जैन, अनुज जैन, योगेश टंडन, शरद गर्ग, सर्वश्रेषठ गुप्ता, अनिल शर्मा, रजत पटवाल, गौरव तोमर आदि उपस्थित रहें।

# विज्ञान के मॉडल का प्रदर्शन



**साढौली कदीम।** पब्लिक इंटर कॉलेज साढौली कदीम में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों द्वारा 182 मॉडल प्रस्तुत किये गये। प्रदर्शनी में जूनियर वर्ग से कनिका प्रथम, समीर द्वितीय, छाया शर्मा तृतीय हाईस्कूल वर्ग में जैनब प्रथम, अंतिम द्वितीय, नैंन्सी तृतीय सीनियर वर्ग में तुषार प्रथम, रिया बंसल द्वितीय, परी सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार जीते। विज्ञान प्रदर्शनी का प्रधानाचार्य दामोदर चौधरी व मुख्य अतिथि राजेश त्यागी ने फीता काटकर उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर कर प्रोत्साहित कर कर आगे लाने का कार्य किया जायेगा । इस अवसर पर मुकेश शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार, राजकुमार, कन्हैय्यालाल, संदीप कुमार, इदरीश, डिम्पल, बबीता, राजबाला, मौजूद रहे।

# सेवा ही संगठन की भावना रखें: डा. सोमेन्द्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा विभाग राज्यमंत्री डा. सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमें सेवा ही संगठन की भावना को लेकर आगे बढना है।

डा. सोमेन्द्र आज नालन्दा वर्ल्ड स्कूल में सेवा पखवाडा अभियान के अन्तर्गत प्रबुद्ध सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि हमें पूरे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गरीबों की सेवा में ही समय लगाना है जिसमें सभी को गरीब व्यक्ति को रक्तदान फल वितरण उसके स्वास्थ्य की चिंता करते हुए उसको जो मदद हम कर सके उसकी मदद करनी है। लगातार सभी सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाना है और हमारे महापुरुषों की प्रतिमाओं को साफ सफाई करके उनको माला पहनकर के सम्मान का भी करना है इसमें सभी अपने जिले के गण मन लोगों को साथ लेकर के इस सेवा पखवाड़ा के अभियान को चलना है। इ दौरान जिला अध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र, रामपुर विधायक देवेंद्र निम, कोऑपरेटिव के अध्यक्ष राजपाल चौधरी, पिछड़ा आयोग के सदस्य मेला राम पवार, पूर्व विधायक नरेश सैनी जी पूर्व जिला अध्यक्ष राज सिंह, जिला महामंत्री पवन सवई, विरेंद्र पुंडीर, यशवंत राणा, सजय राणा, विपिन चौधरी, पदम सिंह, कर्ण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मजदूरी के रुपये न देने का आरोप

**चिलकाना।** क्षेत्र निवासी युवक ने ठेकेदार पर एक माह मजदूरी कराने के बाद मजदूरी के रूपये न देने का आरोप लगाया है।

ग्राम दुमझेडा निवासी महेंद्र पुत्र फग्गन मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। महेंद्र का आरोप है कि चिलकाना के मोहल्ला जाकिर हुसैन निकट सुरैय्या गेट निवासी ठेकेदार पीड़ित को सोलह हजार रुपए प्रति माह की मजदूरी तय करके अपने साथ शिमला काम पर ले गया था, जहां पीड़ित से एक माह तक काम करवाया गया। लेकिन एक माह बाद जब पीड़ित ने अपनी मजदूरी के रूपये मांगे तो वह हीले हवाले बनाते हुए वायदे करता रहा।

पीड़ित का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा किये गये वायदे का समय पूरा होने पर रूपए मांगे तो वह धमकियां देने लगा।

# दीक्षांत समारोह में महिमा सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल ।** कस्बा निवासी पत्रकार सुनील चौधरी की पुत्री महिमा चौधरी द्वारा शाकम्बरी देवी विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह मे एम ए भूगोल विषय मे विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर महाम. हिम राज्यपाल आनंदी पटेल द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। उसकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



जनपद के जे वी जैन महाविद्यालय मे अध्ययनरत महिमा चौधरी को बधाई देने वालों मे मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम,आइ एम ए अध्यक्ष डा नरेश नौसरान, वरिष्ठ पत्रकार आनंद बतरा सुमन, मनसब अली परवेज, रमेश डावर, मानसिंह सैनी,सतेंद्र वैदिक, पपिन चौधरी, कपिल डावर, रजनीश नौसरान, अजय अग्रवाल, अनुज स्वामी, राहुल नौसरान, ओमप्रकाश जैन, गुलफाम अली, साबिर अली,फिरोज अहमद, शाहनवाज मलिक, शकील अहमद, राजकुमार शर्मा,मुमताज मलिक, अहसन परवेज, अजीत त्यागी,फुरकान त्यागी, एस डी गौतम, हेमंत अरोडा,दीपांशु चौधरी, बिरमपाल प्रधान,सुशीलशर्मा,मोहम्मद इरशाद, डा रामकुमार मलिक, जोगिंदर सैनी, जावेद अली, संजीव विश्वकर्मा,राक. श शर्मा ,स्वतंत्र चौधरी, अशोक रोहि. हला,सूरज सिंह, प्रमोद नौसरान, राशिद अली,वन्दना मलिक, विजयपाल आर्य आदि शामिल है।

# अटेवा शिक्षक व कर्मचारियों ने विधायक मुकेश को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अटेवा पेशन बचाओ मंच ने वर्ष 2011 से पूर्व नियुम्त बेसिक शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता की समाप्ति के लिए ज्ञापन नकुड विधायक मुकेश चौधरी को उनके आवास पर सौंपा।

अटेवा जिलाध्यक्ष रजनीश सहगल ने कहा की उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार सभी सेवारत शिक्षको के लिए उनकी नियुक्ति की तिथि चाहे जो भी हो शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) को अनिवार्य कर दिया गया है और उन्हे आगामी दो वर्षों में इस परीक्षा को पास करना है अन्यथा की स्थिति में उनकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने प्रदेश ही नहीं अपितु देश भर के लाखो शिक्षको की सेवा-सुरक्षा और आजीविका का संकट आ गया है।



मण्डल महामंत्री प्रवीण चौधरी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय से उत्तर प्रदेश में वर्ष 2011 से पूर्व की संपूर्ण अर्हता रख मियुक्त शिक्षको की सेवा भी असुरक्षित हो गई है। उत्तर प्रदेश उलगमण 2.50 लाख शिक्षमा शिक्षको का भविष्य असमंजम में है। जिलामहामंत्री पंकज सिरोही ने कहा कि शिक्षक अपना संम्पूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण में समर्पित कर देता है। जिला कोषाध्यक्ष शिवकुमार कटारिया ने कहा कि जब तक शिक्षको की आजीविका सुरक्षित नहीं हो जाती तब तक संघर्ष जारी रहेगा। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष रविंद्र पंवार पंचायत कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष कर्मसिंह व जिला पदाधिकारी बुरहान, ललित राही, निशांत कुम्मार पंकज कुमार, सतीश कुमार चंचल नागपात ब्रजेश देवी, रेखा शर्मा, गौरव बर्मा ब्लाक अध्यक्ष, बीरपाल, ब्रह्मपाल, धीरसिह, प्रमोद, अमित, हरिपाल सैनी, अनुज, अजय शर्मा सुधीर, राजीव, विशाल अजीत सिंह, सतीश, अरविश, हर्ष, चन्द्रध्कांत बिंदरपाल अमित, राजीव, विशाल, अनुज, सुशील आदि सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दंगल में पहलवानों ने जोर आजमाईश कर जीते मुकाबले



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में आयोजित मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर निगम द्वारा एचएवी इण्टर कॉलेज में दंगल का आयोजन किया गया।

उद्घाटन संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सैनी, महापौर डॉ. अजय कुमार, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन व अमित गगनेजा, गुरप्रीत सिंह बग्गा, राजकुमार राजू, हेमंत अरोड़ा, उपसभापति एवं कार्यक्रम संयोजक मयंक गर्ग ने रिबन काटकर किया।

निगम द्वारा आयोजित दंगल देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अनेक राज्यों से आये पहलवानों ने कला जंग, टंगी, सांडीतोड़, बगल डूब, धोबी पछाड़, कांखी, जांघिया व निकाल आदि दांव-पेचों का फुर्ती के साथ प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंदी पहलवानों को पछाड़कर पुरस्कार हासिल किये।

दंगल में अखाड़ा फुलवारी आश्रम हिंदू कुमार सभा व अखाड़ा गुरु जगमोहन भारद्वाज के पहलवानों के अलावा खलीफा संदीप पहलवान, खलीफा सनी पहलवान, खलीफा शानू पहलवान, खलीफा रजत पहलवान, व खलीफा विक्की पहलवान का उक्त अतिथियों एवं सह संयोजक अंगद शर्मा, राहुल शर्मा व मयंक गर्ग आदि ने स्वागत किया। अखाड़ा फुलवारी आश्रम के बोबी उस्ताद ने कुश्ती पंच (रेफरी) के रुप में दंगल का संचालन किया।

दंगल में उत्तर प्रदेश के दूर दराज के अलावा हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब से आये पहलवानों ने प्रतिभा किया। रुड़की ( उत्तराखंड) के गंगू पहलवान को छपरौली( हरियाणा) अखाड़े के मोनू पहलवान ने चित किया तो फुलवारी आश्रम के बंटी पहलवान ने उत्तराखंड के पहलवान को पटकनी देकर चित किया। जबकि शादाब पहलवान व शारिक के बीच मुकाबला बराबर रहा, सलमान पहलवान का मुकाबला सत्यम के साथ मुकाबला हुआ जिसमें सलमान ने फुर्ती दिखाते हुए सत्यम को चित कर दिया। इसके अलावा शिवम, गौरव, शीतल, शिवम शर्मा, रोभिश सैनी, राजिंदर आदि पहलवानों ने भी दांव पेंच दिखाते हुए कुश्तियों का रोमांच बनाये रखा।

आयोजन में मेला वाइस चेयरमैन अहमद मलिक, के के बत्रा, भाजपा नेता सुनील गुप्ता के अलावा बड़ी संख्या में पार्षद व शहर के गणमान्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संच. ालन संयोजक व उपसभापति मयंक गर्ग ने किया।



## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., नानौता ( सहारनपुर )

**-: ई- निविदा सूचना:-**

इस मिल समिति में पेराई सत्र 2025-26 हेतु निम्नलिखित कार्यों को ठेके के माध्यम से सम्पादित करानें हेतु, अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से निम्न विवरण के अनुसार दिनांक 20.09.2025 से ई- निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र.स. | कार्य का विवरण। | निविदा धरोहर धनराशि (रु.) | ई- निविदा भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | पेराई सत्र 2025-26 में बैगास हैण्डलिंग का कार्य। | रु. 50,000.00 | 29.09.2025 |
| 02 | मिल समिति के ब्वायलर हाऊस में पुरानी एम.बी.सी. चैन के स्ट्रक्चर की डिस्मेंटलिंग, फैब्रिकेशन एवं इरेक्शन का कार्य। | रु. 20,000.00 | 29.09.2025 |
| 03 | ब्वायलर कैमिकल रेजिंन एवं डी.एम.प्लान्ट के स्पेयर्स | रु. 10,000.00 | 29.09.2025 |
| 04 | मिल समिति के विभिन्न हाउसों में लैगिंग/इंशुलेशन का कार्य। | रु. 10,000.00 | 29.09.2025 |

**नोट:-**

01. उपरोक्त निविदाओं से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते तथा अन्य विवरण निविदा प्रपत्र पर अंकित है।
02. इच्छुक निविदादाता ई-निविदा प्रारम्भ होने से निर्धारित समयान्तर्गत ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र, नियम एवं शर्ते पोर्टल https://etender.up.nic.in तथा संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट https://www.upsugarfed.org पर लॉगिन कर ई-निविदा को भर सकते है।
03. उपरोक्त कार्यो हेतु ऑफलाइन निविदाएं मान्य नहीं होगी।
04. अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदाएं बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**भवदीय**
**( अंकित कुमार )**
**पी.सी.एस.**
**प्रधान प्रबन्धक**

# सऊदी अरब को परमाणु हथियार देगा पाक

## रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ बोले: भारत से जंग हुई, तो सऊदी साथ देगा, 2 दिन पहले हुई डिफेंस डील

**इस्लामाबाद/लंदन।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपने न्यूक्लियर हथियार सऊदी अरब के साथ शेयर करेगा। दोनों देशों के बीच बुधवार को एक रक्षा समझौता हुआ था, जिसके तहत अगर किसी एक देश पर हमला होता है, तो इसे दोनों पर हमला माना जाएगा।

आसिफ ने एक साक्षात्कार में कहा कि हमारी परमाणु क्षमता पहले से अच्छी है। यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे की रक्षा करने का वादा करता है। हमारे पास युद्ध के लिए ट्रेंड सेनाएं हैं। हमारे पास जो क्षमताएं हैं, वे इस समझौते के तहत निश्चित रूप से उपलब्ध होंगी। जब आसिफ से पूछा गया कि अगर भारत और पाकिस्तान में जंग होती है तो क्या सऊदी अरब इसमें पाकिस्तान की तरफ से शामिल होगा? इस पर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बिल्कुल, इसमें कोई शक की बात नहीं है। हालांकि, उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया। आसिफ ने कहा कि इस समझौते का इस्तेमाल किसी हमले के लिए नहीं, बल्कि रक्षा के लिए किया जाएगा। मीडिया





रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब ने पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को आर्थिक मदद दी है। पाकिस्तान के पास करीब 170 परमाणु हथियार हैं, जो भारत के 172 हथियारों के लगभग बराबर हैं। आसिफ ने आगे कहा कि न तो सऊदी अरब ने किसी खास देश का नाम लिया और न ही हमने किसी का नाम लिया। यह बस एक अम्ब्रेला है जो दोनों को मिला है, जिसमें नियम है कि किसी एक पर भी हमला होता है तो दोनों मिलकर उसका जवाब देंगे। आसिफ ने यह भी कहा कि यह कोई 'आक्रामक समझौता नहीं', बल्कि 'रक्षा व्यवस्था' है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि सऊदी अरब के साथ हुए ऐतिहासिक रक्षा समझौते के बाद कई देशों ने पाकिस्तान के साथ ऐसे ही रणनीतिक रक्षा समझौते करने में रुचि दिखाई है। लंदन में पत्रकारों से बात करते हुए डार ने कहा कि अभी जल्दी है कुछ कहना, लेकिन इस समझौते के बाद अन्य देशों ने भी इस तरह की व्यवस्था की इच्छा जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समझौते एक नियम के

**पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा: पाक दूसरे देशों के साथ भी ऐसी डिफेंस डील करेगा**

तहत ही तय होते हैं। सऊदी अरब के साथ समझौते को अंतिम रूप देने में ही कई महीने लगे थे। डार ने समझौते को एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया और कहा कि पाकिस्तान और सऊदी अरब दोनों इससे संतुष्ट और खुश हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सऊदी अरब ने हमेशा मुश्किल वक्त में पाकिस्तान का साथ दिया है, खासकर हालिया अंतर्राष्ट्रीय और आर्थिक संकट के दौरान। समझौते पर दोनों देशों ने एक जाइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कार्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। रायटर्स के मुताबिक इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है।



**गुजरात। भावनगर में एक रोड शो के दौरान उपस्थित जनसमूह का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

## अफगान के वरिष्ठ अधिकारी ने की ट्रम्प की टिप्पणी की निंदा

**काबुल।** अफगानिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने युद्ध के बाद देश में बगराम एयरबेस पर पुन: कब्जा करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हालिया बयान की आलोचना की और कहा कि हम अफगान अपने देश में विदेशी सैन्य उपस्थिति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अफगानिस्तान के सरकारी रेडियो और टेलीविजन (आरटीए) ने इसकी जानकारी दी। सरकारी मीडिया आउटलेट ने विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ राजनयिक जलाली के हवाले से कहा कि अपने पूरे इतिहास में अफगानों ने कभी भी अपनी धरती पर विदेशी सैन्य की उपस्थिति को स्वीकार नहीं किया है। अफगानिस्तान और अमेरिका को द्विपक्षीय सम्मान एवं साझा हितों के मद्देनजर आर्थिक और राजनीतिक संबंधों पर सहयोग करने की जरूरत है। ट्रम्प ने गुरुवार को लंदन में अगस्त 2021 में अमेरिकी वापसी के दौरान बगराम एयरबेस को छोड़ने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना करते हुए संवाददाताओं से कहा कि हम इसे वापस लेना चाहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### तालिबान ने ब्रिटिश दंपति को किया रिहा

**दोहा।** लगभग आठ महीने तक तालिबान द्वारा हिरासत में रखे गए एक ब्रिटिश दंपत्ति को आखिरकार रिहा कर दिया गया और कतर पहुंचने के बाद वे अपनी बेटी से भावुक होकर मिले। उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाया। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग दो दशकों से अफगानिस्तान में रह रहे पीटर रेनॉल्ड्स (80) और उनकी पत्नी बार्बी (76) एक फरवरी को जब अपने घर लौट रहे थे, तब उन्हें रोक लिया गया। दंपति को शुक्रवार सुबह कतर की मध्यस्थता के माध्यम से रिहा कर दिया गया और बाद में वे दोहा पहुंचे जहां उनकी बेटी सारा एंटविसल ने उनसे मुलाकात की। हवाई अड्डे की इमारत की ओर साथ-साथ चलने से पहले उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाया।

### चीन-रूस ने विधाई सहयोग को मजबूत करने का लिया संकल्प

**मास्को।** चीन और रूस ने मंगलवार से शनिवार तक चलने वाले एक चीनी प्रतिनिधिमंडल की रूस यात्रा के दौरान अपने विधाई निकायों के बीच सहयोग को मज़बूत करने का संकल्प लिया है। इस यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे चीन की राष्ट्रीय जन कांग्रेस की स्थाई समिति के उपाध्यक्ष पेंग किगहुआ ने रूस के स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन, तातारस्तान गणराज्य के प्रमुख रुस्तम मिन्निखानोव और तातारस्तान राज्य परिषद के अध्यक्ष फ़रीद मुखमेतशिन से मुलाकात की। पेंग ने रूसी स्टेट ड्यूमा के उपाध्यक्ष अलेक्जेंडर बाबाकोव के साथ संसदीय सहयोग के लिए चीन-रूस समिति के संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक की सह-अध्यक्षता भी की।

### अगले सप्ताह दो दिन की यात्रा पर मोरक्को जाएंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिह, मोरक्को के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदिई के निमंत्रण पर 22 सितम्बर को मोरक्को की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की उत्तरी अफ्रीकी राष्ट्र की पहली यात्रा होगी जो भारत और मोरक्को के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग के महत्व को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को के बेरेचिड में व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म के लिए नए विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन इस यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण होगा। यह संयंत्र अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है। यह आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत भारत के रक्षा उद्योग की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को दर्शाता है।

## आरएसएफ ने मस्जिद पर किया ड्रोन हमला, 70 की मौत

**काहिरा।** सूडान में जारी गृहयुद्ध के बीच उत्तरी दारफुर के अल फशर शहर में एक मस्जिद को निशाना बनाया गया। यहां नमाज के दौरान मस्जिद पर हुए ड्रोन हमले में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई। हमले का आरोप अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेस पर लगाया गया है।

स्थानीय राहत समूह के एक कार्यकर्ता ने इस हमले के बाद का भयावह मंजर बयां किया। उसने बताया कि हमले के बाद मस्जिद पूरी तरह ढह गई है और कई शव मलबे में दबे हैं, जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। वहीं, हमले का वीडियो भी सामने आया है, हालांकि वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, सूडानी सेना ने इस हमले को लेकर बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना इस विद्रोही

■ **हमले का आरोप अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेस पर लगाया**

मिलिशिया की पहचान है, और यह पूरी दुनिया के सामने खुलेआम ऐसा कर रही है। गौरतलब है कि इससे पहले इस सप्ताह की शुरुआत में ही आरएसएफ ने अल-फाशेर में 18 लोगों की हत्या कर दी थी और 14 अन्य को अगवा कर लिया था, जिनमें तीन लड़कियां भी शामिल हैं। सूडान में गृहयुद्ध अप्रैल 2023 से जारी है, जब सेना और आरएसएफ के कमांडरों के बीच सत्ता को लेकर संघर्ष शुरू हुआ था। इस लड़ाई ने पूर्वोत्तर अफ्रीकी देश को बर्बाद कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अब तक 40000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और 1.2 करोड़ विस्थापित हुए हैं।

## भारत-यूएई के बीच अहम समझौतों की नींव तैयार

### गोयल के दौरे में बनी सहमति, पाक-अरब समझौते के जवाब के रूप में देखा जा रहा है दौरा

**अबू धाबी।** पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच पारस्परिक सुरक्षा समझौता के कारण बढ़ी नजदीकी के कारण भारत की निगाहें अब पश्चिम एशिया में अपनी पुरानी स्थिति मजबूत करने पर है।

इस कड़ी में भारत की निगाहें क्षेत्र की एक और ताकत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर है। भारत जल्द यूएई के साथ अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र में कई अहम समझौते करने जा रहा है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के दो दिवसीय यूएई दौरे पर समझौते की जमीन तैयार कर ली गई है। इसे पाक-अरब समझौते के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। भारत यूएई उच्चस्तरीय निवेश कार्यदल की 13वीं बैठक में शिरकत करने पहुंचे गोयल ने वहां अबूधाबी इंडिया बिजनेस फोरम



■ **इस दौरान दोनों देशों के बीच अगले तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमति बनी**

में भी हिस्सा लिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच अगले तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमति बनी है। ऊर्जा, तकनीक समेत कई अन्य क्षेत्रों में अहम समझौते के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर व्यापक बातचीत हुई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्दी ही दोनों देश इन क्षेत्रों में कई अहम समझौते पर सहमत होंगे। यूएई में 42 लाख भारतीय हैं। यूएई पश्चिम एशिया में सऊदी अरब की तरह अहम ताकत है। दोनों देशों के बीच तेल के इतर दूसरे व्यापार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। खासतौर पर ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए हैं। अंतरिक्ष को लेकर सौ से अधिक परियोजनाओं पर काम कर रहे यूएई को इस क्षेत्र में भारत की मदद की जरूरत है। दूसरी ओर भारत को अरब के सबसे बड़े बंदरगाह जबल अली पोर्ट की जरूरत है। यूएई इजरायल मामले में इस्लामिक देशों से अलग रुख अपनाने के कारण चर्चा में है। इजरायल के कतर पर हमले के बाद 50 इस्लामिक देशों की बैठक में सांकेतिक उपस्थिति दर्ज करा कर यूएई ने नया रुख अपनाने का इशारा किया है। यूएई इजरायल को मान्यता देने वाले चुनिंदा इस्लामिक देशों में शमिल है, जिसने पांच वर्ष पूर्व इजरायल के साथ अब्राहम समझौता किया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) हाई-टेक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है और भारत इस क्षेत्र में सहयोग की दिशा में देख रहा है। यूएई में दो दिवसीय दौरे के दौरान शीर्ष अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और भारतीय समुदाय से मुलाकातों के बाद गोयल ने मीडिया से बातचीत की।

## टिकटॉक के लिए अमेरिका-चीन में समझौता, अगले साल चीन जाएंगे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिग के साथ फोन पर बात की जिसमें दोनों के बीच टिकटॉक को लेकर समझौता, द्विपक्षीय व्यापार तथा कई अन्य मुद्दों पर सहमति बनी। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर इस वार्ता को 'सफल' बताते हुए कहा कि दोनों नेता इस साल अक्टूबर के अंत में दक्षिण कोरिया में होने वाले एपेक शिखर बैठक में मुलाकात करेंगे। इसके बाद अगले साल की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति चीन का दौरा करेंगे और बाद में चीनी राष्ट्रपति भी अमेरिका आएंगे। दोनों देशों के बीच पिछले जो बाइडन प्रशासन के दौरान रिश्तों में दूरी आ गई थी। यहां तक कि ट्रम्प भी अब तक चीन के आलोचक रहे थे।

## पुर्तगाल भी देगा फलस्तीन को मान्यता

### अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में चर्चा का केंद्र बन सकता है यह मुद्दा

**काहिरा।** गाजा पर इजरायल के ताजा हवाई हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब कई पश्चिमी देश अब खुले तौर पर फलस्तीन को स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में यह मुद्दा चर्चा का केंद्र बन सकता है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोगों में छह लोग एक ही परिवार से थे।

इनमें शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सलमिया के रिश्तेदार भी शामिल हैं। एक अन्य हमले में शावा स्क्वायर के पास पांच लोगों की मौत हुई। राहत एजेंसियां कह रही हैं कि गाजा में हालात अकाल जैसी स्थिति तक पहुंच गए हैं। इजरायल के हमलों के बीच पुर्तगाल ने घोषणा की है कि वह रविवार को आधिकारिक तौर पर फलस्तीन राज्य को मान्यता देगा। इसके अलावा ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, माल्टा, बेल्जियम और लक्ज़मबर्ग जैसे देश भी आने वाले दिनों में यह कदम उठा सकते हैं। पश्चिमी देशों का यह रुख इजरायल पर बढ़ते दबाव का संकेत है। इजरायल की सेना का




■ **एक अन्य हमले में शावा स्क्वायर के पास पांच लोगों की मौत हुई**

■ **पश्चिमी देशों का यह रुख इजरायल पर बढ़ते दबाव का संकेत है**

कहना है कि उसका लक्ष्य हमास की सैन्य संरचना को पूरी तरह नष्ट करना है। हालांकि इसके लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। माना जा रहा है कि अभियान महीनों तक चल सकता है। पिछले 23 महीनों में इजरायली बमबारी से गाजा में 65000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और करीब 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो चुकी है। गाजा सिटी में रहने वाले हजारों लोगों को दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा जा रहा है। लेकिन कई लोग या तो कमजोर हैं, या फिर उनके पास संसाधन नहीं हैं कि वे बार-बार उजड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा सकें। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियां कह रही हैं कि इस तरह की जबरन निकासी से मानवीय संकट और गंभीर होगा। यूनिसेफ ने खुलासा किया कि कुपोषित बच्चों के लिए भेजा गया जीवनरक्षक भोजन सशस्त्र लोगों ने लूट लिया। चार ट्रकों से यह सामान गाजा सिटी में जबरन छीना गया। इजरायल ने इसका आरोप हमास पर लगाया है, हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उनके पास मदद के दुरुपयोग को रोकने के लिए कड़े तंत्र मौजूद हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास ने दक्षिणी इजरायल में हमला किया था जिसमें 1200 लोग मारे गए और 251 को बंधक बनाया गया। इनमें से 48 अभी भी गाजा में हैं और आधे से भी कम के जिंदा होने की आशंका है। इसके बाद से अब तक 65,100 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

## तीन रूसी विमानों ने एस्टोनिया के हवाई क्षेत्र का किया उल्लंघन

**तालिन।** तीन रूसी मिग-31 लड़ाकू विमान एस्टोनिया के हवाई क्षेत्र में घुस आए और कुल 12 मिनट तक वहां रहे। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार इसके बाद एस्टोनिया के विदेश मंत्रालय ने इस घुसपैठ की 'बेशर्मी' करार देते हुए निंदा की और कहा कि तीन रूसी मिग-31 लड़ाकू विमान बिना अनुमति के एस्टोनियाई हवाई क्षेत्र में घुस आए और फिनलैंड की खाड़ी के ऊपर कुल 12 मिनट तक वहां रहे। इस घटना से नाराज़ एस्टोनिया ने रूसी युद्धक विमानों द्वारा अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के बाद अन्य नाटो सदस्यों से परामर्श का अनुरोध किया है। नाटो के एक प्रवक्ता ने कहा कि सैन्य गठबंधन ने 'तुरंत प्रतिक्रिया दी और रूसी विमान को रोक लिया', इसे 'रूस के लापरवाह व्यवहार और नाटो की प्रतिक्रिया देने की क्षमता का एक और उदाहरण' बताया।

## यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष ने की मोदी की तारीफ

**वाशिंगटन।** राजनीतिक विज्ञानी और यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष इयान ब्रेमर ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद मई में भारत-पाकिस्तान तनाव बढ़ाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्यस्थता के दावों को सार्वजनिक तौर से खारिज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है।

एक साक्षात्कार के दौरान ब्रेमर ने इसे अन्य वैश्विक नेताओं की चुप्पी के उलट पीएम मोदी का साहसिक कदम करार दिया। ब्रेमर ने कहा कि ट्रम्प का रवैया था, मैं ताकतवर हूं, राष्ट्रपति हूं, मेरी बात माननी होगी, लेकिन मोदी ने, चीन और रूस की तरह उनका सामना किया। पीएम मोदी ने साफ कहा कि अमेरिका की इसमें कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने यह कहकर ट्रम्प को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर शर्मिंदा किया। ब्रेमर के मुताबिक, मोदी

■ **इयान ब्रेमर बोले: अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को किया शर्मिंदा**

■ **अमेरिका-पाक रिश्तों में अनैतिक कारोबार की गंध**

का यह फैसला सोचा-समझा था। इससे उन्हें घरेलू राजनीति में मजबूती मिली और उनकी अमेरिका से अलग स्वतंत्र छवि भी दिखी, जो अमेरिका के अधिकतर सहयोगी देशों में नहीं दिखती। उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का उदाहरण देते हुए कहा कि स्टार्मर ने ट्रम्प की नीतियों को नापसंद करने के बावजूद उन्हें खुश करने की कोशिश की ताकि बेहतर समझौते मिल सकें। वहीं अधिकतर नेता ट्रम्प की तारीफों के पुल बांधते रहे, लेकिन मोदी ने उन्हें सबके सामने चुनौती दी और घरेलू स्तर पर फायदा उठाया।

## यूरोप के तीन बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक

**लंदन।** यूरोप के तीन बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक हुआ है। इनमें लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट, जर्मनी का बर्लिन एयरपोर्ट और बेल्जियम का ब्रसेल्स एयरपोर्ट शामिल है।

साइबर अटैक के चलते शनिवार को इन एयरपोर्ट्स पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप हो गए। इसकी वजह से कई उड़ानों में देरी हुई। साथ ही कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल भी करना पड़ा है। चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप होने से यात्रियों को मैन्युअल तरीके से चेक-इन करना पड़ रहा है। इसकी वजह से फ्लाइट शेडयूल पर असर पड़ा है। शनिवार दोपहर तक हीथ्रो एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 140 से ज्यादा उड़ानें लेट हुईं।

■ **चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप, मैन्युअल चेकइन कराया गया, कई फ्लाइट लेट, रद्द हुईं**

ब्रसेल्स में 100 से ज्यादा और बर्लिन में 60 से ज्यादा फ्लाइट्स पर इसका असर पड़ा है। ब्रसेल्स एयरपोर्ट के अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार रात को एयरपोर्ट के चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम से जुड़ी सर्विस प्रोवाइडर कंपनी पर साइबर अटैक हुआ। हीथ्रो यूरोप का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट है। कई फ्लाइट्स कैंसिल भी करनी पड़ीं। हैकर्स ने कालिन्स एयरोस्पेस कंपनी के सिस्टम को निशाना बनाया है। यह कंपनी इन एयरपोर्ट पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम की सुविधा देती है।

## हांगकांग में द्वितीय विश्व युद्ध का बम निष्क्रिय किया

**हांगकांग सिटी।** हांगकांग पुलिस ने शनिवार सुबह पूर्वी जिले में एक निर्माण स्थल पर मिले द्वितीय विश्व युद्ध के बम को निष्क्रिय कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माण स्थल और उसके आसपास का इलाका अब सुरक्षित है और खाली कराए गए निवासी वापस लौट सकते हैं। सभी बंद सड़कों को फिर से खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि 1.5 मीटर लंबे और लगभग 1000 पाउंड वज़नी इस हवाई बम को निष्क्रिय करने के लिए, पुलिस ने शुक्रवार रात 11 बजे तक आसपास की इमारतों से लगभग 6000 लोगों को निकाला था। उनमें से कुछ ने देखभाल टीमों और जिला परिषद सदस्यों की सहायता से सामुदायिक केंद्रों में रात बिताई।

## जैश-हिजबुल के आतंकी अब खैबर ठिकाने बना रहे

### दावा: ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीओके छोड़ रहे, इसमें पाकिस्तान सरकार मदद कर रही

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमलों से आतंकी डर गए हैं। अब जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन खैबर पख्तूनख्वा में अपने नए ठिकाने बना रहे हैं।

भारतीय डिफेंस और मिलिट्री के सूत्रों ने बताया कि आतंकी ग्रुप्स पीओके को अब भारतीय हमलों के कारण असुरक्षित मानते हैं। इसलिए, अफगानिस्तान से सटे खैबर पख्तूनख्वा की पहाड़ी इलाके उनके लिए सुरक्षित ठिकाना बन गए हैं। सूत्रों ने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान की सरकारी संस्थाएं आतंकियों को पीओके से खैबर शिफ्ट होने में मदद कर रही है। हाल ही में पाकिस्तान में कुछ जगहों पर पुलिस सुरक्षा में जैश-ए-मोहम्मद ने सभाएं भी की थीं, जिसे जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई) जैसे



■ **पाकिस्तान की सरकारी संस्थाएं आतंकियों को पीओके से खैबर शिफ्ट होने में मदद कर रही है**

राजनीतिक-धार्मिक संगठनों का भी समर्थन था। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत भारत ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद सहित पाकिस्तान के 7 शहरों में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के इन 7 शहरों में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। खैबर में भारत-पाकिस्तान मैच से जैश ने भर्ती अभियान चलाया सूत्रों ने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम 14 सितम्बर को खैबर पख्तूनख्वा के मनसेहरा जिले के गढ़ी हबीबुल्लाह कस्बे में हुआ। यहां जैश ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच शुरू होने से लगभग सात घंटे पहले एक धार्मिक कार्यक्रम के नाम पर भर्ती अभियान चलाया। यह कार्यक्रम खैबर और कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के सीनियर कमांडर मोलाना मुफ्ती मसूद इलियास कश्मीरी उर्फ अबू मोहम्मद की मौजूदगी में किया गया था। कार्यक्रम का नेतृत्व जैश-ए-मोहम्मद और जमात-उद-दावा ने किया था।



## रामलीला में पूनम पांडे बनेगी मंदोदरी

**नई दिल्ली।** जानीमानी अभिनेत्री पूनम पांडे लव कुश रामलीला में महाबली रावण की पत्नी मंदोदरी का दमदार किरदार निभाएंगी। लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया, जब हमने मंदोदरी की भूमिका के लिए पूनम पांडे से संपर्क किया तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी। पूनम पांडे ने कहा कि यह उनके जीवन का सपना है जो प्रभु श्रीराम की कृपा से पूरा हुआ है। लाइव मंचन में हजारों दर्शकों के सामने मंदोदरी को साकार करना चुनौतीपूर्ण है।

इसलिए वह अभी से गहन रिहर्सल कर रही हैं। पूनम पांडे ने कर्मा द जर्नी, जीएसटी: गलती से सिर्फ़, जैसी फिल्मों और टीवी धारावाहिक सीआईडी में अपनी पहचान बनाई है। मंच पर वह प्रसिद्ध अभिनेता आर्य बब्बर के साथ नज़र आएंगी, जो इस वर्ष रावण की भूमिका निभा रहे हैं।

## रजनीकांत के 50 सुनहरे साल: प्राइम वीडियो ने दिया यादगार नजराना



**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के शानदार 50 साल के सिनेमाई सफर का जश्न मनाते हुए एक बेहद खास ट्रिब्यूट वीडियो जारी किया है। यह वीडियो रजनीकांत की तमिल एक्शन थ्रिलर कुली के लॉन्च के साथ आया है। इस खास वीडियो में डायरेक्टर लो. केश कनगराज और म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध भी नजर आ रहे हैं, जिन्होंने रजनीकांत के इस ऐतिहासिक सफर को और यादगार बना दिया है।

वीडियो में रजनीकांत के आइकॉनिक स्टाइल, उनके बेमिसाल ऑन-स्क्रीन प्रेज़ेंस और पीढ़ियों से चले आ रहे उनके फैंस के साथ गहरे कनेक्शन को खूबसूरती से दिखाया गया है। जश्न और वीडियो को और खास बनाने के लिए, प्राइम वीडियो ने चेन्नई भर में एक हाई-इम्पैक्ट बिलबोर्ड कैंपेन भी शुरू किया है। इसमें रजनीकांत के सबसे मशहूर पंचलाइनों को नए अंदाज़ में पेश किया गया है, जो उनके फैंस की तरफ़ से इस लीजेंड को एक अनोखा ट्रिब्यूट है। चेन्नई की सड़कों पर लगे यह बिलबोर्ड पूरे शहर को एक लिविंग कैनवास में बदल देते हैं, जहां हर कोना रजनीकांत के शानदार करियर और उनकी विरासत का जश्न मनाता दिखाई देता है।

कुली अब तमिल में स्ट्रीम हो रही है, साथ ही इसका डब्ड वर्ज़न तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी प्राइम वीडियो पर भारत और दुनिया के 240 से ज्यादा देशों व इलाकों में उपलब्ध है। यह फिल्म एक जबरदस्त एक्शन थ्रिलर का अनुभव देती है। जिसमें न्याय, वफादारी और हाई-ऑक्टेन ड्रामा का तड़का है, जो दर्शकों को सीट से बांधे रखता है। रिलीज के बाद से ही कुली दुनिया भर में ट्रेंड कर रही है और 20 से ज्यादा देशों, जिनमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, हांगकांग, यूएई शामिल हैं, वहां टॉप 10 मूवीज़ की लिस्ट में जगह बना चुकी है।

# शाहरुख खान की किंग पर सबकी नजर

### दीपिका पादुकोण ने पौलेंड में शुरू की शूटिंग

### किंग में अक्षय ओबेरॉय की हो सकती है एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग की शूटिंग की शुरू कर दी है। दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाला नोट लिखते हुए, शाहरुख खान के साथ अपनी अगली फिल्म किंग की शूटिंग शुरू करने की बात साझा की है। फिल्म किंग दीपिका और शाहरुख की छठी फिल्म है। इससे पहले दोनों कई फिल्मों में साथ नजर आ चुके हैं, जिसकी शुरुआत वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म ओम शांति ओम से हुई थी, जो दीपिका का डेब्यू भी था। दीपिका ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया। दीपिका ने ओम शांति ओम की शूटिंग को याद करते हुए बताया कि शाहरुख ने उन्हें एक सीख सिखाई थी, जिसे वह अब तक लिए गए हर फैसले में अपनाती आ रही हैं। शाहरुख और दीपिका ने वर्ष 2013 में रोमांटिक कॉमेडी चेन्नई एक्सप्रेस, वर्ष 2014 में हैप्पी न्यू ईयर और वर्ष 2023 में रिलीज हुई फिल्म पठान में भी साथ काम किया था। उनकी जोड़ी की आखिरी फिल्म जवान (2023) थी।

उधर, अभिनेता अक्षय ओबेरॉय, शाहरुख खान की आने वाली फिल्म किंग में काम करते नजर आ सकते हैं। अक्षय ओबेरॉय ने सोशल मीडिया पर यह शेयर करके इंटरनेट पर हलचल मचा दी कि वह पोलैंड के लिए रवाना हो रहे हैं। सबका ध्यान इस बात पर गया कि शाहरुख खान की बहुचर्चित फिल्म किंग की शूटिंग भी इस समय पोलैंड में हो रही है। हालांकि अक्षय की तरफ़ से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन समय और जगह के मेल ने फैन्स को उत्साहित और जिज्ञासु बना दिया है। फैन्स ने तुरंत कयास लगाने शुरू कर दिए कि अक्षय शायद इस बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर की स्टार कास्ट का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इन अटकलों को और मज़बूती देता है अक्षय का किंग के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ पुराना रिश्ता। दोनों पहले फ़ाइटर और फ्लेश जैसी प्रोजेक्ट्स पर साथ काम कर चुके हैं और उनकी अच्छी ट्यूनिंग से ये संभावना और बढ़ जाती है कि अक्षय को किंग के लिए लिया जा सकता है। फिलहाल, फैन्स को इंतज़ार करना होगा कि क्या अक्षय ओबेरॉय सच में शाहरुख खान के इस बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनते हैं या नहीं।


## प्रियंका को मिला सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट अवार्ड

**यशोदा श्रीवास्तव**

पिछले दिनों अयोध्या में आयोजित पूर्वांचल ब्यूटी अवार्ड शो में सेलिब्रेटी मेकप आर्टिस्ट अवार्ड से सम्मानित प्रियंका जायसवाल ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभाएं केवल शहरों और कुछ परंपरागत घरानों से ही नहीं निखरती। छोटे से कस्बे बृजमनगंज की बहु प्रियंका जायसवाल ने सिलेब्रिटी मेकप की दुनिया में मुकाम हासिल कर न केवल बृजमनगंज बल्कि जनपद महराजगंज (उत्तर प्रदेश) का मान बढ़ाया है। प्रियंका जायसवाल के खाते में मेकप एचीवमेंट का ढेर सारा अवार्ड है। वे इसका कभी गुमान नहीं की। वे सुर्खियों में अयोध्या के होटल कोहिनूर में आयोजित बड़े ब्यूटी अवार्ड शो में परिधि शर्मा के हाथों मिले अवार्ड के बाद आईं। परिधि शर्मा मशहूर टीवी आर्टिस्ट हैं। टीवी सीरियल जोधा अकबर में वे जोधा की भूमिका में थीं। प्रियंका जायसवाल को अपने हाथों अवार्ड देते वक्त उन्होंने कहा कि वे जानती हैं कि ब्यूटीशियन कितनी मेहनत से इस मुकाम तक पहुंचती हैं। जोधा के रूप में मेरी कामयाब रोल के पीछे प्रियंका जैसी ही मेहनती और अपनी कला में पारंगत कोई ब्यूटीशियन ही हैं जिसने अपनी मेकप आर्ट के हुनर से मुझे जोधा के रूप में प्रस्तुत किया। प्रियंका जायसवाल अब एक कामयाब सेलीब्रिटी मेकप आर्टिस्ट हैं। गोरखपुर की रहने वाली प्रियंका को यह हुनर उनकी मां से हासिल हुआ जो एक ब्यूटीशियन थीं। अब वे अपने ससुराल बृजमनगंज में रह रही हैं। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के इस छोटे कस्बे में उनका एक शानदार मेकप स्टूडियो है जहां वे बच्चियों को ट्रेनिंग भी देती हैं। वे अपनी कामयाबी के पीछे पति गौरव जायसवाल और अपने सास ससुर को देती हैं। कहती हैं कि मां से मिला यह हुनर फ्लॉप हो जाता यदि ससुराल में प्रोत्साहन न मिलता। उनका यह भी मानना है कि प्रतिभाओं को यदि सहारा न मिले तो वे जहां तहां धरी रह जाती हैं।



हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब से सम्मानित होती प्रियंका।



अपूर्व लाखिया ने सलमान के साथ बातचीत की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, 45 दिन पूरे हुए। उन्होंने शूटिंग लोकेशन से भी कई तस्वीरें शेयर की। बैटल ऑफ गलवान में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में हैं।



# सलमान ने पूरी की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

> यह फिल्म 2020 की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई भयानक लड़ाई के समय में फिर से लेकर जाती है। उस समय सीमा पर हुआ यह एक दुर्लभ संघर्ष था, जिसमें सैनिकों ने बिना किसी हथियार के लड़ाई लड़ते हुए जान गंवाई थी।

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग सिर्फ 45 दिनों में पूरी कर ली है। अपूर्व लखिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2020 की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई भयानक लड़ाई के समय में फिर से लेकर जाती है।

उस समय सीमा पर हुआ यह एक दुर्लभ संघर्ष था, जिसमें सैनिकों ने बिना किसी हथियार के लड़ाई लड़ते हुए जान गंवाई थी। सैनिकों ने लाठी और पत्थरों से आमने-सामने की लड़ाई लड़ी थी, जिससे यह हाल के भारतीय इतिहास की सबसे ज्यादा भावनात्मक कहानियों में से एक बनकर सामने आई। अपनी दमदार कहानी और कमाल की स्टार कास्ट के साथ बैटल ऑफ गलवान हाल के सालों में भारतीय सेना को समर्पित सबसे असरदार सिनेमाई श्रद्धंजलि बनने जा रही है।

सलमान खान ने फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग 45 दिनों के शेड्यूल में अच्छी तरह से पूरी कर ली है। ऐसे में निर्देशक अपूर्व लाखिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट के कुछ खास पर्दे के पीछे के लम्हों को साझा किया है। अपूर्व ने सलमान के साथ बातचीत की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, 45 दिन पूरे हुए। उन्होंने शूटिंग लोकेशन से भी कई तस्वीरें शेयर की। बैटल ऑफ गलवान में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में हैं।

# होमबाउंड ने आस्कर में बनाई जगह



**मुंबई।** युवा अभिनेता विशाल जेठवा अपनी फिल्म होमबाउंड को 98वें अकादमी अवॉड्र्स ऑस्कर में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुने जाने को लेकर बेहद खुश हैं। विशाल जेठवा ने कहा, यह पल मेरे लिए बिल्कुल अविश्वसनीय है। यह वही खबर है जिसका हर अभिनेता एक दिन सपना देखता है। यह जानकर कि होमबाउंड दुनिया के सबसे बड़े सिनेमा मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है, मेरे लिए मेरी फिल्मी यात्रा की शुरुआत से परे एक अनुभव है।

मैं निर्देशक नीरज घेवन का बेहद आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे ऐसा रोल दिया जिसने मुझे न केवल बतौर कलाकार बल्कि बतौर इंसान भी बदल दिया। ईशान खट्टर और जान्हवी कपूर के साथ काम करना भी खास रहा -वे सिर्फ सह-अभिनेता नहीं बल्कि सहयोगी साथी थे, जिन्होंने हर सीन को अपनी ऊर्जा और उदारता से बेहतर बनाया।

विशाल ने कहा, यह सम्मान सिर्फ मेरे लिए एक उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरी टीम की मेहनत, जुनून और भारतीय कहानियों की ताकत का प्रमाण है। मुझे गर्व है कि मैं ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो हमारी संस्कृति और दिल को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले जाती है। इतने शानदार कलाकारों के साथ खड़े होकर और अपने देश का नाम दुनिया के सामने रोशन करना बहुत विनम्र और प्रेरणादायक अनुभव है और मैं आगे के सफर के लिए उत्साह और आभार से भरा हूं। नीरज घेवन के निर्देशन में बनी होमबाउंड को पहले ही अंत. रराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में अपनी संवेदनशील कहानी और शानदार अभिनय के लिए सराहना मिल चुकी है।

यह फिल्म दो बचपन के दोस्तों की कहानी है, जो एक उत्तर भारतीय गांव से पुलिस की नौकरी पाने का सपना देखते हैं, लेकिन जैसे-जैसे वे अपने लक्ष्य के करीब आते हैं, लालच और निजी टकराव उनकी दोस्ती की परीक्षा लेने लगते हैं। धर्मा प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित होमबाउंड अब अपने ऑस्कर अभियान की शुरुआत कर रही है, जिसका उद्देश्य भारत को एक और ऐतिहासिक जीत के करीब लाना है। ईशान खट्टर, जान्हवी कपूर और विशाल जेठवा अभिनीत यह फिल्म 26 सितम्बर को सिनेमाघरों में रिलीजज होगी।

WALK IN INTERVIEW
Required: Staff For D.El.Ed.(B.T.C.)
Principal / H.O.D - 01
Lecturer For: Hindi, English, Sanskrit, Maths, Science, Urdu, Foundation, Phy. Edu., Music & fine Arts, Social Science.
Qualification and Salary:
As per NCTE Regulation 2014/ SCERT U.P./U.P. Govt. Norms
Appear for Interview on 29/09/2025 at 10:00 AM with Resume & Original Document with Colour Photograph in the Department of D.El.Ed.(B.T.C.).
ISLAMIA DEGREE COLLEGE DEOBAND
Email: idcdeoband@gmail.com
Mob: 9045143298, 8755525452
Add: Near Indra Park, Deoband, Saharanpur (247554)

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108